आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 178 | उज्जैन, सोमवार 13 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण 14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## पहाड़ों पर कुदरत का कहर: उत्तराखंड में 91 सड़कें बंद

### तीनों राज्यों के स्थानीय प्रशासनों ने भारी बारिश वाले क्षेत्रों में भूस्खलन, जलभराव, फिसलन भरी सड़कों प्रति आगाह किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मौसम विभाग और तीनों राज्यों के स्थानीय प्रशासनों ने भारी बारिश वाले क्षेत्रों में भूस्खलन, जलभराव, फिसलन भरी सड़कों और कम दृश्यता के प्रति आगाह किया है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर (घाटी) में भारी बारिश, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है।



नदियां उफान पर हैं, मुख्य हाईवे से लेकर सैकड़ों लिंक रोड बंद हैं और लोग लगातार मलबे व भूस्खलन के डर के साये में जीने को मजबूर हैं। बिगड़ते हालातों को देखते हुए मौसम विभाग और स्थानीय प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। दक्षिण कश्मीर में प्रकृति का रौद्र रूप देखने को मिला है, जहां दो अलग-अलग प्रसिद्ध इलाकों में अचानक बादल फटने से नदी-नालों में भयंकर सैलाब आ गया। उत्तराखंड में भूस्खलन के कारण संपर्क मार्ग पूरी तरह टूट चुके हैं। राज्य में एक राष्ट्रीय राजमार्ग और दो स्टेट हाईवे समेत कुल 91 मुख्य मार्ग बंद हैं, जिससे आवाजाही ठप हो गई है।

## देश विदेश

### प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे से पहले ट्रेन में खालिस्तानी नारे

**जालंधर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे से पहले फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशन का एक वीडियो सामने आया है। यह वीडियो प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन सिख फॉर जस्टिस ने जारी किया है। वीडियो में दिल्ली जाने वाली एक ट्रेन के डिब्बों पर 'खालिस्तान जिंदाबाद' और 'मोदी मुर्दाबाद' जैसे नारे लिखे दिखाई दे रहे हैं। एसएफजे के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वीडियो जारी कर पंजाब में आतंकवाद के दौर के मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा की विरासत का जिक्र करते हुए कथित एनकाउंटर मामलों को उठाया। जसवंत सिंह खालड़ा पर ही दिलजीत दोसांझ की फिल्म सतलुज बनी थी, जिसे रिलीज होने के दूसरे दिन ही ओटीटी से हटा दिया गया था और अब पूरी तरह से बैन कर दिया गया है।

### नेपाल में जेन-जी प्रदर्शन, तीन ने किया आत्मदाह का प्रयास, 2 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में युवाओं की बढ़ती नाराजगी फिर से सड़कों पर दिखाई देने लगी है। पिछले तीन दिनों में तीन युवाओं ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया। इनमें से दो की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से झुलसा हुआ अस्पताल में भर्ती है। प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह बालेन के इस्तीफे की मांग तेज हो गई है। राजधानी काठमांडू में युवा प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने सरकार पर युवाओं में उम्मीद और भरोसा जगाने में विफल रहने का आरोप लगाया है। जेन-जी नेपाल संगठन ने प्रधानमंत्री बालेन शाह पर जनविरोधी और निरंकुश तरीके से शासन चलाने का आरोप लगाया है। संगठन का कहना है कि बजट व नीतियों में युवाओं के रोजगार और आय बढ़ाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

### राममंदिर के चंदा चोरों को फांसी जरूर मिलेगी : केजरीवाल

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि चंदा चोरों को फांसी की सजा जरूर मिलेगी। भाजपा ने भगवान राम के नाम पर वोट मांगकर केंद्र और 21 राज्यों में सरकार बनाई। बदले में प्रभु श्रीराम के साथ विश्वासघात किया। इधर, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने कहा, राम जन्मभूमि आंदोलन और मंदिर निर्माण में चंपत राय का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कोई चोरी नहीं की। राम मंदिर ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन की टीम 22 जुलाई के बाद कमान संभाल सकती है। इस पर मंथन चल रहा है। पुलिस आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और सुभाष श्रीवास्तव को रिमांड पर ले सकती है।

### सोनू मिश्रा ने मेकर्स का लीगल नोटिस फाड़ा



**मुंबई।** एक्टर सोनू मिश्रा ने फिल्म 'काला हिरण' के मेकर्स की तरफ से मिले लीगल नोटिस को फाड़ दिया और कहा कि वह डरने वाले नहीं हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड कर सोनू ने कहा, 'पिछले कुछ दिनों से 'काला हिरण' मूवी की कंट्रोवर्सी चल रही है और आप सबने मेरा नाम नेशनल और इंटरनेशनल मीडिया में देखा होगा, सुना होगा। मैंने मीडिया में सच बोला था और उस सच बोलने की वजह से 'काला हिरण' मूवी के प्रोड्यूसर अमित जानी ने मुझे एक लीगल नोटिस भेजा है। क्यों भाई साहब सच बोलना क्राइम है क्या? बताइए मुझे और जो लिखित धमकी आपने लीगल नोटिस के नाम पर दी है, उसे इंडियन पीनल कोड के सेक्शन 351 के तहत इसको क्रिमिनल इंटिमिडेशन कहा जाता है। मतलब लीगल नोटिस के नाम पर आप रिटन थ्रेट दे दो, मतलब इलीगल धमकी बोल सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा, आपको बता दूं मैं इस गीदड़ धमकी से डरने वाला नहीं हूं। हनुमान जी का भक्त हूं मैं। छोटे से गांव से निकलकर मुंबई तक का सफर किया है।

### राजस्थान में स्कूल के पास तालाब में डूबे चार भाई-बहनों की मौत

**डूंगरपुर।** राजस्थान के डूंगरपुर के बड़ी गांव में वात्रक तालाब में नहाने पहुंचे 4 बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इनमें 3 सगे भाई-बहन और एक उनकी फुफेरी बहन है। वहीं, 2 बच्चों को ग्रामीणों ने बचा लिया। सभी एक ही गांव और परिवार के थे। घटना रविवार सुबह 10 बजे की है। इस घटना से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। धम्बोला थाना पुलिस के अनुसार 6 बच्चे स्कूल के बाद बने तालाब में नहाते समय गहराई में चले गए थे। हादसे में बड़ी गांव के रहने वाले बाबूसिंह डामोर की बड़ी बेटी हिना (24), बेटा प्रतीक (20), छोटी बेटी इशिता (15) की मौत हो गई। बच्चों की फुफेरी बहन रौनक (20) पुत्री गौतम भाई परमार निवासी पालनपुर ने भी दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने राजवीर पुत्र कोहरा डामोर, जयसिंह पुत्र सुरेश डामोर को बचा लिया।

### डिलीवरी के बहाने घर में घुसकर महिला से की अश्लील हरकत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाने वाला मामला सामने आया है। शहर के मुन्नेकोलाला इलाके स्थित एक अपार्टमेंट में डिलीवरी देने पहुंचे एक डिलीवरी एग्जीक्यूटिव पर महिला के साथ कथित तौर पर अश्लील हरकत करने और अभद्र इशारे करने का आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर मराठाहल्ली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान 22 वर्षीय विजय मल्लिकार्जुन कामत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, शनिवार शाम आरोपी डिलीवरी एग्जीक्यूटिव ऑर्डर लेकर महिला के फ्लैट पर पहुंचा। इस दौरान उसने बाथरूम इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी। महिला का आरोप है कि बाथरूम से बाहर आने के बाद आरोपी ने उसके सामने अश्लील इशारे किए और अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया।

---

केन-बेतवा परियोजना के विरोध में नदी किनारे चल रहा आंदोलन

## आदिवासी महिलाओं का फांसी सत्याग्रह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ छतरपुर

छतरपुर में मध्यप्रदेश की महत्वाकांक्षी 44,605 करोड़ रुपये की केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के विरोध में नए तरीके से आंदोलन शुरू हो गया है। प्रभावित आदिवासी महिलाओं ने आंदोलन को नया रूप देते हुए प्रतीकात्मक 'फांसी सत्याग्रह' शुरू कर दिया है।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने गले में फांसी का फंदा डालकर सरकार से मांग की कि यदि उन्हें उचित पुनर्वास और न्याय नहीं मिल सकता, तो इच्छामृत्यु की अनुमति दी जाए। कूपी गांव के पास बराना नदी किनारे चल रहा इस आंदोलन का आज 10वां दिन है। इससे पहले परियोजना प्रभावित परिवार जल सत्याग्रह और चिता सत्याग्रह भी कर चुके हैं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमित भटनागर पिछले पांच दिनों से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। उनका आरोप है कि प्रशासन ने अप्रैल में किए गए आश्वासन अब तक पूरे नहीं किए हैं।



### विस्थापन, आजीविका और पहचान खोने का आरोप

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि परियोजना के कारण हजारों परिवारों की जमीन, जंगल, जल स्रोत, आजीविका और सांस्कृतिक पहचान छिन गई है। उनका आरोप है कि कई परिवारों को अवैध रूप से बेदखल किया गया, झूठे मुकदमे दर्ज किए गए और बिजली कनेक्शन तक काट दिए गए। साथ ही परियोजना प्रभावितों की सूची तैयार करने में भी अनियमितताएं बरती गईं। उनका दावा है कि मैनारी गांव के 114 लोगों के नाम अब भी सूची में शामिल नहीं किए गए हैं।

**मांगों पर हो रहा काम-** छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने कहा कि अधिकारियों की प्रदर्शनकारियों से लगातार बातचीत चल रही है। उनके अनुसार अप्रैल में उठाई गई अधिकांश मांगों पर कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने हाल ही में राहत एवं पुनर्वास पैकेज में वृद्धि को मंजूरी दी है, लेकिन अब प्रदर्शनकारी इससे अधिक मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### मुंबई के ताज होटल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के दक्षिण इलाके कोलाबा में स्थित प्रतिष्ठित ताज महल पैलेस होटल में रविवार, 12 जुलाई 2026 को उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रबंधन को होटल परिसर में बम होने की धमकी भरा एक फोन कॉल प्राप्त हुआ। इस संवेदनशील सूचना के मिलते ही मुंबई पुलिस, आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) और अन्य केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हाई-अलर्ट पर आ गईं। एहतियात के तौर पर होटल के मेहमानों, स्टाफ और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे परिसर को घेरकर एक सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, धमकी देने वाले अज्ञात कॉलर को ट्रेस करने के लिए तकनीकी विंग ने भी समानांतर जांच शुरू कर दी है।

जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे

### सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ी, 7.8 किलो वजन घटा



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध स्थल पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे शिक्षाविद् और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति रविवार को और बिगड़ गई। डॉक्टरों ने बताया कि उनका ब्लड प्रेशर लॉ हो रहा है और भूख हड़ताल शुरू करने के बाद अब तक उनका 7.8 किलोग्राम वजन कम हो चुका है। सीजेपी संस्थापक अभिषेक दिपके द्वारा शेयर किए गए वीडियो में वांगचुक बेहद कमजोर नजर आए। प्रदर्शन स्थल पर कई नेता और बौद्धिक वर्ग के लोग एकजुटता जताने पहुंचने वाले हैं।

### बीएसएनएल ने बिना नेटवर्क के चलने वाला फोन लॉन्च किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने देश में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए बिना मोबाइल नेटवर्क के भी सीधे सैटेलाइट से जुड़कर काम करने वाला एक बेहद खास फोन लॉन्च किया है। यह फोन उन सुदूर इलाकों, जंगलों, पहाड़ों या आपदा प्रभावित क्षेत्रों में भी पूरी तरह काम करेगा, जहां किसी भी कंपनी का सामान्य मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं होता है।

इस फोन के जरिए सीधे अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट्स की मदद से वॉयस कॉलिंग और मैसेजिंग की जा सकती है। अगर आप इस हाई-टेक सैटेलाइट फोन को खरीदना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको परमिशन के साथ एक बड़ी रकम खर्च करनी होगी। बीएसएनएल द्वारा लॉन्च किए गए इस नए सैटेलाइट फोन की कुल कीमत टैक्स सहित 1,34,166 यानी लगभग डेढ़ लाख तय की गई है। इसके अलावा इसके कॉलिंग और मैसेजिंग पैक्स के लिए भी सामान्य मोबाइल रीचार्ज के मुकाबले अलग और अधिक शुल्क देना होता है, क्योंकि इसकी कनेक्टिविटी सीधे अंतरिक्ष के उपग्रहों से होती है।

## परंपरागत मार्ग से ही निकलेगी महाकालेश्वर की 6 सवारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारी इस वर्ष भी परंपरागत मार्ग से ही निकलेंगी। सवारी मार्ग में चौड़ीकरण एवं विकास कार्य इसमें बाधक नहीं रहेंगे। इस वर्ष प्रति सोमवार 3 अगस्त से 7 सितंबर के दौरान 6 सवारियां निकाली जाएंगी। इसे लेकर रविवार को मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया है।

श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारियों के क्रम में प्रथम सवारी सोमवार 3 अगस्त 2026, द्वितीय सवारी सोमवार 10 अगस्त 2026, तृतीय सवारी सोमवार 17 अगस्त 2026, चतुर्थ सवारी सोमवार 24 अगस्त 2026 को श्रावण मास में निकाली जायेगी। इसी तरह भादौ मास में पंचम सवारी सोमवार 31 अगस्त 2026 तथा राजसी (शाही) सवारी सोमवार 7 सितम्बर 2026 को निकाली जायेगी।

श्रावण-भादौ मास में प्रतिदिन भगवान श्री महाकालेश्वर की भस्म आरती 30



फाइल फोटो

जुलाई 2026 से 7 सितम्बर 2026 तक प्रातःकालीन पट खुलने का समय प्रातः 3 बजे होगा। प्रत्येक सोमवार को पट का समय प्रातः 2.30 बजे होगा। भस्म आरती प्रतिदिन प्रातः 3 से 5 बजे तक और प्रत्येक सोमवार को 2.30 से 4.30 बजे तक होगी। इसी तरह 08 सितम्बर से पट खुलने का समय पूर्ववत होगा।

## ओमान के पास व्यापारी जहाज पर हमला

### 11 भारतीय सवार थे, 10 सुरक्षित, एक लापता, भारत ने हमले की निंदा की

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

ओमान तट के पास एक व्यापारी जहाज 'जीएफएस गैलेक्सी' पर हमला हुआ। भारत के विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इस जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे। इनमें से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय अब भी लापता है।

भारत ने हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मस्कट में भारतीय दूतावास ओमान सरकार के साथ मिलकर लापता भारतीय की तलाश और बचाव अभियान पर लगातार नजर रखे हुए है। भारत ने इस अभियान में सहयोग के लिए



ओमानी अधिकारियों का धन्यवाद भी दिया। भारत ने कहा कि क्षेत्र में व्यापारी जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना तुरंत बंद होना चाहिए। साथ ही तनाव कम करने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर बिना किसी बाधा के जहाजों की आवाजाही जल्द बहाल होनी चाहिए।

देश में फिर कोरोना वायरस : आंध्र प्रदेश में कोविड-19 के नए मामले

## 2 मरीजों की मौत के बाद हड़कम्प

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कडप्पा जिले में कोविड-19 के नए मामले सामने आने के बाद राज्य का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। पिछले कुछ हफ्तों में जिले के भीतर कोरोना वायरस के 8 सक्रिय मामलों की पुष्टि हुई है, जबकि संक्रमण के कारण 2 मरीजों की जान जा चुकी है। लगातार सामने आ रहे इन मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है और अस्पतालों को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

कडप्पा के राजमपेट इलाके में एक 52 वर्षीय व्यक्ति को तेज बुखार और खांसी के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें वेल्लोर के क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, एक अन्य मामले में कडप्पा के




ही रहने वाले 43 वर्षीय व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें स्थानीय सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया था। वह भी वायरस से संक्रमित पाए गए और उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके अलावा कडप्पा मेडिकल कॉलेज के एक 25 वर्षीय छात्र में भी संक्रमण की पुष्टि हुई है, जिसे फिलहाल होम आइसोलेशन में रखा गया है।

दो मौतों और नए मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। जिले के प्रभावित इलाकों में विशेष त्वरित प्रतिक्रिया दल तैनात किए गए हैं। इन टीमों ने संक्रमितों के संपर्क में आए लगभग 40 लोगों के सैंपल एकत्र किए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इनमें से 18 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है, जबकि शेष सैंपलों की जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### सरकार की ओर से सख्त दिशा-निर्देश जारी

आंध्र प्रदेश की जिला प्रभारी मंत्री सविता ने जिला कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से फोन पर स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बुखार, खांसी और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षणों वाले मरीजों की पहचान कर उन्हें आवश्यकतानुसार आइसोलेशन सुविधाओं में शिफ्ट किया जाए। प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता और सैनिटाइजेशन अभियान को भी तेज कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने राज्य भर के अस्पतालों को पर्याप्त बेड, दवाइयां और आइसोलेशन वार्ड तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, बल्कि सतर्कता बरतें। भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का उपयोग करने और लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी गई है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## अब सभी मामलों में एक सी कार्रवाई हो

हाल ही में नगर की संस्था के बडे यंत्री साहब के साथ होटल में जांच के लिए पहुंचने पर अभद्रता हुई थी। अधिकारियों को अवगत करवाकर बडे यंत्री साहब वर्दी केंद्र पहुंचे थे। वर्दी केंद्र ने भी तत्काल सुनवाई करते हुए आरोपी पर प्रकरण दर्ज किया था। घटना के दूसरे दिन यंत्रियों ने काली पट्टी बांधी और कलमबंद हड़ताल कर दी थी। मारपीट के इस मामले में वर्दी ने जमकर दबाव बनाया जिससे आरोपी को अंततः वर्दी केंद्र पहुंचना ही पड़ा। यंत्रियों एवं अधिकारियों के इस मामले में नगर की संस्था ने दम दिखाया और घटना के दूसरे ही दिन बड़ी टीम और संसाधन के साथ पहुंचकर होटल को सील कर दिया। नगर की संस्था की भवन वाली शाखा भी जाग गई और बकायदा निर्माण के कागज जादूई छड़ी की तरह सामने आ गए। अंततः आरोपी को जेल भिजवाया गया। इस मामले में नगर की संस्था का छोटा कर्मचारी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। कुछ दिनों पहले छोटे गैंग कर्मचारियों के साथ दूध तलाई क्षेत्र में भी ऐसा ही एक मामला हुआ था। घंटों संबंधित वर्दी केंद्र पर कर्मचारी बैठे रहे थे। उनकी सुनवाई करने वाला कोई नहीं था। कई बार अधिकारियों को फोन लगाने पर भी उन्हें कोई प्रश्रय की स्थिति स्पष्ट नहीं हुई थी। बमुश्किल कर्मचारी जब एकत्रित होने लगे तो उनकी फरियाद सूनी गई थी। इसमें भी क्रास प्रकरण के हालात निर्मित हुए हैं। नगर की संस्था के ही छोटे कर्मचारियों में दोनों ही मामलों पर खुसूर-फुसूर जारी है जिसमें दोनों में एक ही समान काम करने और उसके बाद भी छोटे कर्मचारियों को सुरक्षात्मक स्थिति नहीं मिलने पर सवाल उठ रहे हैं। छोटे कर्मचारियों का कहना है कि शहर में आवारा मवेशियों की समस्या निदान के लिए हम तो काम करते हैं और सीधे तौर पर ही मवेशी पालक हमें निशाना बनाते हैं ऐसे में हमें सुरक्षा नहीं मिलेगी तो समस्या का निदान कैसे होगा। अधिकारियों ने पूर्व में भी तबेले तोड़े और कार्रवाई की लेकिन फिर से इनका जमावड़ा हो गया। सीधे तोर पर पूरे मामले में छोटे कर्मचारियों की सुरक्षा पर प्रश्न खडा हो रहा है जबकि वे भी शासकीय कार्य को ही अंजाम देते हैं। उनके लिए कभी ऐसी कार्रवाई अंजाम नहीं दी जाती है उलट उन्हें कई मामलों में चूप करवाकर समझौता करने पर मजबूर किया जाता है।





## न्यूज कॉलम

### नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित

**उज्जैन।** ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू, गुणवत्तापूर्ण एवं सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित द्वारा उज्जैन संभाग में ग्रामीण नल-जल योजनाओं के संचालन, संधारण एवं प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित के प्रबंध संचालक के.वी.एस. चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सेवानिवृत्त मुख्य महाप्रबंधक पी. के. रघुवंशी तथा ग्रामीण जल नीति विशेषज्ञ प्रबल प्रताप सिंह ने भी अधिकारियों को नल-जल योजनाओं के प्रभावी संचालन, प्रबंधन, संधारण एवं दीर्घकालिक स्थायित्व से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उज्जैन, आगर, शाजापुर, देवास, रतलाम, मंदसौर एवं नीमच जिलों के कुल 150 वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर जिला एवं जनपद पंचायत स्तर के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, परियोजना अधिकारियों, सहायक परियोजना अधिकारियों, कार्यपालन यंत्रियों तथा सहायक यंत्रियों को नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण की नवीन कार्यप्रणालियों, भविष्य की कार्य योजनाओं तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संबोधन में प्रबंध संचालक के.वी.एस. चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार तक नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए योजनाओं का प्रभावी संचालन, समयबद्ध संधारण, तकनीकी दक्षता तथा सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

## ट्रेंडिंग




### मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष ने श्रावण-भादौ मास की सवारियों की तैयारियों को लेकर बैठक ली

# भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी का पहला क्रम 3 अगस्त से, राजसी सवारी 7 सितंबर को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वर्ष 2026 के श्रावण-भादौ मास में भगवान श्री महाकाल की कुल 6 सवारियां निकाली जायेगी। श्रावण मास की प्रथम सवारी आगामी 03 अगस्त 2026 को निकाली जायेगी। भादौ मास में भगवान महाकाल की अन्तिम राजसी (शाही) सवारी 07 सितम्बर 2026 को निकाली जायेगी। श्रावण मास में चार सवारियां एवं भादौ मास में दो सवारियां निकलेगी। श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंदिर परिसर स्थित ग्रीन रूम के पीछे सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारियों में श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था बेहतर और सुव्यवस्थित हो, श्रद्धालुओं को बेहतर और सुव्यवस्थित ढंग से भगवान महाकाल की सवारी के दर्शन हो सकें, ऐसा प्रयास किया जायेगा।

**राजसी (शाही) सवारी 7 सितम्बर को -** श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारियों के क्रम में प्रथम सवारी सोमवार 03 अगस्त 2026, द्वितीय सवारी सोमवार 10 अगस्त 2026, तृतीय सवारी सोमवार 17 अगस्त 2026, चतुर्थ सवारी सोमवार 24 अगस्त 2026 को श्रावण मास में निकाली जायेगी। इसी तरह भादौ मास में पंचम सवारी सोमवार 31 अगस्त 2026 तथा राजसी (शाही) सवारी सोमवार 07 सितम्बर 2026 को निकाली जायेगी।

**सामान्य दर्शन प्रवेश व्यवस्था-** सामान्य दर्शन व्यवस्था श्रावण-भादौ मास में त्रिवेणी संग्रहालय के समीप से नन्दी द्वार, श्री महाकाल महालोक, मानसरोवर भवन, फेसिलिटी सेन्टर-1, टनल मन्दिर परिसर, कार्तिक मण्डपम, गणेश मण्डपम से भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन दर्शनार्थी करेंगे। साथ ही नीलकंठ प्रवेश द्वार की ओर से आने वाले श्रद्धालु मानसरोवर भवन में प्रवेश कर फेसिलिटी सेन्टर-1 एवं टनल मन्दिर परिसर, कार्तिक मण्डपम, गणेश मण्डपम से दर्शन उपरांत (निर्माल्य द्वार) अथवा नवीन आपातकालीन निर्गम द्वार से सीधे बाहर के लिये प्रस्थान करेंगे। श्रद्धालुओं हेतु जल अर्पण की व्यवस्था श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप व कार्तिकेय मंडपम में जलपात्र के माध्यम से रहेगी।

- **ये रहेगा सवारी मार्ग-** इस बार चौडीकरण को लेकर सवारी मार्ग को लेकर असमंजस की स्थिति थी जिसे बैठक में दूर कर दिया गया है। सवारी अपने परंपरागत मार्ग से ही निकाली जाएगी। सवारी श्री महाकालेश्वर मन्दिर के सभा मण्डप में विधि-विधान से पूजन-अर्चन उपरांत अपने निर्धारित समय से प्रारम्भ होकर महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी से होते हुए रामघाट शिप्रा तट पहुंचेगी। यहां सवारी का पूजन-अर्चन होने के बाद सवारी रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती समाज मन्दिर, सत्यनारायण मन्दिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मन्दिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होती हुई श्री महाकालेश्वर मन्दिर में वापस आयेगी। राजसी (शाही) सवारी 7 सितम्बर को उपरोक्त मार्ग के अतिरिक्त टंकी चौराहा से मिर्जा नईमबेग, तेलीवाड़ा चौराहा, कण्ठाल, सतीगेट, सराफा, छत्री चौक, गोपाल मन्दिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा होते हुए श्री महाकालेश्वर मन्दिर पहुंचेगी।
- **पट खुलने के समय में परिवर्तन रहेगा-** श्रावण-भादौ मास में प्रतिदिन भगवान श्री महाकालेश्वर की भस्म आरती 30 जुलाई 2026 से 07 सितम्बर 2026 तक प्रातःकालीन पट खुलने का समय प्रातः 3 बजे होगा। प्रत्येक सोमवार को पट का समय प्रातः 2.30 बजे होगा। भस्म आरती प्रतिदिन प्रातः 3 से 5 बजे तक और प्रत्येक सोमवार को 2.30 से 4.30 बजे तक होगी। इसी तरह 8 सितम्बर से पट खुलने का समय पूर्ववत होगा।



### शीघ्र दर्शन प्रवेश गेट नम्बर 1 एवं 5 से

शीघ्र दर्शन व्यवस्था 01 - हरसिद्धि चौराहा से बैरिकेट के रास्ते - द्वार नंबर 05 - विश्रामधाम - सभा मण्डपम्- गणेश मण्डपम् से भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन करने के उपरांत निर्गम द्वार से सीधे बाहर की ओर प्रस्थान करेंगे। शीघ्र दर्शन व्यवस्था 02 - द्वार नंबर 01 विश्रामधाम - सभा मण्डपम् - गणेश मण्डपम् से भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन करने के उपरांत निर्गम द्वार से सीधे बाहर की ओर प्रस्थान करेंगे।

### जूता स्टैंड की व्यवस्था

- त्रिवेणी संग्रहालय के बाहर जूता स्टैंड
- श्री महाकाल महालोक प्लाजा के पास जूता स्टैंड
- विक्रम टीला के समीप जूता स्टैंड
- द्वार नंबर 01 पर जूता स्टैंड
- हरसिद्धि चौराहा के सम्मुख जूता स्टैंड
- मानसरोवर भवन के सम्मुख जूता स्टैंड
- नीलकण्ठ प्रवेश द्वार जूता स्टैंड

### पार्किंग की व्यवस्था

- श्री महाकालेश्वर अन्नक्षेत्र के समीप वाला रिक्त स्थान
- मेघदूत वन पार्किंग
- निलकंठ पार्किंग
- चारधाम पार्किंग
- कर्कराज पार्किंग
- कार्तिक मेला ग्राउण्ड पार्किंग

### कावड़ यात्रियों की व्यवस्था

श्रावण-भादौ मास के दौरान अत्यधिक संख्या में कावड़ यात्रियों का आगमन होना निर्धारित रहता है। उक्त आगंतुक कावड़ यात्रियों की जल अर्पण की व्यवस्था के लिए सप्ताह में 04 दिवस मंगलवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार की गई है। कावड़ यात्री दल को द्वार नंबर 01 एवं हरसिद्धि- चौराहा स्थित विशेष दर्शन मार्ग से प्रवेश दिया जावेगा। शनिवार, रविवार तथा सोमवार को श्रद्धालुओं की संख्या अत्यधिक होने के फलस्वरूप किसी भी कावड़ दल को अनुमति जारी नहीं की जावेगी।

सम्पूर्ण सवारी मार्ग पर सी.सी.टी.व्ही., पी.ए. सिस्टम, बैरिकेटिंग, सफाई व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, जल की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। सवारी के दौरान शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला प्रशासन से कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को पाबन्द किया जायेगा।

### ये भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

- तृतीय सवारी सावन सोमवार एवं श्री नागचंद्रेश्वर दर्शन एक ही दिन होने की स्थिति में उस दिन की व्यवस्थाएँ पृथक बैठक में निर्धारित की जाएंगी।
- पिछले वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सभी सवारियों में जनजातीय सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियाँ सम्मिलित की जाएंगी।
- प्रत्येक सवारी में पूर्वानुसार थीम निर्धारित की जाएगी जिसके अनुसार सवारी में झाँकियाँ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ सम्मिलित की जाएंगी।
- श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराने के उद्देश्य से प्रत्येक सवारी के साथ पाँच एलईडी रथ सम्मिलित किए जाएंगे।
- सभी आरतियों में कार्तिक मंडप की प्रथम तीन पंक्तियों से श्रद्धालुओं को चलित आरती दर्शन करवाए जाएंगे।
- सफाई सुरक्षा तथा भवनों की सुरक्षा के लिए नगर निगम द्वारा पर्याप्त संसाधनों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।
- सवारी मार्ग एवं सभी प्रमुख स्थलों पर कार्यपालक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।
- श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुविधा हेतु 15 चिन्हित स्थानों पर मेडिकल टीमें तैनात की जाएंगी। इसके अतिरिक्त 24.7 एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध रहेगी।
- निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी तथा विद्युत तारों एवं खंभों के आसपास आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएँ की जाएंगी।
- श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुचारु दर्शन व्यवस्था के लिए समय से पूर्व पर्याप्त मात्रा में बैरिकेडिंग उपलब्ध कराकर स्थापित की जाएगी।
- श्रावण महोत्सव, सांस्कृतिक संध्या सहित अन्य भव्य आयोजनों का भी आयोजन किया जाएगा।
- सवारी मार्ग के सभी प्रमुख एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन हेतु दिशा सूचक एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किए जाएंगे।

### बैठक में विचार मंथन

बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक, नगर पालिक निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट, डिप्टी कलेक्टर एवं उप प्रशासक पवन बरिया, एस.एन. सोनी, सिम्मी यादव सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 15 जुलाई तक टेंपल बॉन्ड जारी करने की प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य निर्धारित

# उज्जैन में टेंपल बॉन्ड से होगा मंदिरों का विकास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को गति देने और उज्जैन को देश-दुनिया के प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने एक ऐतिहासिक पहल की है। प्रदेश सरकार देश में पहली बार टेंपल बॉन्ड जारी कर उज्जैन एवं आगर-मालवा के 11 प्रमुख मंदिरों के विकास और आधुनिकीकरण के लिए करीब 1100 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना लागू करेगी। इस अभिनव वित्तीय मॉडल के तहत निवेशकों को मिलने वाला प्रतिफल और मूल राशि का भुगतान मंदिरों को प्राप्त होने वाले दान एवं अन्य आय से किया जाएगा। सरकार ने 15 जुलाई तक टेंपल बॉन्ड जारी करने की प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की पहली बैठक में इस परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में वित्त, ऊर्जा, नगर एवं ग्राम निवेश तथा जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। समिति ने परियोजना के वित्तीय ढांचे, निवेश मॉडल और विकास कार्यों के प्रारूप पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश सरकार के अनुसार, इस परियोजना के लिए तीन अलग-अलग माध्यमों से धन की व्यवस्था की जाएगी। पहले चरण में 10 वर्ष की अवधि वाले टेंपल बॉन्ड के माध्यम से 200 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार की अर्बन चैलेंज फंड योजना से 275 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे, जबकि शेष 625 करोड़ रुपये बैंकों से ऋण के रूप में लिए जाएंगे।

इस प्रकार कुल 1100 करोड़ रुपये की राशि से मंदिर परिसरों का समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सरकार का दावा है कि यह देश का पहला ऐसा वित्तीय मॉडल होगा, जिसमें मंदिरों के विकास के लिए आम निवेशकों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। बॉन्ड पर मिलने वाला प्रतिफल और मूलधन मंदिरों की दान राशि, धार्मिक गतिविधियों तथा अन्य आय के स्रोतों से चुकाया जाएगा। यदि यह मॉडल सफल रहता है तो भविष्य में देश के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी इसे लागू किया जा सकता है।

### उज्जैन के इन प्रमुख धार्मिक स्थलों का होगा कायाकल्प

परियोजना के तहत सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए उज्जैन के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का व्यापक विकास किया जाएगा। इनमें काल भैरव मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, सांदीपनि आश्रम, नवग्रह मंदिर, 84 महादेव मंदिर, अंगारेश्वर महादेव मंदिर, भूखी माता मंदिर, गढ़कालिका मंदिर और सिद्धवट शामिल हैं। इसके अलावा आगर-मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित विश्वप्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर का भी समग्र विकास किया जाएगा। इन मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विस्तार, सौंदर्यीकरण, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, घाट एवं परिसर विकास सहित विभिन्न कार्य किए जाएंगे।

## कल आषाढ़ मास की अमावस्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार, 14 जुलाई को आषाढ़ मास की अमावस्या है। इसे हलहारिणी अमावस्या कहते हैं। इसलिए यह पर्व किसानों के लिए बहुत खास है, क्योंकि इस दिन किसान अपने हल और अन्य कृषि उपकरणों (टूल्स) की पूजा करते हैं। पूजा के बाद नई फसल से जुड़े कामों की औपचारिक शुरूआत हो जाती है। कई किसान हल से खेत जोतने और बीज बोने की परंपरा भी निभाते हैं। अभी वर्षा ऋतु का समय है, इस ऋतु में आने वाली आषाढ़ी अमावस्या का दिन बीज बोने के लिए बहुत शुभ माना जाता है। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, आषाढ़ी अमावस्या पर पितरों के लिए पूजा-पाठ, ध्यान, पिंडदान और तर्पण आदि शुभ करना चाहिए। साथ ही, किसी सार्वजनिक जगह पर एक छायादार वृक्ष का पौधा भी लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। इस समय लगाए गए पौधों के पनपने की संभावनाएं काफी अधिक हैं, क्योंकि पौधों को बारिश की वजह से करीब 3-4 महीनों तक समय-समय पर जरूरी पानी मिल जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

- मुनि प्रणीत सागर महाराज का मंगल प्रवेश, पार्श्वनाथ पंचायती मंदिर से शांतिनाथ मंदिर तक निकला चल समारोह।
- कैसरबाग कॉलोनी में बांटे 101 पौधे, सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति ने लिया पौधे रोपने का संकल्प।
- क्षत्रिय मराठा समाज ने भगवान मल्हार की महाआरती कर जताया आभार।
- गुरुद्वारा सुख सागर में 'वाहेगुरु जाप लिखन भगती लहर', 50 बच्चों ने लिया भाग।
- बरसात में बादल आए, सारा जग हर्षाए : डॉ. श्रीकृष्ण जोशी।
- उज्जैन की बेटी देवांशी ने निशाना मारा गोल्ड पर राज्य स्पर्धा में 2000 हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

# शहर की दो तस्वीरें : एक ओर जाम, दूसरी ओर खुदी सड़कें

### शहरवासियों की राह हर दिन मुश्किल, सीवरेज और सड़क चौड़ीकरण के अधूरे कार्यों से बढ़ी परेशानी, बारिश में कीचड़ और फिसलन से हादसों का खतरा





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों दोहरी चुनौती से जूझ रही है। एक ओर प्रमुख मार्गों पर घंटों तक वाहनों का जाम लग रहा है, तो दूसरी ओर सीवरेज लाइन और सड़क चौड़ीकरण के लिए खुदी सड़कों ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बारिश के कारण इन मार्गों की स्थिति और खराब हो गई है। कीचड़, फिसलन और खुले गड्ढों के बीच वाहन चालकों को रोज जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है।

शहर के कई प्रमुख मार्गों पर सीवरेज लाइन बिछाने और सड़क चौड़ीकरण का कार्य जारी है। निर्माण कार्य के चलते सड़कें खोदी गई हैं, लेकिन कई स्थानों पर कार्य अधूरा होने से आवाजाही प्रभावित हो रही है। बारिश के कारण खुदी सड़कों पर कीचड़ और फिसलन बढ़ गई है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए प्रशासन ने समय-समय पर कई योजनाएं लागू कीं, लेकिन जमीनी स्तर पर अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। हाल ही में महाकाल क्षेत्र में मैजिक और ई-रिक्शा के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया था, इसके बावजूद क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है।
महाकाल क्षेत्र के गुदरी चौराहा, हरीफाटक, लोहे का पुल, चारधाम मंदिर मार्ग सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर प्रतिदिन वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। वहीं देवास गेट, गधा पुलिया, हरीफाटक के नीचे नंदी चौराहा और नीलगंगा क्षेत्र में भी जाम की स्थिति लगातार बनी हुई है।

**कई योजनाएं लागू की लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार नहीं**

हरीफाटक के नीचे नंदी चौराहे पर निर्माण कार्य के चलते बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कई स्थानों पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त बैरिकेडिंग नहीं की गई है और इसी मार्ग से वाहनों की आवाजाही जारी है। बारिश के कारण यहां कीचड़ और फिसलन बढ़ने से वाहन चालकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।
प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु महाकाल मंदिर दर्शन के लिए शहर पहुंचते हैं। ऐसे में हरीफाटक और आसपास के क्षेत्रों में यातायात का दबाव और अधिक बढ़ जाता है। निर्माण कार्य और खराब सड़कें इस दबाव को और बढ़ा रही हैं, जिससे लोगों का समय भी खराब हो रहा है और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 13 जुलाई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### रोजगार मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले उद्यमी बनें युवा

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी यंग जनरेशन भारत में है। हमारा देश युवाओं का देश है। युवाओं के बलबूते ही भारत हर क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। अपनी क्षमता, दक्षता, योग्यता, जोखिम लेने का साहस, बुद्धिमता और उद्यमशीलता से यही युवा नये विकसित भारत का निर्माण करेंगे। भारत के हृदय प्रदेश, मध्यप्रदेश में 2 करोड़ से अधिक युवा हैं। राष्ट्र के नवनिर्माण में इस युवा शक्ति का समुचित उपयोग करने के लिए हम सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं। युवाओं को कॅरियर मार्गदर्शन और सही दिशा देकर इन्हें हुनरमंद बनाने के लिए भोपाल के ग्लोबल स्किल पार्क में आधुनिक, इंडस्ट्री रेडी कोर्स कराकर ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

### सांदीपनि विद्यालय का मॉडल नये स्वरूप में उभरा

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नवाचार और अनुसंधान हो रहे हैं। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है। जिससे बड़ी संख्या में विद्यार्थी लाभांवित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में स्कूली शिक्षा में सांदीपनि विद्यालय का मॉडल नये स्वरूप में उभरा है, जहां बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिये जा रहे हैं। इस बार प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा में शत-प्रतिशत बच्चों ने स्कूल में प्रवेश लिया और स्कूली शिक्षा में ड्रॉप आउट शून्य रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव हिन्द रक्षक द्वारा बास्केटबाल कॉम्पलेक्स इंदौर में आयोजित पुण्योदय प्रकल्प कार्यक्रम में अपना मुख्य संबोधन दे रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।

### माय यूथ माय प्राइड कॉन्क्लेव 2026 कार्यशाला संपन्न

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'माय यूथ माय प्राइड कॉन्क्लेव 2026' के अंतर्गत युवाओं के वैचारिक नेतृत्व को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'शिक्षा एवं कौशल विकास' विषयक कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की गई। यह कार्यशाला मुख्यतः उच्च शिक्षा, रोजगारोन्मुखी कौशल एवं नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में युवाओं की भूमिका पर आधारित रही। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त प्रबल सिपाहा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से पूर्व पारंपरिक रूप से केवल डिग्री को महत्व दिया जाता था। लेकिन अब नई नीति के तहत डिग्री के साथ-साथ विद्यार्थियों के कौशल और सर्वांगीण विकास को प्रमुखता दी गई है। इससे युवा न केवल शिक्षित होंगे, बल्कि आत्मनिर्भर और रोजगारपरक भी बनेंगे।

### खेल संस्कृति पर हुआ व्यापक संवाद



**इंदौर।** माय यूथ माय प्राइड कॉन्क्लेव-2026 के अंतर्गत इंदौर में आयोजित ₹खेल एवं स्वास्थ्य₹ विषयक कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा फिट इंडिया अभियान, खेल अधोसंरचना, युवा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य, खेल संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं तथा युवाओं की सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने युवाओं को विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की तथा उनके सुझाव प्राप्त किए, जिन्हें राज्य सरकार की युवा कार्ययोजना में सम्मिलित करने पर विचार किया जाएगा। कार्यशाला में मध्यप्रदेश को वर्ष 2047 तक खेलों के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लक्ष्य पर विशेष चर्चा हुई। प्रतिभागियों से खेल अधोसंरचना के विस्तार, एक जिला- एक खेल की अवधारणा, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में खेल प्रशिक्षकों की उपलब्धता, प्रतिभाओं की पहचान एवं विकास, खेल मनोविज्ञान, पारदर्शी चयन प्रक्रिया तथा स्थानीय खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने संबंधी सुझाव आमंत्रित किए गए। साथ ही युवाओं की भूमिका, खेल संस्कृति के विकास, अनुशासन, टीमवर्क, नशामुक्त जीवनशैली तथा खेलों को सम्मानजनक करियर के रूप में स्थापित करने जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### विशेषज्ञों ने दिया मार्गदर्शन, युवाओं ने दिए उपयोगी सुझाव

**इंदौर।** माय यूथ-माय प्राइड कॉनक्लेव में आए युवाओं ने शनिवार को सशक्त और समृद्ध मध्यप्रदेश₹ के निर्माण का संकल्प लिया। इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस युवा सम्मेलन में जनअभियान, संस्कृति, कला, पर्यटन, युवा संकल्प निर्माण और सामुदायिक नेतृत्व के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों ने युवाओं को उपयोगी मार्गदर्शन दिया। चर्चा के दौरान पर्यटन, संस्कृति, कला, जन अभियान तथा संकल्प निर्माण के क्षेत्र में अपने भविष्य निर्माण के लिए प्रयासरत युवाओं ने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र कुमार व्यास, शांतनु त्रिवेदी, शासकीय संगीत महाविद्यालय इंदौर के प्राचार्य डॉक्टर प्रकाश कडोतिया, जन अभियान परिषद इंदौर संभाग के समन्वयक अमित शाह तथा उज्जैन संभाग के शिव प्रसाद मालवीय ने संबोधित किया।

### स्टार्टअप इकोसिस्टम में आएगा बड़ा बदलाव

इंदौर। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'माय यूथ माय प्राइड कॉन्क्लेव-2026 के अंतर्गत एमएसएमई और आईटी/स्टार्टअप कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस सत्र में विशेषज्ञों ने एकमत से कहा कि मध्य प्रदेश का तीव्र विकास और तेजी से विकसित हो रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर युवाओं को 'नौकरी खोजने वाले' के बजाय 'नौकरी देने वाले' के रूप में स्थापित करने के लिए पूर्णतः तैयार है। यह कार्यशाला न केवल युवाओं के नवाचारी विचारों को धरातल पर उतारने के लिए प्रेरित करने वाली रही, बल्कि स्टार्टअप की राह में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को समाप्त करने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हुई। सत्र के दौरान विभाग द्वारा वर्ष 2027 और 2030 तक के महत्वाकांक्षी संकल्पों का खाका प्रस्तुत किया गया, जो प्रदेश में उद्यमिता की एक नई लहर का सूत्रपात करेंगे। शासन की योजना के अनुसार, वर्ष 2030 तक युवा उद्यमियों के लिए एकल खिड़की ऋण प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे 30 दिनों के भीतर ऋण स्वीकृति सुनिश्चित हो सकेगी।

महावर नगर के पार्षद योगेंद्र गेंदर की घोर उदासीनता

## पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे रहवासी

### पानी के लिए संघर्ष और टैंकर माफिया का साया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के अन्नपूर्णा क्षेत्र स्थित महावर नगर में क्षेत्रीय पार्षद योगेंद्र गेंदर की कार्यशैली के कारण स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जनता का आरोप है कि पार्षद न केवल अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं, बल्कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के प्रति भी पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं।



महावर नगर के रहवासी पानी की भीषण किल्लत से जूझ रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि निवासियों को पीने के पानी के लिए भी दर-दर भटकना पड़ रहा है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि पानी की सुचारू सप्लाई करने के बजाय, पार्षद योगेंद्र गेंदर और उनके सहयोगियों द्वारा टैंकरों को लेकर भी मनमानी की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, टैंकरों के माध्यम से पानी मंगवाने पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी उन्हें जलील होना पड़ता है।

### सड़क का हाल: मौत का कुआं बनी गलियां

सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है। सड़क के बीचों-बीच एक से डेढ़ फीट का गहरा गड्ढा लोगों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। इस गड्ढे के कारण गलियों में न तो एंबुलेंस या अन्य जरूरी वाहन आ पा रहे हैं और न ही पानी के टैंकर पहुंच पा रहे हैं। इस मार्ग पर रोजाना दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है, जिसमें गाड़ियों का नुकसान तो हो ही रहा है, साथ ही आम लोगों का जीवन भी खतरे में है। बच्चे अपने ही घर के बाहर खेलने से वंचित हो गए हैं।

### पार्षद की कार्यशैली पर सवाल

क्षेत्र की जनता का कहना है कि पार्षद योगेंद्र गेंदर ने चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन पद मिलते ही वे जनता की पीड़ा को अनदेखा कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि जब भी सड़क या पानी की समस्या को लेकर पार्षद से संपर्क किया जाता है, तो कोई सुनवाई नहीं होती। हैरानी की बात यह है कि सड़क बनवाने के लिए भी जनता से ही डिमांड की जा रही है, जबकि यह कार्य स्थानीय निकाय और पार्षद की प्राथमिक जिम्मेदारी है। क्षेत्र क्रमांक 4 की विधायक मालिनी गौड़ के क्षेत्र में आने वाले इस इलाके के लोग अब मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं, ताकि उन्हें इस दमनकारी और उपेक्षित वातावरण से मुक्ति मिल सके।

## मिड-डे मिल घोटाला: नाम रसोइयों का, पैसा किसी और के खाते में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश में स्कूली बच्चों को मिड डे मील मुहैया कराने वाली प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में बड़े स्तर पर फजीवाड़े की आशंका सामने आई है। योजना के पोर्टल की समीक्षा में 74 हजार से अधिक रसोइया और सहायकों के रजिस्ट्रेशन और पेमेंट में गड़बड़ियां मिली हैं। हर महीने करीब 20 करोड़ रुपए के भुगतान वाली इस योजना में रसोइयों के नाम और पते तो सही मिले, लेकिन बैंक खाते दूसरे व्यक्तियों के दर्ज पाए गए। इस खुलासे के बाद सरकार ने सभी कलेक्टरों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं। सरकार ने 6 जुलाई को प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए हैं कि 20 जुलाई 2026 तक सभी रसोइयों और सहायकों का ईकेवाईसी, समग्र आईडी सत्यापन और बैंक खातों का मिलान कराया जाए। इसे पोर्टल पर अपडेट करने के बाद ही मानदेय का भुगतान किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर ब्लॉक रिसोर्स को-ऑर्डिनेटर भी रिकॉर्ड की जांच करेंगे और डुप्लीकेट या फर्जी पंजीयन मिलने पर कार्रवाई करेंगे। पूरी प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग और समीक्षा की जाएगी ताकि मानदेय भुगतान व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी रहे।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव बोले-भारत में हथियारों के बल पर डराने वालों को आखिरी सलाम मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के समीप बुढ़ानिया में ह्यएक पेड़ मां के नामह्व कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए कहा कि बीएसएफ ने लाल सलाम को आखिरी सलाम में बदला है। वर्तमान के लोकतांत्रिक देश में हथियारों के बल पर अब कोई डरा नहीं सकता। ऐसे लोगों को लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास करना ही होगा। हथियारों के बल पर डराने वालों को जवाब मिल चुका है। पूरे देश में नक्सलवाद का खात्मा हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर अतीत के गौरव के कारण भी जाना जाता है। देवी अहिल्या ने जगह-जगह बावड़ियां और घाट बनवाए। हमारी सरकार ने जल संरक्षण के काम किए। पुराने तालाबों और बावड़ियों को संवारा। इस बार तीन माह तक जल संरक्षण अभियान चलाया गया। इंदौर पहाड़ों पर हरियाली की चादर ओढ़ाने के लिए आगे बढ़ रहा है। मध्य प्रदेश नदियों का मायका है। मालवा अंचल को नदियों का आशीर्वाद है।

गंगा बेसिन की नदियां गंभीर, चंबल और शिप्रा इंदौर के आसपास से निकलती हैं और गंगा में जाकर मिलती हैं। हमें गर्व है कि धरती की ये बेटियां हमारे अंचल से निकलती हैं। उन्होंने कहा कि वषार्काल में अल नीनो तूफान का खतरा भी दिखाई दे रहा है, लेकिन इन सभी खतरों का मुकाबला करने के लिए पेड़ों की बड़ी भूमिका रहती है। ये ऋषि-मुनियों की तरह एक ही जगह खड़े रहकर तपस्या करते हैं और हमें फल देते हैं।

### अब 17 लाख पेड़ लगाए जा रह

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक दिशा कैसी हो, यह इंदौर तय करता रहा है, लेकिन अब प्रदेश का पर्यावरण कैसा हो, यह भी इंदौर से तय होगा। यहां लगातार हरियाली का ध्यान रखा जा रहा है। पहले 12 लाख पौधे लगाकर विश्व कीर्तिमान बनाया और अब 17 लाख पेड़ लगाए जा रहे हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर में पहले साढ़े 15 लाख पेड़ लगाए थे। इस बार हम साढ़े 22 लाख पेड़ लगा रहे हैं। इंदौर में अब जगह बची नहीं है। हम पथरीली जमीन पर बड़े पेड़ लगा रहे हैं। इंदौर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सर्वाधिक पेड़ लगाए गए हैं।

## वक्फ बोर्ड में हिंदू सदस्यों की एंट्री पर महंत रवींद्र पुरी का समर्थन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य वक्फ बोर्ड में पहली बार दो हिंदू सदस्यों की नियुक्ति के फैसले को लेकर सियासी और सामाजिक चचार्एं तेज हैं। इस बीच अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने सरकार के फैसले का खुलकर समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि इससे वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता आएगी और संपत्तियों से जुड़े विवादों को कम करने में मदद मिलेगी।

महंत रवींद्र पुरी ने वक्फ बोर्ड में हिंदू सदस्यों की नियुक्ति का विरोध करने वालों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि मुस्लिम समुदाय का कोई वर्ग इसका विरोध करता है तो यह संकीर्ण सोच को दशार्ता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हिंदू विश्वविद्यालयों और संस्कृत महाविद्यालयों में मुस्लिम प्रोफेसर वर्षों से पढ़ा रहे हैं और हिंदू समाज ने कभी इसका विरोध नहीं किया। ऐसे में वक्फ बोर्ड में हिंदू सदस्यों की भागीदारी पर आपत्ति उचित नहीं है। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश सरकार के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि 2025 के नए वक्फ कानून के तहत राज्य वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन कर दो हिंदू सदस्यों को शामिल करना सकारात्मक पहल है। उनका मानना है कि इससे सभी समुदायों के बीच विश्वास बढ़ेगा और वक्फ संपत्तियों का बेहतर और पारदर्शी प्रबंधन

चौरासी महादेव के दर्शन करने से मनुष्य संसार के समस्त सुखों को प्राप्त करता है

## महाकाल के आंगन में पहली बार 84 महादेव की महिमा से रूबरू होंगे भक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 30 जुलाई से 7 सितंबर तक श्रावण-भाद्रपद मास के रूप में शिव भक्ति का उल्लास छाएगा। मंदिर समिति ने महापर्व की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के महाकाल दर्शन करने आने का अनुमान है।

पिछले वर्ष सावन-भादौ मास में सवा करोड़ भक्त बाबा महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचे थे। इस बार महाकाल दर्शन के साथ श्रद्धालुओं को उज्जैन की प्राचीन शैव परंपरा से जोड़ने की पहल भी की जा रही है। मंदिर समिति पहली बार मानसरोवर फैसिलिटी सेंटर में दर्शन मार्ग पर चौरासी महादेव पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी लगाने जा रही है। इस माध्यम से श्रद्धालुओं को चौरासी महादेव के धार्मिक, पौराणिक और सांस्कृतिक महत्व से परिचित कराया जाएगा।

उन्हें बताया जाएगा कि उज्जैन की पहचान केवल महाकाल मंदिर तक सीमित नहीं है। यहां विराजित चौरासी महादेव की परंपरा भी शैव साधना का महत्वपूर्ण आधार है। श्रावण मास में चौरासी महादेव के दर्शन का विशेष महत्व है, धार्मिक मान्यता के अनुसार श्रावण मास तथा हर तीन साल में आने वाले अधिक मास में चौरासी महादेव के दर्शन करने से मनुष्य संसार के समस्त सुखों को प्राप्त करता है तथा अंत समय में चौरासी लाख योनियों के चक्र से मुक्त होकर शिव लोक को प्राप्त होता है।

मंदिर प्रशासन के अनुसार वर्ष 2025 में 11 जुलाई से 18 अगस्त तक श्रावण-भाद्रपद मास की साक्षी रही थी। इस दौरान 39 दिन में सवा करोड़ भक्तों ने भगवान महाकाल के दर्शन किए थे। प्रतिदिन औसतन 3 लाख 20 हजार 512 भक्तों ने भगवान के दर्शन किए। इस बार 40 दिवसीय उत्सव में प्रतिदिन 5 लाख भक्तों के आने का अनुमान है। वर्ष 2025 में श्रावण-भाद्रपद मास के दौरान मंदिर समिति को 29 करोड़ 61 लाख रुपये की आय हुई थी।

250 रुपये लेकर गाड़ी छोड़ दी गई, न रसीद दी न ही चालान काटा

## सफेद पट्टी में खड़ी थी गाड़ी... फिर क्यों उठाई? ट्रैफिक पुलिस पर बरसी युवती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के नाम पर रोजाना वाहन उठाने की कार्रवाई तो तेजी से होती है, लेकिन कई बार यही कार्रवाई सवालों के घेरे में भी आ जाती है। ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक युवती और ट्रैफिक पुलिसकर्मी के बीच जमकर बहस होती दिखाई दे रही है। दोनों एक-दूसरे पर अपनी बात सही साबित करने की कोशिश करते नजर आते हैं।

बताया जा रहा है कि मामला सपना-संगीता चौराहे के पास का है। युवती का दावा है कि उसने अपनी गाड़ी सफेद पट्टी के भीतर निर्धारित पार्किंग क्षेत्र में खड़ी की थी। कुछ देर बाद लौटने पर वाहन मौके से गायब मिला। काफी तलाश के बाद उसे जानकारी मिली कि ट्रैफिक पुलिस वाहन उठाकर महू नाका यातायात थाने ले गई है। युवती का आरोप है कि वह शाम से रात करीब 9 बजे तक अपनी गाड़ी के लिए इधर-उधर भटकती रही। काफी मशक्कत के बाद जब वह महू नाका यातायात थाने पहुंची तो वहां मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मी से उसकी तीखी नोकझोंक हो गई। वीडियो में युवती लगातार सवाल पूछती नजर आती है कि जब गाड़ी पार्किंग में खड़ी थी तो उसे किस आधार पर उठाया गया। वहीं पुलिसकर्मी का कहना है कि वाहन नो-पार्किंग क्षेत्र से उठाया गया था और कार्रवाई नियमों के तहत की गई।

वीडियो में दोनों के बीच बहस इतनी बढ़ जाती है कि आसपास मौजूद लोग भी पूरा घटनाक्रम देखने लगते हैं। युवती का यह भी दावा है कि उसे किसी प्रकार का चालान या कोई रसीद नहीं दी गई और 250 रुपये लेकर उसकी गाड़ी छोड़ दी गई।

### निष्कर्ष ...

नियमों का डंडा तभी असरदार होता है, जब वह सब पर बराबरी से चले। वरना कार्रवाई कम और मनमानी ज्यादा दिखाई देती है। अब देखना यह होगा कि वायरल वीडियो के बाद ट्रैफिक विभाग सफाई देता है या पूरे मामले पर चुप्पी साधे रखता है।

सिंहस्थ-2028 से पहले धरातल पर उतर रही 16500 करोड़ रुपये की सड़क और आधारभूत ढांचे की परियोजना

## हाई-स्पीड कनेक्टिविटी से बदलेगी फोरलेन से जुड़े शहरों की तस्वीर

ट्विन सिटी माडल, ग्रीनफील्ड कारिडोर और मेगा हाईवे से पर्यटन, उद्योग और निवेश को मिलेगी नई रफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 से पहले ह्यमध्यप्रदेश की धर्मधानीह्व उज्जैन पूरे मालवा के सबसे बड़े हाई-स्पीड ग्रोथ कारिडोर के रूप में उभर रही है। प्रदेश सरकार उज्जैन को इंदौर, देवास, बदनावर, गरोठ से जोड़ने के बाद अब इंदौर और जावरा के लिए नया फोरलेन बनवा रही है और अगले कुछ सप्ताह में झालावाड़ रोड को फोरलेन में बदलने को भूमि पूजन करने जा रही है।

करीब 16500 करोड़ रुपये की सड़क और आधारभूत ढांचा परियोजनाओं से न केवल सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की यात्रा आसान होगी, बल्कि मालवा में पर्यटन, उद्योग, व्यापार, कृषि और निवेश को भी नई गति मिलेगी। यही वजह है कि उज्जैन अब केवल धार्मिक राजधानी नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के नए विकास कारिडोर की धुरी बनता जा रहा है। बीते कुछ वर्षों में उज्जैन को चारों दिशाओं से जोड़ने की रणनीति पर तेजी से काम हुआ है। उज्जैन-देवास फोरलेन बनने के बाद शहर को आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधी कनेक्टिविटी मिल चुकी है। बड़नगर-बदनावर फोरलेन ने पश्चिमी मालवा से संपर्क मजबूत किया है, जबकि उज्जैन-गरोठ फोरलेन अंतिम चरण में है। दूसरी ओर उज्जैन-इंदौर सिक्सलेन का 70 से 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसके शुरू होने के बाद दोनों शहरों के बीच यात्रा समय घटेगा और यातायात का दबाव भी कम होगा। 273 करोड़ रुपये से 39 किमी लंबे उज्जैन-मक्सी रोड फोरलेन सड़क परियोजना का काम प्रगतिरत है।

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच पिछले एक महीने में तीन बड़ी सड़क परियोजनाओं ने इस नेटवर्क को नई गति दी है। 20 जून 2026 को 2935 करोड़ रुपये की लागत वाले 48 किलोमीटर लंबे इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड फोरलेन का भूमिपूजन हुआ। यह सड़क उज्जैन के चिंतामन गणेश क्षेत्र को इंदौर के पितृ पर्वत और देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से तेज संपर्क देगी। इसके लिए 917 किसानों की भूमि अधिग्रहित कर 816 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा वितरित किया जा चुका है। इसके बाद 10 जुलाई को 98.41 किलोमीटर लंबे उज्जैन-जावरा एक्सेस कंट्रोल्ड फोरलेन परियोजना का भूमिपूजन हुआ। करीब 2029 करोड़ रुपये की यह सड़क उज्जैन को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, महू-नीमच कारिडोर और उत्तर भारत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सिंहस्थ के दौरान यह प्रमुख वैकल्पिक प्रवेश मार्ग बनेगी।

### इंदौर, जावरा के बाद अब झालावाड़ फोरलेन के भूमिपूजन की तैयारी

उज्जैन से इंदौर और जावरा तक फोरलेन सड़क निर्माण का काम शुरू कराने के बाद अब सरकार की अगली प्राथमिकता 160 किलोमीटर लंबे उज्जैन-झालावाड़ फोरलेन का भूमिपूजन कर निर्माण शुरू कराना है। करीब 2721 करोड़ 72 लाख रुपये की इस परियोजना का टेंडर स्वीकृत हो चुका है। छह फ्लाईओवर, बड़े पुल और 115 व्हीकल अंडरपास वाले इस मेगा हाईवे से राजस्थान और हाड़ौती क्षेत्र से उज्जैन की दूरी और यात्रा समय दोनों कम होंगे। इन सड़क परियोजनाओं के साथ उज्जैन-इंदौर महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण भी दोनों शहरों को ट्विन सिटी माडल पर विकसित कर रहा है। औद्योगिक निवेश, लॉजिस्टिक्स, मेडिकल, शिक्षा, पर्यटन, आईटी पार्क, यूनिटी मॉल और अन्य शहरी परियोजनाओं के जरिए उज्जैन और इंदौर को साझा आर्थिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### फैक्ट फाइल

- 16500 करोड़ रुपये से अधिक का इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश
273 करोड़ रुपये से 39 किमी लंबे उज्जैन- मक्सी रोड फोरलेन सड़क परियोजना का काम प्रगतिरत
- उज्जैन-इंदौर सिक्सलेन का निर्माण 80 प्रतिशत पूरा
- उज्जैन-गरोठ फोरलेन का निर्माण अंतिम चरण में
- 2935 करोड़ का इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड फोरलेन का पिछले महीने भूमि पूजन कर काम शुरू
- 2029 करोड़ का उज्जैन-जावरा फोरलेन का एक दिन पहले हुआ भूमि पूजन
- 2721.72 करोड़ का उज्जैन-झालावाड़ मेगा फोरलेन प्रस्तावित
- ट्विन सिटी मॉडल से उज्जैन-इंदौर का संयुक्त विकास
- पर्यटन, उद्योग, कृषि, व्यापार और निवेश को मिलेगा बड़ा लाभ

## न्यूज कालम



### लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा पौधारोपण किया गया

**सनावद।** लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. जयप्रकाश त्रिपाठी के हांगकांग से स्वदेश आगमन के उपलक्ष्य में लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा पौधारोपण किया गया। क्लब के अध्यक्ष भागचंद जैन ने बताया कि प्रतिवषार्नुसार इस बारिश के मौसम में 51 सौ पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस तारतम्य में शनिवार को क्लब सदस्यों द्वारा 50 पौधों का रोपण किया गया। पूर्व में लगभग 5 सौ पौधों का विभिन्न स्थानों पर रोपण किया जा चुका है। क्लब की जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिता जैन ने कहा कि पर्यावरण सुधार के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है।निरंतर बढ़ते तापमान और गिरते भूजल स्तर की समस्या का समाधान बरगद.लिम. पीपल. वृक्षारोपण ये ही हमें शुद्ध हवा और वायु दे सके। इस अवसर पर क्लब के सचिव ला.अनिल अरझरे,कोषाध्यक्ष हेमंत दातार,एक्सटेंशन चेयरमैन विजय राठौर उपस्थित थे।

### केशबचंद्र सिंहा राय ने परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया

**खरगोन।** श्री केशब चंद्र सिंहा राय, मुख्य महाप्रबंधक, ने



एनटीपीसी खरगोन सुपर ताप विद्युत परियोजना के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। विद्युत क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक के समृद्ध अनुभव से परिपूर्ण श्री रॉय ने अपने करियर की शुरूआत एनटीपीसी में कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में की। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने संगठन की विभिन्न परियोजनाओं एवं प्रतिष्ठानों पर अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। एनटीपीसी में उनकी पेशेवर यात्रा की शुरूआत ऊंचाहार परियोजना से हुई, सन 1996 में, जहाँ उन्होंने प्रारंभिक वर्षों में कंट्रोल एवं इंस्ट्रूमेंटेशन (सी एंड आई) अनुरक्षण विभाग में कार्य किया। इसके उपरांत उन्होंने रिहंद परियोजना में सी एंड आई अनुरक्षण एवं परिचालन (ऑपरेशन) दोनों क्षेत्रों में व्यापक अनुभव अर्जित किया। बाद में रामागुंडम परियोजना में परिचालन विभाग में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान कीं। वर्तमान दायित्व ग्रहण करने से पूर्व वे एनटीपीसी लारा में मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) के रूप में कार्यरत थे, जहाँ उन्होंने संयंत्र के परिचालन प्रदर्शन को सुदृढ़ बनाने तथा उत्कृष्टता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में भूमिका निभाई।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर रक्तदान व महिला नसबंदी की



**जावरा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल में रक्तदान एवं महिलाओं की नसबंदी कैंप लगाया गया इसमें 35 यूनिट रक्तदान एवं परिवार कल्याण नसबंदी शिविर में लेप्रोस्कोपीक सर्जन डॉक्टर दीपक पालडिया ने 22 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन किए। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि शिविर में डॉ. नरेंद्र वर्मा ने सर्वप्रथम रक्तदान किया। राम निवास पाटीदार ने 22 वीं बार शिवराज सिंह तोमर ने आठवीं बार तथा राकेश चावरे, पूजा मसीहा, ने भी रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। इसके अतिरिक्त स्टॉफ के अलावा जागरूक नागरिकों ने भी पहली बार रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाई।, रक्तदान जीवन दान के स्लोगन को सार्थक बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया,। इस अवसर पर सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ.पालड़ीया ने रक्तदान के महत्व को परिभाषित करते हुए कहा कि आप रक्तदान कर दूसरे व्यक्ति के जीवन को बचाने में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं ।रक्तदान शिविर को सफल बनाने में लैब टेक्नीशियन भारत सिंह सोलंकी , धर्मेंद्र भट्ट,तथा जिला चिकित्सालय रतलाम ब्लड बैंक प्रभारी कमलेश यादव, लेब टेक्नीशियन हिम्मत सिंह,का विशेष सहयोग रहा।, जिन्होंने अपने कार्य एवं समन्वय से शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शिविर में कुल 35 यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ,,।

### लायंस क्लब सनावद में नि:शुल्क हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन



**सनावद।** लायंस क्लब सनावद सिटी के तत्वावधान में रविवार को ऋत्विक हॉस्पिटल में निःशुल्क हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया।क्लब की अध्यक्ष हेमा रांका ने बताया कि शिविर में 50 से अधिक मरीजों की निःशुल्क जांच कर चिकित्सा परामर्श दिया गया। इंदौर के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.वीरेंद्र चांदोरे ने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान कीं और मरीजों को हड्डी रोगों के लक्षण,सावधानी और बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर लायंस क्लब सनावद सिटी के सदस्यों ने मरीजों और राहगीरों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कपड़े की थैलियों का वितरण भी किया और सभी से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का आग्रह किया।इस दौरान क्लब की सचिव ला.मनीषा महाजन,कोषाध्यक्ष ला.अंगूरबाला जैन, डॉ.सुरेश रांका,शांतिलाल जैन,अनिल चौधरी,ममता चौधरी,कमलेश चौधरी,श्रेया चौधरी,महेश बिरले,कमल पटेल,रंजना पटेल,आदि उपस्थित थे।

# नकबजनी की सनसनीखेज घटना घटित करने वाली शातिर गेंग गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर



पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंशसिंह द्वारा बताया गया कि कोतवाली आलीराजपुर में फरियादी रतनसिंह पिता धनसिंह बामनिया निवासी बडाउण्डवा ,करमसिंह निवासी उंडवा, करमाबाई निवासी उंडवा, छतरा पिता खेमा डावर, निवासी बडा उण्डवा, मनीष पिता मगन कनेश, डुमसिह पिता मंगलिया बामनिया निवासी उडंवा द्वारा घर में दीवाल खोदकर अज्ञात बदमाशों द्वारा घर में रखे चांदी के जेवरों तथा नकदी को चुराने संबंधी रिपोर्ट पुलिस थाना कोतवाली में दर्ज कराई थी ,

प्रकरणों की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति उमठ बघेल व एसडीओपी अलीराजपुर श्री डॉ. शक्तिसिंह चौहान के निर्देशन में आरोपीयो की धरपकड हेतु थाना कोतवाली आलीराजपुर की एक टीम गठित की गई।

उक्त अपराधों की विवेचना के दौरान घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना पर संदेहियों को पुलिस गिरफ्त में लेकर मनोवैज्ञानिक रूप से पूछताछ करते आरोपी ०१. जितेन्द्र पिता अन्तरसिंह चौहान भीलाला निवासी फाटा पटेल फलिया थाना नानपुर, 2. मोहन पिता वालसिंह चौहान भीलाला निवासी देहदला उण्डली खोदरी फलिया थाना जोबट, 3. आयुष पिता राजु चौंगड निवासी भोरकुण्डिया स्कूल फलिया थाना राणापुर जिला झाबुआ हाल मुकाम कुक्षी द्वारा अपने साथी रमेश निवासी खुटाजा व एक अन्य साथी के साथ मिलकर उण्डवा, खरखडी, कवठू व पुलिस लाईन बोरखड में चोरी करना बताया गया ।उक्त चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर चोरी गया माल मश्रुका जप्त किया गया तथा गैंग में शामिल अन्य आरोपी रमेश व उसके एक अन्य साथी की तलाश जारी है ।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी मर्डर, चोरी, नकबजनी, लूट, मारपीट के कई प्रकरण थाना जोबट, थाना अलीराजपुर, थाना कुक्षी में पंजीबद्ध है ।चोरी गया शेष मश्रुका आरोपी रमेश व एक अन्य आरोपी से जप्त करना भी शेष है तथा तथा उक्त चोरी गया मश्रुका खरीदने वाले दिव्यांशु पिता मनोज सोनार निवासी हनुमानगंज जोबट ,लक्की पिता सुरेन्द्र चौहान निवासी जोबट,प्रेम उर्फ अमीष गोराना, निवासी जोबट को गिरफ्तार किया जाकर खरीदा हुआ माल मश्रुका जप्त किया गया । आरोपियों से सोने की अंगुठी, सोने की चैन, सोने के टाप्स, सोने की झुमकी, सोने का मंगलसुत्र, सोने के झेले, व सोने के मोती तथा चाँदी की तागली, कंदोरे, रमझोल, पायजेब, कडे, हाटके, ब्रेसलेट चुडियाँ, करोंदिया, हार व हाथ साकले जप्त किये गये ।जब्तशुदा मशरूका की कुल कीमत लगभग 16 लाख है ।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सोनू सिटोले थाना प्रभारी कोतवाली, उनि सुनिल रन्दे, उनि कन्हैयालाल, सउनि अरूण राठौर, सउनि रामकुमोार यादव, प्रआर सुनिल डुडवे, प्रआर दिनेश भवेल, प्रआर सुरेश, प्रआर प्रदीप, आर गंगाराम, आर. अकरम व सायबर सेल प्रधान आरक्षक दिलीप, आरक्षक संदीप, आरक्षक राहुल, आरक्षक नागर आलीराजपुर का सराहनीय योगदान रहा ।

## स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई : अमरावती रोड का गुड हॉस्पिटल सील

### गुड हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना में बड़े घोटाले की संभावना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



जिले में स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अमरावती रोड स्थित गुड हॉस्पिटल मल्टी स्पेशियलिटी सेंटर को सील कर दिया। अस्पताल में गंभीर अनियमितताएं और इलाज में लापरवाही मिलने पर 8 सदस्यीय टीम ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर ताला जड़ा।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अस्पताल के खिलाफ कई शिकायतें मिली थीं। आरोप है कि अस्पताल खंडवा सहित अन्य क्षेत्रों से लोगों को मुफ्त इलाज का झांसा देकर लाता था। मरीजों के आधार कार्ड और अंगूठे के निशान लेकर आयुष्मान योजना में फर्जी क्लेम कर पैसे वसूले जा रहे थे।

सीएमएचओ डॉ. आर. के. वर्मा के निर्देश पर पहुंची टीम में मौजूद मेडिकल ऑफिसर डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि जांच में कई गंभीर खामियां मिलीं। अस्पताल को पहले भी नोटिस दिए गए थे, लेकिन सुधार नहीं होने पर सील की कार्रवाई की गई।

**108 एंबुलेंस से मरीज जिला अस्पताल शिफ्ट**

कार्रवाई के समय अस्पताल में भर्ती मरीजों को तत्काल 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। जो मरीज चलने-फिरने में सक्षम थे उन्हें छुट्टी देकर घर भेज दिया गया।

**विभाग सख्त, अन्य अस्पतालों की भी जांच संभव**

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि आयुष्मान योजना में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुड हॉस्पिटल की तरह अन्य अस्पतालों की भी जांच की जा रही है।

## प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए 150 युवाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



जिले के नेपानगर में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए 150 युवाओं को 'आपदा मित्र' के रूप में 7 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इन प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को बाढ़, भूकंप, आग लगने और पानी में डूबने जैसी आपातकालीन स्थितियों में आमजन की मदद के लिए तैयार किया गया है।

यह पहल जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा व आपदा प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में की गई है। प्रशिक्षण कलेक्टर और होमगार्ड डायरेक्टर जनरल के निदेर्शों पर आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान आपदा मित्रों को पानी में डूबे व्यक्ति को बचाने, आग बुझाने के तरीके, भूकंप आपदा तैयारी, जोखिम प्रबंधन और ध्वस्त संरचनाओं में खोज व बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन जानकारी दी गई। इस समूह में 2 लड़कियों ने भी सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया।

**सिविल डिफेंस वालंटियर के रूप में करेंगे सहयोग**

होमगार्ड आपदा प्रबंधन के प्लाटून कमांडर जितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि इन पंजीकृत युवाओं को आपदा सिविल डिफेंस वालंटियर के रूप में तैयार किया गया है। किसी भी आपात स्थिति में ये होमगार्ड आपदा प्रबंधन विभाग का सहयोग करेंगे और मौके पर पहुंचकर प्राथमिक कार्रवाई में मदद करेंगे।

**जिले में 500 'आपदा मित्र' बनाने का लक्ष्य**

विभाग का लक्ष्य जिले में कुल 500 'आपदा मित्र' तैयार करना है। नेपानगर के बाद अगले चरण में बुरहानपुर और खकनार में भी युवाओं का चयन कर सात-सात दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसकी तारीखें जल्द तय की जाएंगी।

## रोजी-रोटी की जद्दोजहद में खतरों से खेलता बचपन

**जावरा ।** एक ओर तो सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं



पर बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए करोड़ों अरबों रुपये व्यय कर रहीं हैं ! और दूसरी ओर ऐसे जान जोखिम में डालने वाले कई उदाहरण भी देखने को मिलते हैं। कि जो बेटियों की पढ़ने लिखने और आगे बढ़ने की उम्र होती है उन्हें रोजी रोटी की जद्दोजहद में रस्सी पर चलकर , खतरों से सरेआम खेलना पड़ता है और जरा सी चूक हो जाने पर जान का खतरा भी बना रहता है ! सामाजिक कार्यकर्ता डॉ मदनलाल. गांगले ने कहा है कि ऐसे गरीब परिवार जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते हैं! घुमक्कड़ जीवन जीते हैं शायद ही अपने बच्चों को पढ़ा लिखा पाते होगे ? ऐसी स्थिति में सरकार को आगे आना चाहिए और ऐसे घुमक्कड़ जीवन जीने वाले परिवारों की जानकारी प्राप्त करके उन्हें कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराकर तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाना चाहिए! तथा उनको स्थायी निवास के लिए आवासीय योजनाओं का लाभ भी दिया जाना चाहिए ताकि वह भविष्य में अपने बच्चों को पढ़ाकर देश के आर्थिक विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकें ।जरूरत है केवल सरकारी प्रयास की । आपने यह भी कहा है कि बच्चे ही राष्ट्र का सुनहरा भविष्य हैं और भावी देश के नागरिक भी है सरकारी प्रयास से ऐसे गरीब परिवारों की जीवन पद्धति का नक्शा बदल सकता है ।

## लायंस क्लब में 10 दिनों में 2401 मरीजों की जांच कर 236 किए मोतियाबिंद ऑपरेशन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



लायन्स क्लब द्वारा संचालित लायन्स नेत्र चिकित्सालय पर नेत्र ऑपरेशन सम्पन्न हुए मरीजों को निःशुल्क दवाई एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। अतिथि न पा उपाध्यक्ष सुशील कोच्चटा भा ज पा नगर अध्यक्ष राजेश शर्मा एवं अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद के अध्यक्ष सुमित दसेड़ा रहै। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि सुशील कोच्चटा ने कहा कि लायन्स नेत्र चिकित्सालय की ख्याति केवल नगर में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश स्तर पर है,यहाँ जो सेवा कार्य किए जा रहे हैं, वे वास्तव में वंदनीय हैं।

?विशिष्ट अतिथि राजेश शर्मा ने कहा कि आज के युग में मानव सेवा का सबसे बड़ा प्रकल्प लायन्स क्लब के माध्यम से चलाया जा रहा है,मैंने स्वयं इस सेवा को बहुत नजदीक से देखा है,मुरैना में रहने वाले मेरे परिवार के सदस्यों का नेत्र संबंधी इलाज भी मैंने इसी चिकित्सालय में करवाया है, ।

विशिष्ट अतिथि दसेड़ा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "दृष्टि है तो सृष्टि है।" दुनिया को देखने के लिए नेत्र ज्योति का बहुत बड़ा महत्व है।

लायन्स क्लब सचिव संदीप रांका ने बताया कि चिकित्सालय द्वारा निरंतर सेवा के नए कीर्तिमान रचे जा रहे हैं। नवीन सत्र दस दिनो मे कुल 236 मरीजों के सफल ऑपरेशन किए गए तथा 2401 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी भर्ती और लाभांवित मरीजों को अतिथियों एवं लायन्स परिवार के सदस्यों द्वारा निःशुल्क दवाई और चश्मों का वितरण किया गया।

स्वागत भाषण लायन्स क्लब अध्यक्ष . सुधीर जैन ने सभी मरीजों के शीघ्र स्वस्थ व मस्त रहने की कामना करते हुए अतिथियों का शब्दों से स्वागत किया।

पूर्वाध्यक्ष अनिल धारीवाल ने कहा कि दानदाताओं व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यह चिकित्सालय निरंतर गतिमान है, उन्होंने मरीजों से स्टाफ द्वारा बताई गई दिनचर्या का पालन करने का आग्रह किया।

अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष . जैन, सचिव रांका, कोषाध्यक्ष . विपिन चोरडिया डॉ. एच. एस. राठौर रमेश मेहता, रजनीकांत शाह, अशोक सेठिया, विजय पामेचा, सजी वर्गीस, अनिल काला, राजकुमार मारवाड़ी, संजय गोधा, अनूप शर्मा, विजय राठौड़, संजय चपडोद ने किया।

?कार्यक्रम का संचालन पूर्वाध्यक्ष सजी वर्गीस ने किया तथा आभार प्रदर्शन राजकुमार मारवाड़ी ने व्यक्त किया।

## थाना सेंधवा ग्रामीण पुलिस को मिली बड़ी सफलता : क्षेत्र में चोरी करने वाली अंतर-ग्रामीण गैंग का पर्दाफाश

**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के कुशल निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी सेंधवा श्री अजय वाघमारे के मार्गदर्शन व नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों एवं अपराधियों के विरुद्ध एक विशेष धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान थाना सेंधवा ग्रामीण पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलिया डैब में हुई एक बड़ी चोरी के संबंध में त्वरित व गहन खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त 5 आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया संपूर्ण माल (शत-प्रतिशत मश्रुका) बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। घटना का संक्षिप्त विवरणः आज से करीबन चार माह पूर्व माह फरवरी 2026 में, फरियादी के घर के सभी सदस्य रात्रि के समय गर्मी के कारण घर के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों द्वारा सूनेपन का फायदा उठाकर घर के पीछे की खिड़की से अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे सोने-चाँदी के कीमती जेवरात चोरी कर लिए गए थे।

## पर्वतेश्वर पहाड़ी पर पौधारोपण

**सनावद।** स्मृति कल्प पर्यावरण संरक्षण संस्थान के तत्वावधान में समीपस्थ पर्वतेश्वर पहाड़ी पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील,विधायक सचिन बिरला एवं स्मृति कल्प पर्यावरण संरक्षण संस्थान के कार्यकताओं ने लगभग 2 सौ छायादार पौधों का रोपण किया। विधायक ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और पौधों को नियमित जलापूर्ति हेतु पानी का टैंकर प्रदान करने की घोषणा की।सांसद ने कहा कि प्राकृतिक आपदाएँ मानव समाज के लिए गंभीर चेतावनी हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक को व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्तर पर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण की शुद्धता,स्वच्छ जल एवं वायु की उपलब्धता बनाए रखा।

## भंडारों में प्लास्टिक डिस्पोजलों का उपयोग न करने का किया आव्हान

### हिंदू उत्सव समिति की बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



श्री गणेश गौशाला में शनिवार को हिंदू उत्सव समिति की बैठक समाज प्रमुखो की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में गुरु पूर्णिमा पर तीन दिवसीय मेले में आयोजित भंडारों की व्यवस्थाओं को लेकर 40 अलग अलग समाजो के अध्यक्ष, सचिव एवं भंडारा समिति के आयोजक उपस्थित थे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया की बैठक का मुख्य विषय था आगामी दादाजी मेले में आयोजित होने वाले भंडारों को प्लास्टिक डिस्पोजल मुक्त करने पर चर्चा

सभी समाज प्रमुखो एवं भंडारा आयोजको ने भंडारो में प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग न करने का आव्हान किया भंडारों में कागज की प्लेट, कागज के दोने ,कागज की प्लेट , या खाकरे के पत्तों के डिस्पोजल या केले के पत्तों के बने डिस्पोजल या अन्य प्लास्टिक मुक्त प्लास्टिक के डिस्पोजल का उपयोग करने के लिए भी आव्हान किया गया, एवं डिस्पोजल विक्रेता से भी आह्वान किया गया कि वह भंडारों में उपयोग होने वाले डिस्पोजल प्लास्टिक मुक्त डिस्पोजल अपनी दुकान पर रखकर भंडारे आयोजको को इनका उपयोग करने का आह्वान करें।

बैठक में मोहन काशीव हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष , रामचंद्रजी मौर्य ,

डॉ. शक्ति सिंह राठौड़, अखिलेश गुप्ता , धर्मेन्द्र बजाज , गिरीश बजाज , मोहन पटेल ,महेश पांचाल , दिनेश चौकसे , विनायक राव दराडे , रमेश तांदले , अरुण सोनी , संतोष खेडेकर , विरेन्द्र जैन ,सुनील जैन, हरे राम विश्वकर्मा , उमेश वर्मा , प्रकाश मस्के , भागीरथ टाले , सुमंत्र पाल , बब्लु गुहाचित , मोहन पटेल , मोहन शर्मा , आशीष खण्डेलवाल , विमल खण्डेलवाल , भावेश बिल्लौरे , महेश जायसवाल , सिद्धार्थ ठाकुर आदि समाज जन उपस्थित थे।

## न्यूज -कॉलम

### बहन पर हमला किया तो भाई ने जीजा का मारा चाकू

**उज्जैन।** देसाईनगर में शनिवार-रविवार रात पति-पत्नी के बीच विवाद का मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। पति ने ईट हमलाकर पत्नी को घायल कर दिया। पति ने आरोप लगाया कि उस पर साले ने चाकू से वार किया है। चरक अस्पताल में भर्ती पत्नी रीना ने बताया कि उसने पांच साल पहले प्रेम विवाह किया था। पति की प्रताड़ना से तंग आकर वह सालभर पहले बच्चों के साथ मायके देसाईनगर रहने आ गई थी। रात में पति बच्चों से मिलने के बहाने आया और विवाद कर ईंट से हमला किया। पति भरत जाटवा निवासी अशोकनगर भी अस्पताल में भर्ती है। उसका कहना कि वह हार-फूल की दुकान पर काम करता है। ससुराल बच्चों से मिलने गया था, जहां पत्नी ने विवाद किया और उसके भाई राजेन्द्र ने चाकू से वार कर दिया। पति के आरोप पर पत्नी का कहना था कि पति ने खुद को पैर में चाकू मारा है। उसने माता-पिता और भाई के साथ भी मारपीट की है। मामले में पति-पत्नी के विवाद की सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने दोनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की है।

### पड़ोसी ने 90 साल की बुजुर्ग के सिर पर मारा डंडा

**उज्जैन।** महिदपुर से 90 साल की बुजुर्ग सीताबाई पति लक्ष्मीनारायण को शनिवार रात उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। बुजुर्ग महिला के परिजनों ने बताया कि सीताबाई के पोते का 10 वर्षीय बालक हर्षित शाम को घर के बाहर खेल रहा था। उसे पडोस में रहने वाला डंडे से मारपीट करने लगा। सीताबाई घर के बाहर बैठी थी, उन्होने धीरज को मारपीट करते देखा तो हर्षित का बचाने पहुंची। उसी दौरान धीरज ने डंडे से सिर पर वार कर दिये। परिजनों का कहना था कि मामले की शिकायत महिदपुर थाना पुलिस को दर्ज कराई गई है। सीनियर सिटीजन के साथ मारपीट का दूसरा मामला नागझिरी थाना क्षेत्र की संत हिरदाराम कालोनी में कृष्ण कुमार पिता गंगास्वामी नायडू 65 साल के साथ हुआ। पडोसी ने पुराने विवाद में मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने वृद्ध कृष्णकुमार की शिकायत पर पडोसी के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

### विवाद होने पर युवती ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**उज्जैन।** मक्सीरोड पंचकुआ क्षेत्र में रहने वाली सुहाना पिता शाहिद 18 साल को शनिवार रात चरक अस्पताल में भर्ती कराया। युवती का आरोप था कि वह मां के साथ किराये कैलाश के मकान में रहती है। घर से कुछ दूरी पर भाई किराये से रहता है। रात में वह भाई के घर जा रही थी, गली में कैलाश अपने साथी बाबू और मनोज के साथ शराब पी रहा था। बाबू ने अकेला पाकर उसका हाथ पकड लिया और छेडछाड करने लगा। मामले में पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि युवती के आरोप की जांच जारी है, लेकिन घटनाक्रम लेनदेन की बात पर विवाद होना सामने आ रहा है। छेडछाड और हाथ पकडने का मामला स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### जहरीला पदार्थ खाकर ट्राला संचालक ने किया सुसाइड



**उज्जैन।** तराना में रहने वाले ट्राला संचालक दिनेश पिता नानूराम ठाकुर ने शनिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगडने पर परिजन उसे उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। रात में उसकी मौत होने पर माधवनगर थान पुलिस ने रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि दिनेश के पास 2 ट्राले थे। 6 माह पहले तीसरा ट्राला भी फायनेंस करा लिया था। जिसकी किश्त नहीं भर पाने पर उसने आगर के रहने वाले जीवनसिंह से सौदा कर दिया था। लेकिन नाम ट्रांसफर की प्रक्रिया नहीं हुई थी। जीवनसिंह भी फायनेंस की किश्त नहीं भर रहा था। जिसके चलते फायनेंस वाले किश्त जमा करने के दबाव दिनेश पर बना रहे थे। जिसके चलते वह तनाव में चल रहा था। माधवनगर थाना पुलिस को कहना था कि मामला तराना थाना क्षेत्र का है, मर्ग डायरी संबंधित पुलिस को भेजी जायेगी।

### बीमारी से मृत कवि का रहवासियों ने किया अंतिम संस्कार

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के मोहननगर में धर्मेन्द्र शर्मा के मकान में किराये से रहने वाले 72 वर्षीय प्रीतम पिता गजरासिंह ठाकुर कवि थे और सालों से अकेले रहते थे। उनका दोस्त रमेश ठाकुर उनके भोजन का प्रबंध करता था। कवि प्रीतम काफी समय से बीमार चल रहे थे, उन्हे कैंसर भी हो गया था। शनिवार रात दोस्त रमेश उनका भोजन लेकर पहुंचा तो प्रीतम बेसुध हालत में पडे मिले। उन्हे चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रमेश ठाकुर ने बताया कि परिवार को कोई नहीं था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौत बीमारी की वजह से हुई थी, बावजूद पोस्टमार्टम कराया गया। जिसके बाद रहवासियों और पडोसियों के साथ मिलकर उनका अंतिम संस्कार कराया गया।

# मोबाइल चोरी के बाद क्रेटा कार चोरों की दस्तक

## नानाखे?ा-नीलगंगा में वारदात, इंदौर की ओर भागे बदमाश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

करोडों के मोबाइल चोरी की वारदात के बाद बदमाशों ने शनिवार-रविवार नीलगंगा और नानाखेडा थाना क्षेत्र से लाखों रूपये कीमत की 2 क्रेटा कार चोरी कर ली। चुराई कारे इंदौर की ओर जाती दिखाई दी है। पुलिस कैमरों की मदद से बदमाशों का पता लगाने के प्रयास में लगी है।

बताया जा रहा है कि रात में कार चोरी करने वाले बदमाशों ने सबसे पहले नानाखेडा थाना क्षेत्र के बसंत विहार में रहने वाले पटवारी त्रिलोकचंद यहां दस्तक दी। उनके घर के बाहर खडी क्रेटा कार को चंद मिनट में चोरी करने के बाद बदमाश नीलगंगा थाना क्षेत्र के सुभाषनगर पहुंचे। जहां जयश्री होटल में ठहरे आशीष कुमार सोनी की क्रेटा कार को चोरी कर लिया। सोनी परिवार धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आया था। रविवार सुबह 2 थाना क्षेत्र से एक की कंपनी की 2 कारे चोरी होने पर दोनों थाना पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिये निकल पडी। कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये गये। इस दौरान सामने आया कि बसंत बिहार से चुराई कार से बदमाश सुभाषनगर तक पहुंचे थे, उसके बाद 2 बदमाशों ने दूसरी कार चोरी की ओर इंदौररोड की ओर निकल गये। पुलिस इंदौर जाने वाले मार्ग पर लगे कैमरों के फुटेज खंगालने में लगी है। विदित हो कि एक दिन पहले शुक्रवार-शनिवार रात को माधवनगर थाना क्षेत्र में कार से आये बदमाशों ने 2 मोबाइल दुकानों का शटर उचकाने के बाद करोडों के मोबाइल चोरी कर लिये थे।

**गरोठ ब्रिज से भागे मोबाइल चुराने वाले-** करोडों के मोबाइल चोरी करने वाले बदमाशों का पता लगाने के लिये कैमरों के फुटेज खंगाल रही माधवनगर पुलिस को बदमाशों के देवासरोड नागझिरी तक भागने के फुटेज मिले थे।

उसके बाद बदमाश कैमरों में दिखाई नहीं दिये। सूत्र बता रहे है कि बदमाशों ने देवासरोड से गरोठ ब्रिज पकडा और भागे है। बावजूद पुलिस की टीम देवास तक कैमरों के फुटेज खंगालने पहुंची। पुलिस उनकी कार का नम्बर ट्रेस कर रही है। सूत्रों का कहना है कि कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले है। जिसके आधार पर बदमाशों तक पहुंचने के प्रयास जारी है।

# गऊघाट पर क्षिप्रा नदी में डूबा ग्वालियर का युवक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



आश्रम जाने के लिये रविवार को उज्जैन पहुंचा ग्वालियर का युवक दोपहर में 2 दोस्तों के साथ क्षिप्रा नदी में नहाने के लिये गऊघाट पहुंच गया। नहाते समय गहराई में जाने पर डूब गया। दोस्तों की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम सर्चिंग के लिये पहुंची। कुछ घंटे बाद युवक का शव बाहर निकाल लिया गया।

नीलगंगा थाना एएसआई आदेश त्यागी ने बताया कि दोपहर डेढ़ बजे के लगभग खबर मिली थी कि गऊघाट स्थित क्षिप्रा नदी में एक युवक डूब गया है। उसकी तलाश के लिये होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को सूचना दी गई। 15 मिनट बाद टीम के पहुंचने पर सर्चिंग शुरू की गई। एक घंटे बाद ढाई बजे के लगभग युवक का शव बाहर निकाल लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक ग्वालियर स्थित मुरैना के बसई का रहने वाला अंकुश पिता अशोक शर्मा 19 साल है। वह दोस्त आदर्श कटारे और कान्हा शर्मा के साथ नहाने के लिये पहुंचा था। दोस्त आदर्श ने बताया कि अंकुश उजरखे?ा स्थित दंदरौआ आश्रम में वेद विद्या का अध्ययन करता था। वह कुछ माह पहले आश्रम से अपने घर लौट गया था। सुबह ही ग्वालियर से लौटा था और उसके किराये के मकान जयसिंहपुरा आया था।

उसने शाम को आश्रम जाने की बात कहीं और क्षिप्रा नदी में नहाने के लिये आ गया। एएसआई त्यागी के अनुसार मामले की सूचना परिजनों को दी गई है। उज्जैन में रहने वाले अंकल गऊघाट पहुंच गये थे। परिवार सोमवार सुबह तक उज्जैन पहुंचेगा। उसके बाद पोस्टमार्टम कराया जायेगा। बताया जा रहा है कि अंकुश के पिता खेती का काम करते है। वह तीन बहनों का एक भाई था।

# मुम्बई जेल में बंद मिला आभूषण ठगने वाला ईरानी बदमाश

## पुलिसकर्मी बन वृद्धा और बैंक मैनेजर से दिया था झांसा



**उज्जैन।** सालभर पहले पुलिसकर्मी बनकर सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर और संत्सग में जा रही वृद्धा को झांसा देकर आभूषण ठगने वाले बदमाश को पुलिस मुम्बई जेल से लेकर आई है। उसके साथी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

जुलाई 2025 में कोतवाली थाना क्षेत्र के नगर निगम के सामने बाइक से आये दो बदमाशों ने सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर सतीश कुमार पिता माणकलाल गुप्ता 66 वर्ष निवासी ऋषिनगर को सुबह के समय रोक लिया था और खुद को पुलिसकर्मी बताकर कहा था कि आगे चेन स्नेचिंग हो गई है। अपने आभूषण उतारकर रख लो। गुप्ता उनकी बातों में आ गये थे और गले में पहनी सोने की चेन, पेंडल, हाथों में पहनी तीन अंगूठी व सोने का ब्रेसलेट उतार दिया। दोनों ने उनके आभूषणों को कागज की पुडिया बांधकर वापस दिया था। लेकिन कुछ देर बाद पुडिया में आभूषण नहीं मिले थे। एक घंटे बाद बदमाशों ने नानाखेडा थाना क्षेत्र के काला पत्थर स्थित बसंत बिहार में रहने वाली आशा अडवानी 60 वर्ष को आगे लूट होना और खुद को पुलिसकर्मी बताकर उनके सोने के कंगन और चेन उतारकर पर्स में रखने की बात कहीं थी और गायब कर दी थी। आशा अडवानी सत्संग में जाने के लिये कालापत्थर पर परिवहन वाहन का इंतजार कर रही थी। नानाखेडा पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया था और आशंका जताई गई थी वारदात को ईरानी गैंग के बदमाशों ने अंजाम दिया है। सालभर बाद खबर सामने आई कि मुम्बई पुलिस ने लूट के मामले में ईरानी बदमाश हुसैनी पिता सैय्याज सैय्यद 45 वर्ष निवासी इरंग नगर खडकपाडा मुंबई महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ में उज्जैन में पुलिसकर्मी बनकर की गई ठगी का खुलासा हुआ है। नानाखेडा थाना पुलिस की टीम मुम्बई पहुंची और बदमाश को प्रोटेक्शन रिमांड पर उज्जैन लाया गया। जिसे रिमांड पर लिया गया है। बदमाश के साथियों की जानकारी जुटाने के साथ ठगे गये आभूषण बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# ट्रेक्टर पर सवार युवक की गिरने से हुई मौत

**उज्जैन।** ट्रेक्टर पर 2 चचेरे भाईयों के साथ सवार युवक संतुलन बिगडने पर गिर गया। उसे गंभीर चोंट लगी, दोनों भाई उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

नागदा के ग्राम गिंदवानिया में रहने वाले अर्जुन वरतिया और सचिन बोडाना ने बताया कि वह मजदूरी का काम करते है। रविवार दोपहर में जूना नागदा से विक्रम डेलवाल की ट्रेक्टर-ट्राली में ईंट भरकर उन्हेल आ रहे थे। उनका चचेरा भाई नितेश पिता परमेश्वर वरतिया पहली बार मजदूरी के लिये साथ आ रहा था। उन्हेल के ग्राम गरुखेडी में ईंट खाली करना थी। इस दौरान उन्हेल फंटा पर नितेश के मोबाइल पर घर वालों का कॉल आया, उसने जेब से मोबाइल निकाला और बात करने लगा, उसी दौरान संतुलन बिगडने पर चलते ट्रेक्टर से गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोंट लगी थी। तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया लेकिन आधा घंटा देरी से पहुंची एम्बुलेंस से उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही नितेश के पिता भी उज्जैन पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि नितेश 12 वीं तक पडा था। उसका एक भाई ओर है। नितेश की मौत होने पर अस्पताल स्टॉफ ने मामले की सूचना अस्पताल पुलिस चौकी को दी। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### घायल मिस्त्री ने निजी अस्पताल में मौत

सडक हादसे का एक मामला शनिवार-रविवार रात हुआ। इंगोरिया के ग्राम बलेडी में रहने वाला कमल पिता हेमराज चौहान 39 साल बाइक से उज्जैन आ रहा था। बडनगर मार्ग ग्राम चिकली में उसे अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। घायल होने पर उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां से परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर गये। उपचार के दौरान उसकी रविवार तडके मौत हो गई। माधवनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि कमल मिस्त्री का काम करता था और 3 बच्चों का पिता था।

# ट्रेन की चपेट में आये युवक की नहीं बची जान



**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर लाइन 2 पर रविवार दोपहर युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। आरपीएफ ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। युवक के साथ हादसा हुआ या फिर उसने खुद अपनी जान दी, जीआरपी इसकी जांच कर रही है।

स्टेशन मास्टर ने दोपहर 3 बजे के लगभग आरपीएफ को सूचना देकर बताया कि प्लेटफार्म नम्बर 1 लाइन 2 पर चलती गाडी के सामने आने से एक युवक ट्रेन की चपेट में आकर घायल हुआ है। एएसआई शिवसिंह बघेल टीम के साथ रेलवे लाइन पर पहुंचे और गंभीर घायल हो चुके युवक को उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पूछताछ करने पर उस नाम अजय पिता कैलाश 19 वर्ष निवासी खंडवा होना सामने आया। डॉक्टरों ने उसे उपचार के लिये भर्ती किया, लेकिन खून अधिक बहने और कमर के नीचे का हिस्सा कटने पर शाम को उसकी मौत हो गई। जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि सूचना मिलने पर मामले में मर्ग कायम किया गया है। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख परिजनों को सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है। परिजनों के आने पर मृतक के संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी। जांच के बाद ही पता चलेगा कि उसके साथ हादसा हुआ है या फिर उसने ट्रेन के नीचे आकर आतमहत्या की है।

## ज्वाईंट डिसनरेटिव डिसिस से ग्रस्त श्यामू हाथी नहीं होगा सवारी में शामिल....

# वन विभाग की फिटनेस जांच के बाद तय होगा किस हथनी का उपयोग सवारी में होगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण-भादौ मास की सवारी 3 अगस्त से निकाली जाएगी। 10 अगस्त की दुसरी सवारी में भगवान श्री मनमहेश को हाथी पर सवार कर निकाला जाता है। इस वर्ष की सवारी में हाथी श्यामू (हथिनी) का शामिल होना संदिग्ध बन गया है। डाक्टरों के अनुसार वह ज्वाईट डिसनरेटिव डिसिस से ग्रस्त है। इसकी रिपोर्ट वन विभाग ने हाई पावर कमेटी को सौंप दी है। हथिनी श्यामू को एक माह पूरी तरह आराम पर रखा गया था।

भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी में हाथी की परंपरा रही है। दूसरी सवारी में हाथी शामिल किया जाता है। सन1980 से पहले भी वैष्णव अखाडों के हाथी महाकाल की सवारी में शामिल होते रहे। 1980 से यह जिम्मेदारी संत टाईगर गिरी की रामू हथिनी ने संभाली। लगभग 35 वर्षों तक रामू ने जिम्मेदारी से भूमिका का निर्वहन किया और आम श्रद्धालुओं में काफी चहेती रही। वर्ष 2016 में 75 वर्ष की आयु तक लगातार सवारी का हिस्सा बनी रही। बाद में पैरों की बीमारी के चलते उसे बचाया नहीं जा सका। इसके बाद संत नगर निवासी शरमन गिरी की हथिनी श्यामू को सवारी में शामिल किया गया। पिछले करीब 10 वर्षों से सवारी में शामिल हो रही मादा श्यामू हथिनी को ज्वाईंट डिसनरेटिव डिसिस ने घेर रखा है। मादा हथिनी श्यामू का पूरा मामला वाइल्ड लाईफ की हाईपावर कमेटी के पास पहुंच चुका है। हथिनी को पिछले पांव में ज्वाइंट गेप हो रहा है जिससे उसके पैर मुडने लगे हैं। बकौल एसडीओ वन विक्रमसिंह सोलंकी पशु चिकित्सकों ने हाथी की जांच की थी। जांच रिपोर्ट हाईपावर कमेटी को प्रस्तुत की जा चुकी है।



### स्वास्थ्य परीक्षण से होगा चयन

भगवान श्री महाकालेश्वर की 10 अगस्त से निकलने वाली दुसरी सवारी से राजसी सवारी तक कुल 5 सवारी में इस बार हाथी को शामिल होना रहेगा। ऐसे में शहर में चार अन्य हथनियों में से किसी का चयन वन विभाग को करने की जिम्मेदारी निभाना होगी। इसके पूर्व इन हथनियों का स्वास्थ्य परिक्षण करवाते हुए भीड में उनके चलने की स्थिति को भी विभाग को ध्यान रखना होगा। इसके साथ ही हाथी पर लगाए जाने वाली पालकी और अन्य साजो सामान का वजन ढोने की स्थिति भी देखना होगी। बकौल एसडीओ श्री सोलंकी अधिकारिक स्तर पर उपर से निर्देश मिलते ही इसे लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। अभी मंदिर समिति की और से हाथी को लेकर पत्र आया हो मेरी जानकारी में नहीं है। चयन में स्वास्थ्य की जांच के साथ फिटनेस को देखा जाएगा।

### शहर में चार अन्य हथिनी

शहर में शरमन गिरी की श्यामू हथिनी के अलावा अन्य चार हथनियां भी हैं। जो बहुत कम ही बाजारों में देखने में आती हैं। शहर में रामजीदास पाण्डे के पास मालती नामक, श्री राम मंदिर निमोर्ही अखाडा महंत महेश दास के पास सुमा नामक एवं विजय लक्ष्मी और फसील नामक दो अन्य हथनियां भी श्री राम मंदिर निमोर्ही अखाडा के पास है।

### नमकीन नहीं लाने पर मिली जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** मंदसौर के सुवासरा में रहने वाला सचिन पिता सुहानसिंह पारदी 26 साल अपने ससुराल ग्राम ऊटेसरा भैरवगढ़ आया था। रात में मौसी के पुत्र काली के साथ गरोठ मार्ग पर शराब पीने पहुंचा। जहां कुछ युवक भी नशा कर रहे थे, उन्होने सचिन से पास की दुकान से नमकीन लाने को कहा। सचिन ने मना किया तो युवकों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने सचिन की शिकायत पर धमकी देने वाले युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### स्टेट शॉटगन शूटिंग में उज्जैन के निशानेबाजों का दबदबा

**उज्जैन।** भोपाल में आयोजित 16वीं मध्य प्रदेश स्टेट शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप में उज्जैन राइफल एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने लगातार छठे साल उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना दबदबा कायम रखा है। प्रतियोगिता के डबल ट्रैप में मानवीर सिंह बेस ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं सिंगल ट्रैप में उन्होंने लगातार छठी बार प्री-नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है। प्रतियोगिता की सिंगल ट्रैप पुरुष श्रेणी में अभिषेक राठौर ने रजत पदक जीता। युवा निशानेबाज दिव्य रतन लालगढ़ ने ट्रैप स्पर्धा के जूनियर और यूथ दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किए। इसके अलावा क्रिस्टोफर गुरांडे ने डबल ट्रैप की मास्टर कैटेगरी और केनथ गुरांडे ने यूथ कैटेगरी में आगामी प्री-नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। चयनित सभी खिलाड़ी अब प्री-नेशनल में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### 51 पौधों के साथ अभियान का श्रीगणेश

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मध्य प्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन की उज्जैन जिला इकाई ने जिले में 201 पौधे रोपने का संकल्प लिया है। इस वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ रविवार को मंगलनाथ मार्ग सांदीपनि आश्रम के समीप स्थित बगलामुखी मंदिर और पंडित चैतन्य महाराज के आश्रम परिसर में 51 पौधे रोपकर किया गया।संगठन के जिलाध्यक्ष योगेश मीणा और जिला युवा अध्यक्ष आशुतोष मीणा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बगलामुखी मंदिर के पीठाधीश व ज्योतिर्विद पं. चैतन्य श्याम नारायण व्यास, रतन सिंह चांदा, भाजपा नेता बालमुकुंद मीणा और सामाजिक न्याय विभाग के राजेश मीणा बतौर विशेष अतिथि उपस्थित थे।

# अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने में इनका रहा योगदान



साठ साल पहले की बात है। मैग्नेटिक इक्वेटर से करीब होने के कारण थुंबा को अंतरिक्ष शोध केंद्र के रूप में चुना गया। लेकिन इसके अधिग्रहण में एक बड़ी समस्या थी। थुंबा मछुआरों और उनके व्यापार के लिए अहम जगह थी। इसके अलावा यहां पर सेंट मेरी चर्च, फादर का घर और एक स्कूल भी था। अधिकारियों का कहना था कि अंतरिक्ष शोध के लिए लोगों को वहां से विस्थापन के लिए राजी करना असंभव है। इसके लिए एक दिन वैज्ञानिक वहां के बिशप परेरा से मिले और अपनी बात उनके सामने रखी। बिशप परेरा ने कहा, ह्यमेरा घर, बच्चों का घर, उनके माता-पिता का घर और भगवान के घर के अधिग्रहण की स्वीकृति देना मेरे लिए असंभव है? फिर भी आप लोग अगले रविवार की सुबह चर्च आइए। अगले रविवार की सुबह वैज्ञानिक विक्रम साराभाई डॉ. अब्दुल कलाम को साथ लेकर चर्च पहुंचे। प्रार्थना के बाद बिशप परेरा ने कहा, ह्यवैज्ञानिक और पुजारी मानव कल्याण के लिए होते हैं। जिस माइक से मैं बोल रहा हूं, वह विज्ञान की ही देन है। विज्ञान के कारण ही डॉक्टर हमारा इलाज कर पाते हैं। विज्ञान और तकनीक हमारे जीवन को आसान बनाते हैं। यह कहकर बिशप परेरा बोले, ह्यविज्ञान और धर्म मनुष्य के शरीर और आत्मा की शांति के लिए प्रयासरत हैं। यहां आए दो वैज्ञानिक एक साल के अंदर आपका, मेरा, गॉड का घर लेना चाहते हैं। क्या हम अपना घर देने को तैयार हैं? पूरे चर्च में सन्नाटा छा गया। थोड़ी देर बाद पूरे चर्च से एक साथ आवाज आई, हां, हम तैयार हैं। इसके बाद सभी ने बिना अपना पूरा इंतजाम किए वह जगह थुंबा इक्वेटोरियल रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन के लिए छोड़ दी। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने में मछुआरों और बिशप का यह त्याग भारत के वैज्ञानिक इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है।



सम्पादकीय

## मोदी की सफल विदेश यात्रा

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की हाल में की गई तीन देशों इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड की यात्रा को निश्चित रूप से सफलतम व रचनात्मक कहा जायेगा क्योंकि उन्होंने तीनों देशों के साथ भारत के सम्बन्धों को प्रगाढ़ करते हुए नये आयाम दिये हैं और सुनिश्चित किया है कि हिन्द-प्रशान्त महासागरीय क्षेत्र में स्थायी शान्ति को चुनौती न दी जा सके। मोदी ने सबसे अन्त में न्यूजीलैंड की यात्रा की और वहां के प्रधानमन्त्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता में यह तय किया कि दोनों देशों के बीच मतभेद का कोई स्थान न रहे। हिन्द-प्रशान्त महासागर क्षेत्र के इन तीनों देशों में उदार लोकतान्त्रिक व्यवस्था है जिसके तहत इन तीनों देशों का निजाम चलता है जबकि भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र कहा जाता है अतः बहुत स्वाभाविक है कि इन तीनों देशों के लोगों के बीच भी सम्बन्धों की प्रगाढ़ता होगी। मोदी ने इस मोर्चे पर भी नये रास्ते खोलने का प्रयास किया है। मगर सबसे बड़ी बात यह है कि हिन्द-प्रशान्त महासागरीय क्षेत्र में चीन जिस तरह अपनी सामरिक ताकत का प्रदर्शन करता रहता है उसके प्रति भी मोदी ने सर्वदा सन्तुलन बनाये रखने की अन्तर्दृष्टि का इजहार किया है।

पूर्व में चीन ऐसी हरकतें करता रहा है जिनके प्रति इस क्षेत्र के देशों में आशंका रही है। इसी वजह से भारत उस क्वाड समूह का प्रमुख सदस्य है जिसमें जापान, अमेरिका व ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। चारों देशों का यह गठबन्धन चीनी जवाब के रूप में भी देखा जाता है। इससे पहले भारत 80 के दशक तक यह मांग करता रहा था कि हिन्द महासागर क्षेत्र को अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति क्षेत्र घोषित किया जाये परन्तु 90 के दशक के शुरू से जिस प्रकार वैश्विक अर्थव्यवस्था भूमंडलीकरण हुआ उससे भू-राजनीतिक गणित बदला और विभिन्न देशों के बाजार एक- दूसरे के लिए आकर्षण का केन्द्र बनते चले गये। सोवियत संघ का विघटन होने से वैश्विक सामरिक समीकरण बदलने लगे और आर्थिक समीकरणों की वजह से राजनीति भी बदलती गई। कम्युनिस्ट चीन देखते-देखते ही पूंजीवादी कम्युनिस्ट देश बन गया और बाद में विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन बैठा। आर्थिक भूमंडलीकरण से भारत में भी परिवर्तन आया और आज यह विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत की इस ताकत का संज्ञान आज पूरा विश्व ले रहा है और इसके साथ विश्व के आधुनिकतम देश भी साझा कारोबार करने को लालायित हैं। अतः मोदी अपनी हर विदेश यात्रा में भारत के उन क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी सहयोग व विदेशी निवेश पर जोर देते हैं जिन्हें कुछ कमजोर माना जाता है या जिनमें और अधिक विस्तार की संभावना होती है। इस सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया यात्रा में उन्होंने इस देश से परमाणु ऊर्जा उत्पादन हेतु यूरेनियम ईंधन प्राप्त करने का करार किया और इंडोनेशिया को भारत की ब्रह्मोस मिसाइलें देने का समझौता किया।

### महिला आरक्षण, लोकसभा सीटों का विस्तार और लोकतंत्र की कसौटी

## प्रतिनिधित्व बढ़े, लेकिन क्या जनता पर बढ़ेगा आर्थिक बोझ?

भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा सौंदर्य उसकी समावेशी भावना है। यह व्यवस्था केवल शासन चलाने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रतिनिधित्व देने का संवैधानिक वादा भी है। महिलाओं की राजनीति में भागीदारी इसी वादे का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद भी संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या उनकी आबादी के अनुपात में बहुत कम रही है। इसलिए महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का विचार स्वाभाविक रूप से स्वागत योग्य माना जाता है। यह केवल लैंगिक समानता का प्रश्न नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता का भी प्रश्न है।



प्रियंका सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

लेकिन महिला आरक्षण की इस ऐतिहासिक पहल के साथ एक नई बहस भी जन्म ले चुकी है। क्या महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने के लिए लोकसभा की कुल सीटों में भारी वृद्धि आवश्यक है? क्या मौजूदा 543 सीटों के भीतर ही यह व्यवस्था लागू नहीं की जा सकती? यह प्रश्न केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आर्थिक, प्रशासनिक और संवैधानिक दृष्टि से भी गंभीर है। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि महिला आरक्षण और लोकसभा सीटों की संभावित वृद्धि दो अलग-अलग विषय हैं। महिला आरक्षण का संबंध निर्वाचित सीटों के आरक्षण से है, जबकि लोकसभा की सीटों का विस्तार भविष्य के परिसीमन (डिलिमिटेशन) से जुड़ा हुआ विषय है। फिर भी आम नागरिक के मन में यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि यदि आरक्षण का उद्देश्य महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देना है, तो क्या इसके लिए संसद का आकार बढ़ाना अनिवार्य है?

लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व का अर्थ केवल अधिक सांसद होना नहीं है। लोकतंत्र की सफलता इस बात से मापी जाती है कि जनप्रतिनिधि कितने उत्तरदायी हैं, संसद में कितनी गंभीर बहस होती है, कानून कितनी गुणवत्ता से बनते हैं और जनता की समस्याओं का समाधान कितना प्रभावी ढंग से होता है। यदि केवल संख्या बढ़ाने से लोकतंत्र मजबूत होता, तो दुनिया के सबसे बड़े संसद वाले देश स्वतः सबसे बेहतर लोकतंत्र भी होते। लेकिन वास्तविकता इससे अलग है।

भारत में आज भी लाखों लोग गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार, कृषि संकट और आधारभूत सुविधाओं जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में यदि संसद की संख्या बढ़ती है, तो जनता के मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या इससे शासन अधिक प्रभावी होगा या केवल सरकारी खर्च बढ़ेगा? प्रत्येक सांसद के साथ वेतन, कार्यालय, कर्मचारी, आवास, यात्रा, सुरक्षा, संसदीय संसाधन और प्रशासनिक ढांचे का विस्तार भी जुड़ा होता है। इसलिए सीटों की संख्या बढ़ाने का निर्णय केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि वित्तीय निर्णय भी है।

हालांकि इस विषय पर यह भी स्पष्ट करना आवश्यक है कि अक्सर सार्वजनिक चर्चा में सांसदों के वेतन और सरकारी खर्च के बारे में कई दावे किए जाते हैं, जिनके वास्तविक आंकड़े अलग हो सकते हैं। इसलिए किसी भी आर्थिक तर्क को प्रमाणित सरकारी आँकड़ों के आधार पर ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए। लोकतांत्रिक विमर्श तथ्यों पर आधारित होना चाहिए, अतिशयोक्ति पर नहीं। महिला आरक्षण के समर्थकों का तर्क है कि बिना संवैधानिक गारंटी के राजनीतिक दल महिलाओं को पर्याप्त टिकट नहीं देंगे। पिछले सात दशकों का अनुभव भी यही बताता है कि अधिकांश दल चुनावों में महिलाओं को सीमित अवसर देते रहे हैं। इसलिए आरक्षण आवश्यक है। यह तर्क मजबूत और ऐतिहासिक अनुभव पर आधारित है।

लेकिन दूसरी ओर एक चिंता यह भी व्यक्त की जाती है कि क्या आरक्षण का लाभ वास्तव में समाज के अंतिम पायदान की महिलाओं तक पहुंचेगा? भारतीय राजनीति में चुनाव लड़ना आज भी अत्यधिक संसाधन-आधारित प्रक्रिया है। ऐसे में संभावना रहती है कि टिकट वितरण में राजनीतिक परिवारों, प्रभावशाली नेताओं, आर्थिक रूप से सक्षम उम्मीदवारों अथवा पहले से प्रसिद्ध व्यक्तियों को प्राथमिकता मिले। यदि ऐसा होता है, तो ग्रामीण, गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय महिलाओं का प्रतिनिधित्व अपेक्षित स्तर तक नहीं बढ़ पाएगा।

यह चुनौती केवल महिला आरक्षण की नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की समग्र संरचना की है। जब तक राजनीतिक दल अपने संगठनात्मक ढांचे में महिलाओं को नेतृत्व के अवसर नहीं देंगे, तब तक केवल संवैधानिक आरक्षण से अपेक्षित परिवर्तन सीमित रह सकता है। वास्तविक महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल संसद तक पहुँचाना नहीं, बल्कि निर्णय लेने की वास्तविक शक्ति देना भी है। एक और महत्वपूर्ण पहलू राजनीतिक दलों की आंतरिक संरचना से जुड़ा है। लगभग सभी दल महिला सम्मान और महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं, लेकिन टिकट वितरण, संगठनात्मक पदों और शीर्ष नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी अभी भी सीमित दिखाई देती है। यदि राजनीतिक दल स्वयं अपनी कार्यप्रणाली में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएँ, तो लोकतांत्रिक संस्कृति अधिक मजबूत होगी।

लोकसभा की सीटों में संभावित वृद्धि का एक दूसरा आयाम संघीय संतुलन भी है। परिसीमन के बाद जनसंख्या के आधार पर राज्यों के प्रतिनिधित्व में परिवर्तन हो सकता है। इससे विभिन्न राज्यों के बीच राजनीतिक शक्ति का संतुलन प्रभावित होने की संभावना पर भी विशेषज्ञ चर्चा करते रहे हैं। इसलिए यह केवल संसद की संख्या का प्रश्न नहीं, बल्कि भारतीय संघीय व्यवस्था का भी विषय है। ऐसे निर्णय व्यापक राष्ट्रीय सहमति और गंभीर विमर्श के आधार पर ही लिए जाने चाहिए। भारतीय लोकतंत्र की एक और चुनौती है–जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता का घटता विश्वास। संसद में व्यवधान, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप, विधेयकों पर सीमित चर्चा और चुनावी राजनीति का बढ़ता प्रभाव लोगों के मन में यह प्रश्न पैदा करता है कि क्या लोकतांत्रिक संस्थाएँ अपनी सर्वोत्तम क्षमता से काम कर रही हैं? यदि जनता पहले से ही प्रतिनिधियों की जवाबदेही पर प्रश्न उठा रही है, तो संख्या बढ़ाने से पहले जवाबदेही बढ़ाने पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। लोकतंत्र में गुणवत्ता, संख्या से अधिक महत्वपूर्ण होती है। यदि संसद की कार्यवाही अधिक प्रभावी हो, संसदीय समितियाँ बेहतर ढंग से काम करें, सांसद अपने क्षेत्रों में अधिक सक्रिय रहें और कानून निर्माण की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बने, तो जनता का विश्वास स्वतः बढ़ेगा। केवल अधिक सांसद होने से लोकतंत्र अधिक उत्तरदायी नहीं हो जाता।

## कोहरा

शाम का कोहरा चारों तरफ अपनी चादर पसार चुका था और रेलवे स्टेशन के किनारे बने चाय के टिन शेड के नीचे लटकती मद्धम बत्ती की रोशनी में सुखदेव बाबा की परछाई किसी ढहते हुए स्तूप की तरह डगमगा रही थी। उनके चेहरे की गहरी झुर्रियों में केवल वक्त की मार नहीं, बल्कि एक रूह कंपा देने वाली टीस और गहरा सन्नाटा छिपा था, जैसे किसी ने उनकी सांसों के भीतर का सब कुछ लूट लिया हो। चाय की दुकान के एक कोने में बेंच पर बैठा मैं उनकी थमी हुई धड़कनों को महसूस कर रहा था, जहां हवा में केतली की भाप कम और किसी आने वाले तूफान की खामोशी ज्यादा मंडरा रही थी। सुखदेव बाबा ने जब अपनी कांपती और सर्द उंगलियों से मेरी कलाई छुई, तो ऐसा लगा मानो कोई उखड़ा हुआ दरख्त गिरने से पहले आखिरी सहारा ढूंढ रहा हो। उनकी आंखों का पानी कब का पथरा चुका था, लेकिन उनके भीतर उमड़ता हुआ रोना सीधे सुनने वाले के कलेजे को चीरता हुआ बाहर आ रहा था। वह रह-रहकर सूनी रेल पटरियों की तरफ देखते और फिर अपने दोनों हाथों को पेट पर ऐसे भींच लेते, जैसे कोई भूखा इंसान अपने भीतर उठने वाले दर्द को दबाने की नाकाम कोशिश कर रहा हो। इस मंजर को देखकर वहां मौजूद हर मुसाफिर का दिल मसोस उठा था, क्योंकि सुखदेव बाबा जैसे धीर-गंभीर बुजुर्ग का इस तरह बिखर जाना किसी मजबूत चट्टान के जमींदोज होने जैसा था। का बताई बबुआ, भीतर जौन आरी चल रही है, ऊ सिर्फ हम जानते हैं या फिर ऊपर बैठा वह घटघटवासी जानता है। सुखदेव बाबा की आवाज में पूस की ठंडी हवा जैसी सिहरन और बेबसी दोनों एक साथ गुथी हुई थी। दुनिया को लगता है कि हम सिर्फ इस अनाथालय की जमीन छिन जाने या कुछ रुपयों की हेराफेरी पर आंसू बहा रहे हैं, पर सच तो यह है कि उन्होंने हमारी रगों से जीने की आखिरी उम्मीद तक निचोड़ ली है।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 13 जुलाई 2026 सोमवार
सूर्योदय - 05:43 सूर्यास्त 19:12
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - चतुर्दशी 18:50 उपरांत अमावस्या
नक्षत्र - आर्द्रा 02:51 उपरांत पुनर्वसु
योग - ध्रुव 16:00 उपरांत व्याघात
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मिथुन में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 27 तारिख

**मेष-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी।

**वृषभ-** यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। कार्यभार व अधिकार में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन-** समय की अनुकूलता का लाभ लें। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**कर्क-** आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी।

**सिंह-** कारोबार में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। प्रमाद न करें।

**कन्या-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**तुला-** दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा।

**वृश्चिक-** यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नया काम मिलेगा। नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

**धनु-** कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता रहेगी, लाभ लें।

**मकर-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ-** कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**मीन-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

समसामयिक

## AI से खबर बन सकती हैं, पत्रकार नहीं

पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसका आधार केवल सूचना देना नहीं, बल्कि सत्य को सामने लाना, सत्ता से सवाल करना और समाज के प्रति जवाबदेही निभाना है। समय के साथ पत्रकारिता के साधन बदले हैं, लेकिन उसके मूल सिद्धांत नहीं। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) ने समाचार लेखन को पहले से कहीं अधिक आसान बना दिया है। कुछ शब्द लिखिए, एक फोटो जोड़िए और कुछ ही सेकंड में पूरी खबर तैयार। यही सुविधा आज पत्रकारिता के सामने सबसे बड़ी चुनौती भी बनती जा रही है। सोशल मीडिया के इस दौर में हर दिन हजारों पोस्ट समाचार के नाम पर साझा की जाती हैं। किसी अधिकारी, जनप्रतिनिधि या सामाजिक व्यक्ति का फोटो लगाया जाता है, उसके नीचे दो-चार पंक्तियां लिखी जाती हैं और फिर अकसे उसे आकर्षक भाषा में तैयार कर ब्रेकिंग न्यूज बना दिया जाता है। पढ़ने वाले को वह खबर जैसी दिखाई देती है। लेकिन उसके पीछे न तथ्य जांच होती है, न घटनास्थल की जानकारी और न ही संपादकीय जिम्मेदारी।



अर्पित हरदेनिया
दैनिक अवन्तिका

यहीं से पत्रकारिता और कंटेंट बनाने का अंतर शुरू होता है। AI भाषा लिख सकता है, वाक्य सजा सकता है और शीर्षक बना सकता है, लेकिन वह यह तय नहीं कर सकता कि जानकारी सही है या गलत। वह किसी अधिकारी से सवाल नहीं पूछ सकता, किसी पीड़ित की बात नहीं सुन सकता और न ही घटनास्थल पर जाकर सच का पता लगा सकता है। यह काम आज भी केवल एक जिम्मेदार पत्रकार ही कर सकता है।

एक समय था जब संवाददाता हाथ से समाचार लिखते थे। डाक के जरिए अखबार के दफ्तर भेजते थे। कई क्षेत्रों में बसों से खबरें पहुंचाई जाती थीं। फिर फैक्स आया, ई-मेल आया और अब मोबाइल से पलभर में समाचार भेजे जा रहे हैं। तकनीक हर दौर में बदली, लेकिन एक बात कभी नहीं बदली–खबर छापने से पहले उसकी पुष्टि करना। यही पत्रकारिता की असली पहचान रही है। दुर्भाग्य से आज सोशल मीडिया की प्रतिस्पर्धा में सबसे पहले खबर डालने की होड़ मची हुई है। सत्य बाद में देखा जाता है, वायरल पहले किया जाता है। AI ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। बिना जांचे-परखे तैयार की गई सामग्री को समाचार का रूप देकर प्रसारित किया जा रहा है। कई बार इससे अफवाह फैलती है, किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचता है और सरकारी अधिकारियों या संस्थाओं पर अनावश्यक दबाव बनाने का प्रयास भी किया जाता है। ऐसी प्रवृत्ति पत्रकारिता नहीं, बल्कि गैर-जिम्मेदार सूचना प्रसार है।

यह भी सच है कि AI कोई दुश्मन नहीं है। जिस प्रकार कैमरा आने से पत्रकारिता खत्म नहीं हुई, उसी तरह अक आने से भी नहीं होगी। बल्कि सही हाथों में यह एक उपयोगी साधन है। अनुभवी पत्रकार AI का उपयोग भाषा सुधारने, जानकारी व्यवस्थित करने या प्रारूप तैयार करने के लिए कर सकते हैं। लेकिन अंतिम निर्णय, तथ्य जांच और जवाबदेही हमेशा इंसान की ही रहेगी।

आज जरूरत इस बात की है कि पत्रकारिता और सोशल मीडिया कंटेंट के बीच की रेखा स्पष्ट रहे। हर मोबाइल चलाने वाला पत्रकार नहीं होता और हर AI से लिखी गई पोस्ट समाचार नहीं होती। पत्रकारिता की पहचान किसी प्रेस कार्ड, फेसबुक पेज या अकसे नहीं होती, बल्कि सत्य के प्रति ईमानदारी, तथ्यों की पुष्टि और जनता के विश्वास से होती है। तकनीक बदलती रहेगी, नए उपकरण आते रहेंगे, लेकिन पत्रकारिता का धर्म नहीं बदलना चाहिए। AI खबर का मसौदा तैयार कर सकता है, पर सच की तलाश नहीं कर सकता। वह शब्द लिख सकता है, लेकिन संवेदनाएं नहीं समझ सकता। इसलिए यह याद रखना होगा कि AI खबर लिख सकता है, लेकिन पत्रकारिता नहीं कर सकता। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की मजबूती आधुनिक तकनीक से नहीं, बल्कि सच्चाई, निष्पक्षता और जिम्मेदारी से तय होगी। यही पत्रकारिता की असली पहचान है और आगे भी रहेगी।

## नशाखोरों पर कानून का शिकंजा -भारत सरकार का नीतिगत प्रहार

वैश्विक स्तरपर दवा और मादक पदार्थों के बीच की धुंधली होती लकीर वर्तमान समय में वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक अभूतपूर्व चुनौती बन चुकी है। पारंपरिक रूप से समाज जिन रसायनों को चिकित्सा,शारीरिक रिकवरी और उपचार का माध्यम मानता आया है,आज वही रसायन एक छिपे हुए वैश्विक महामारी के रूप में युवा पीढ़ी को अपनी गिरफ्त में ले रहे हैं। इस गंभीर संकट को भांपते हुए,भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक युगांतकारी कदम उठाते हुए औषधि नियम,1945 में ऐतिहासिक संशोधन किया है।भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आधिकारिक गजट नोटिफिकेशन 8 जुलाई 2026 (जी.एस.आर.607(ई) को जारी किया गया,आधिकारिक गजट में प्रकाशित होने के बाद, इन नए सख्त नियमों को देश भर में पूरी तरह प्रभावी होने के लिए छह महीने का समय दिया गया है। इस प्रकार, दवा निमार्ताओं और फार्मेसियों के लिए यह संशोधन जनवरी 2027 से अनिवार्य रूप से लागू माना जाएगा ताकि तब तक उद्योग जगत पैकेजिंग और फॉर्मूलेशन में आवश्यक बदलाव कर सके इस नए कानून के तहत अब ऐसी सभी ओरल लिक्विड (तरल) दवाएं, जिनमें एथिल अल्कोहल की मात्रा 12 प्रतिशत वी /वी से अधिक है और जिनकी पैकिंग 30 मिलीलीटर से बड़ी है,उन्हें पूरी तरह से नियंत्रित करते हुए शेड्यूल एच1 के दायरे में ला दिया गया है। इस कठोर विनियामक हस्तक्षेप का प्राथमिक और मूल उद्देश्य देश में कफ सिरप, टॉनिक, पाचक द्रव्यों और अन्य सुगंधित औषधीय मिश्रणों के रूप में धड़ल्ले से किए जा रहे गैर- चिकित्सीय नशे और फार्मास्युटिकल दुरुपयोग की जड़ों पर प्रहार करना है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र अधिवक्ता होने के नाते बता दूं कि नशे के आदी लोगों और विशेषकर किशोरों द्वारा कानून की कमियों का फायदा उठाकर किया जाने वाला यह दुरुपयोग केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक विनियामक चिंता का विषय रहा है। लंबे समय से कुछ विशिष्ट औषधीय फॉमूर्लेशन,जैसे कि अदरक, इलायची और पुदीने के टिंचर तथा कई पारंपरिक स्वास्थ्य टॉनिक, औषधि नियम,1945 के शेड्यूल के, के तहत लाइसेंसिंग आवश्यकताओं से पूरी तरह मुक्त थे।इस छूट कापरिणाम यह हुआ कि जिन दवाओं में अल्कोहल की सांद्रता 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक थी,वे भी बाजार में बिना किसी सख्त निगरानी के ओवर-द- काउंटर यानी बिना पर्ची के आसानी से उपलब्ध थीं। कई राज्य सरकारों द्वारा इस पर गहरी चिंता जताए जाने के बाद केंद्र सरकार ने शेड्यूल के से इस छूट को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है, जिससे अब इन दवाओं के निर्माण, भंडारण और वितरण के लिए औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत अनिवार्य रूप से लाइसेंस लेना होगा।



किशन सनमुखदास (दैनिक अवन्तिका)

हम विशिष्ट विनियामक कानूनीधाराएं और दंडात्मक प्रावधानइस कानून को जमीन पर सख्ती से लागू करने के लिए सरकार ने इसे औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम,1940 ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट ,1940 के दंडात्मक प्रावधानों से जोड़ा है। अधिनियम की धारा 18 (सी) के तहत बिना वैध निर्माण या बिक्री लाइसेंस के इन दवाओं का भंडारण या वितरण करना एक संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध माना जाएगा। नए संशोधनों के तहत शेड्यूल एच 1 नियमों के प्रथम उल्लंघन परः यदि कोई केमिस्ट या फार्मासिस्ट पहली बार बिना डॉक्टर के पर्चे के 12 प्रतिशत से अधिक अल्कोहल वाली दवा बेचते या बिक्री का 3 वर्ष का रिकॉर्ड न मेंटेन करते हुए पकड़ा जाता है, तो राज्य दवा नियामक प्राधिकरण द्वारा उसका लाइसेंस 15 से 30 दिनों के लिए निलंबित किया जा सकता है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

धर्म-आस्था

## सलाह लेने-देने का मार्ग अनुचित नहीं होता

हर क्षेत्र में चाहे वह सामाजिक संस्था हो, धार्मिक संस्था हो, शैक्षणिक संस्था हो, सांस्कृतिक संस्था हो, खेलकूद की संस्था हो या राजनीतिक संगठन हो इत्यादि संस्थाओं के पदाधिकारियों में वरिष्ठ व्यक्ति ही सही मार्गदर्शन देने में सक्षम होते हैं। चाहे आप उन संस्थाओं के पूर्व पदाधिकारियों से सलाह ले या ना ले परंतु उनके अनुभव अत्यंत ही उपयोगी होते हैं, क्योंकि बड़े बुजुर्ग, अभिभावक, गुरुजन, मित्र, सगे संबंधी से किसी भी शुभ अशुभ मौके पर सलाह लेने और देने की परंपरा भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से चली आ रही है। हालांकि कुछ लोग अपने आपको ज्यादा ही समझदार समझते हैं और बिना वरिष्ठ व्यक्ति की सलाह के जीवन के महत्वपूर्ण फैसले कर लेते हैं। नतीजन ऐसे लोग कई बार संकट में भी फंस जाते हैं।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

सलाह लेना और देना समाज में सहिष्णुता और नैतिकता विकसित करने का आध्यात्मिक मार्ग भी है। यही वजह है कि हमारे यहां अतीत से ही यह परंपरा चली आ रही है कि वरिष्ठ व्यक्ति से सलाह लेने व देने का मार्ग अनुचित नहीं होता है। यहां यह जिक्र करना भी लाजमी है कि भगवान श्रीकृष्ण की सलाह अगर दुर्योधन मान लेता तो महाभारत जैसा भयंकर युद्ध नहीं होता और कौरव वंश का विनाश नहीं होता, वही श्री कृष्ण की सलाह मानने के कारण ही पांडवों की विजय तय हुई।

### किसी को सलाह देना हो तो उसकी अच्छाई-बुराई का ध्यान रखें

उपनिषद कहते हैं कि ब्रह्माजी की तीन संतानें हैं - देवता, दानव और मनुष्य। एक दिन ये तीनों ब्रह्माजी के पास पहुंचे। तीनों ने उनसे कहा कि हमें कोई उपदेश दीजिए, जिससे हमारा जीवन सफल हो जाए। ब्रह्माजी ने तीनों को द शब्द दिया। द शब्द का अर्थ देवता, दानव और मनुष्य, तीनों के लिए अलग-अलग था। सबसे पहले ब्रह्माजी देवताओं से बोले कि तुम्हारे जीवन में भोग-विलास बहुत अधिक है। इसलिए तुम्हारे लिए द का अर्थ है दमन। दमन यानी नियंत्रण। अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण करना। मनुष्यों से ब्रह्माजी बोले कि मैंने तुम्हें द शब्द इसलिए दिया है कि तुम इससे दान करो। दान का अर्थ है सेवा। मनुष्य शरीर से किया जा सकने वाला सबसे अच्छा काम होता है किसी की सेवा करना। सेवा करना ही इंसानों का मुख्य धर्म है। अंत में ब्रह्माजी ने दानवों से कहा कि तुम हिंसक हो। लड़ाई-झगड़ा करना ही तुम्हारा स्वभाव है। तुम्हारे लिए द का अर्थ है दया। तुम अत्याचारी हो और जीवनभर हिंसा ही करोगे इसलिए एक बात याद रखना दूसरों पर दया करना।

**सीख** – ब्रह्माजी ने जो किया, वही हमें भी करना चाहिए। जब भी किसी को ज्ञान, उपदेश, समझाइश देना हो तो उस व्यक्ति के स्वभाव, आदतों और उसके मनोविज्ञान पर जरूर नजर रखें। व्यक्ति की अच्छी-बुरी आदतें, उसकी रुचि, लक्ष्य को समझें। इसके बाद ही ये दूरदर्शिता रखें कि आगे जाकर ये अपनी बुराइयों से क्या नुकसान करेगा, उस नुकसान की भरपाई किस ज्ञान से होगी। वैसा ही ज्ञान, उपदेश या सलाह देनी चाहिए।

**सलाह के संबंध में यहां एक ओर प्रसंग अत्यंत महत्वपूर्ण है कि-** यूनान के एक प्रसिद्ध दार्शनिक सुकरात भ्रमण करते हुए एक शहर में पहुंचे। वहां उनकी एक वृद्ध व्यक्ति से भेंट हुई वे दोनों काफी घुलमिल गए। सुकरात ने उनके व्यक्तिगत जीवन में काफी रूचि ली और उनसे काफी खुलकर बातें की। संतोष व्यक्त करते हुए सुकरात ने कहा आप का गत जीवन तो बड़े शानदार ढंग से बीता है लेकिन इस वृद्धावस्था में आपको कौन-कौन से पापड़ बेलने पड़ रहे हैं यह तो बतलाइए। वृद्ध ने मुस्कुराते हुए कहा कि मैं अपने पारिवारिक उत्तरदायित्व को अपने समर्थ पुत्रों को देकर निश्चिंत हूं। वह जो कहते हैं वह मैं कर देता हूं, जो खिलाते हैं वह खा लेता हूं, और पौत्र-पौत्रियों के साथ हंसता खेलता रहता हूं। बच्चे कुछ भूल भी करते हैं फिर भी मैं चुप रहता हूं मैं उनके कार्य में बाधक नहीं बनता, लेकिन जब कभी भी वे मुझसे परामर्श लेने आते हैं तो मैं अपने जीवन के सारे अनुभवो को उनके सामने रख देता हूं और की गई भूलों से उत्पन्न दुष्परिणामों की ओर उन्हें सचेत कर देता हूं। वे मेरी सलाह पर कितना चलते हैं यह देखना मेरा काम नहीं है। वह मेरे निर्देशों पर चले यह मेरा आग्रह नहीं होता।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्का- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,42,700 रवा- 1,42,500 चांदी- टंच- 2,27,000 पाट- 2,26,500।

### उज्जैन किराना


**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष चयन को लेकर रायशुमारी, दावेदारों से लिए बायोडाटा

**शुजालपुर।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के शाजापुर जिला प्रभारी निजामुद्दीन मंसूरी शनिवार को शुजालपुर पहुंचे, जहां कार्यकताओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों से बायोडाटा लिए तथा स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा कर रायशुमारी की। मंसूरी ने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग को मजबूत कर पार्टी संगठन को सशक्त बनाना प्राथमिकता है। रायशुमारी के आधार पर रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व को सौंपी जाएगी और हाईकमान का निर्णय सर्वमान्य होगा। इस दौरान वरिष्ठ नेता फकीर मोहम्मद, आशिक हुसैन बोहरा और इरशाद खान जैदी भी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष हसन रजा कुरैशी ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी भंग होने के बाद नए सिरे से जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, शहर अध्यक्ष रईस पठान, प्रदेश सचिव गजेंद्र सिसोदिया, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार, कांग्रेस नेता सागर परमार, मंडलम अध्यक्ष एवं पार्षद बल्ला सोनी, पार्षद राजू दरबार, हाजी सिद्दीक पठान, विष्णु शर्मा, शिव परमार,गोलू शेख, बाबुल पठान, सोनू मास सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाल संसद बैठक में बच्चों को बताया अधिकार नेतृत्व और सहभागिता का महत्व




**शुजालपुर।** ग्राम ढाबला घोसी में बाल संसद विषय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृपा सोशल वेलफेयर सोसायटी उज्जैन के चीफ कोऑर्डिनेटर संतोष मनोरिया एवं कम्युनिटी एजुकेटर अमरसिंह राजपूत ने बच्चों को बाल संसद की भूमिका और उनके अधिकारों की जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि प्रत्येक बच्चे को जीवन, विकास, सहभागिता और सुरक्षा के चार मूल अधिकार प्राप्त हैं। इन अधिकारों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि यदि ये अधिकार नहीं होते तो बाल श्रम, बाल विवाह और शोषण जैसी समस्याएं बढ़ सकती थीं। बैठक में बच्चों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कम्युनिटी एजुकेटर अमरसिंह राजपूत ने सभी बालक-बालिकाओं का आभार व्यक्त किया। बैठक में बड़ी संख्या में बच्चों ने सहभागिता की।

**स्व. गेहलोत की स्मृति में 30 जुलाई को निःशुल्क नेत्र शिविर**

## मोतियाबिंद मरीजों का चयन कर बस से सेवा सदन अस्पताल ले जाया जाएगा

**शुजालपुर।** समाजसेवी एवं खाटू श्याम सेना ट्रस्ट शाजापुर के



जिला अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गेहलोत के पूज्य पिता स्वर्गीय देवेंद्र कुमार गेहलोत की स्मृति में 30 जुलाई गुरुवार को निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, संत हिरदाराम नगर एवं सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र, शुजालपुर मंडी के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र के प्रभारी खुशीराम आचार्य ने बताया कि शिविर सरकारी अस्पताल के सामने स्थित सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी में आयोजित होगा। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी तथा मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयन किया जाएगा। चयनित मरीजों को सेवा सदन की बस से संत हिरदाराम नगर स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ले जाया जाएगा, जहां उनका निःशुल्क ऑपरेशन एवं आवश्यक उपचार किया जाएगा।

## जल संरक्षण को लेकर प्रशासन सजग, जिपं सीईओ ने किया अमृत सरोवरों का सघन निरीक्षण



**शाजापुर।** जिले में जल संरक्षण की मुहिम को सफल बनाने और ग्रामीण विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए प्रशासनिक अधिकारी लगातार मैदानी स्तर पर सक्रिय हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीषा वास्कले ने जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों का दौरा कर महत्वपूर्ण जल संरचनाओं का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार, जिपं सीईओ वास्कले ने ग्राम पंचायत उमरिया दया, ग्राम जावदी और ग्राम पंचायत सगड़िया का सघन भ्रमण किया। यहां पहुंचकर उन्होंने शासन की महत्वकांक्षी योजना के तहत बनाए गए अमृत सरोवरों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरोवरों की वर्तमान स्थिति, जल भराव की क्षमता और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखा तथा संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ, सहायक परियोजना अधिकारी (एपीओ) और संबंधित क्षेत्र के उपयंत्री भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मौसम विभाग का सर्वे उपकरण आसमान से गिरा, मदाना गांव के खेत में मिला

**कुछ देर गाँव में रही खलबली, किसान ने पुलिस को सौंपा**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया



शाजापुर जिले के अकोदिया इलाके में मौसम विभाग की एक मशीन (सर्वेक्षण उपकरण) दोपहर 2 बजे खराबी आने की वजह से आसमान से नीचे गिर गई। यह मशीन मदाना गांव के रहने वाले किसान कुमेर सिंह सिसोदिया के खेत में आकर गिरी, जिसे देखकर कुछ देर के लिए पूरे इलाके में खलबली मच गई।

जानकारी के मुताबिक, यह मशीन मौसम की जानकारी और आंकड़े इकट्ठा करने के लिए आसमान में छोड़ी गई थी। उड़ते समय इसमें कोई तकनीकी खराबी आ गई, जिससे इसका बैलेंस बिगड़ गया और यह सीधे खेत में आ गिरी।

शुरूआत में तो गांव के लोगों ने इसे कोई ड्रोन समझा। चूंकि गांव में ऐसी चीज पहली बार गिरी थी, इसलिए इसे देखने के लिए खेत पर भारी भीड़ जमा हो गई।

खेत पर मौजूद किसान कुमेर सिंह के परिवार ने इस मशीन को सुरक्षित अपने पास रखा। इसके बाद उनके बेटे शैलेंद्र प्रताप सिंह सिसोदिया और दोस्त जितेंद्र सिंह सिसोदिया ने जिम्मेदारी दिखाते हुए मशीन को तुरंत सलसलाई थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मशीन को संभाल कर रख लिया है।

### भोपाल मौसम विभाग ने छोड़ी थी मशीन

थाने के प्रधान आरक्षक गोविंद सिसोदिया ने बताया कि यह मशीन भोपाल मौसम विभाग की है, जिसे मौसम की जांच के लिए आसमान में छोड़ा गया था। तकनीकी खराबी या बैटरी खत्म होने की वजह से यह इस इलाके में गिर गई। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे 10 से 15 यंत्र एक साथ हवा में छोड़े जाते हैं। पुलिस ने मौसम विभाग को इस बात की खबर दे दी है। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वे दो-चार दिन में आकर अपनी मशीन ले जाएंगे। पुलिस ने साफ किया है कि नियमों के मुताबिक इस मशीन को विभाग के अफसरों को सौंप दिया जाएगा।

**शांतिनगर क्षेत्र में दिनदहाड़े युवक पर तलवार से**

# घर के बाहर युवक पर ताबड़तोड़ हमला कर कुख्यात आरोपी बदमाश फरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास के शांति नगर क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर दिनदहाड़े एक युवक पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया गया। पुरानी रंजिश के चलते हुई इस वारदात में 38 वर्षीय नितेश गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। घायल का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इसका वीडियो भी सामने आया है।

जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब 2 बजे की है। नितेश अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान दुर्गेश वहां पहुंचा और बिना किसी बातचीत के तलवार से लगातार कई वार कर दिए। अचानक हुए हमले से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया।

कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपी दुर्गेश पुलिस की गुंडा सूची में शामिल है। उसके खिलाफ हत्या, मारपीट, धमकी और अन्य गंभीर अपराधों सहित 23 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग स्थानों पर दबिश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश लगातार की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

हमले में नितेश गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हमले के बाद की स्थिति दिखाई दे रही है। घायल नितेश ने पुलिस को बताया कि आरोपी दुर्गेश से उसकी पुरानी रंजिश चल रही थी। उसी विवाद के चलते उसने तलवार से हमला किया। पुलिस इस एंगल सहित अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

## नाबालिग भतीजी के सामने चाचा ने की अश्लील हरकत

**पीडिता ने मोबाइल से घटना का वीडियो भी**

**शुजालपुर।** क्षेत्र के ग्राम श्यामपुर में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। एक 14 वर्षीय किशोरी ने अपने सगे चाचा पर अश्लील हरकत करने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम श्यामपुर निवासी 14 वर्षीय किशोरी ने अपने माता-पिता के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। किशोरी ने बताया कि 5 जुलाई की दोपहर वह घर के बाहर खड़ी थी। उस समय उसके माता-पिता खेत पर काम करने गए थे, जबकि भाई-बहन मंदिर के पास खेल रहे थे। इसी दौरान उसका चाचा जितेंद्र मीणा घर के सामने आया और कथित रूप से अश्लील हरकत करते हुए उसे अपने पास बुलाने लगा। किशोरी डरकर तुरंत घर के अंदर चली गई और शाम को माता-पिता के लौटने पर पूरी घटना की जानकारी दी। परिजनों के अनुसार घटना के बाद आरोपी घर पर नहीं मिला। इसके बाद 10 जुलाई की शाम आरोपी दोबारा घर के सामने आया। इस दौरान किशोरी के पिता ने उससे पहली घटना को लेकर सवाल किया तो आरोपी ने फि र कथित रूप से अश्लील हरकत की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। किशोरी ने अपने पिता के मोबाइल से इस घटना का वीडियो भी बना लिया, जिसे पुलिस को उपलब्ध कराने की बात कही गई है।

## गोपाल बने नपा पेंशनर संघ के जिला अध्यक्ष

**आगर मालवा।** आगर मालवोनगर पालिका आगर मालवा से सेवानिवृत्त कर्मचारी गोपाल भावसार को मध्यप्रदेश नगरपालिका निगम एवं नगरपालिका पेंशनर संघ का आगर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष लीलाधर मनावरे द्वारा किया गया। गोपाल भावसार के जिला अध्यक्ष बनने पर नगरपालिका के सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनर संघ के सदस्यों में हर्ष का माहौल है। साथियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

# जेसीबी से मुरम फैलाकर प्लॉट पर कब्जे का प्रयास

**पुलिस ने तीन लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शहर के फ्रीगंज क्षेत्र स्थित मालवीय धर्मशाला के पास निर्माणाधीन मकान के प्लॉट पर कथित कब्जे के प्रयास का विरोध करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। पीड़ित का आरोप है कि तीन लोग जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और खाली जमीन पर जबरन कब्जा कर लोहे के एंगल व तार लगाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की, एंगल लेकर हमला करने दौड़े तथा जान से मारने की धमकी दी। वहीं जेसीबी चलाकर निर्माण कार्य के लिए रखी मुरम भी फैला दी, जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ।

पुलिस के अनुसार फरियादी रघु परमार पिता लखनलाल परमार निवासी ग्राम पोचानेर हाल निवासी एमजी रोड शुजालपुर मंडी ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे वह अपने निमार्णाधीन मकान पर पहुंचे थे। इसी दौरान राकेश मीणा निवासी दुबड़ी, रामबाबू मीणा निवासी देवलाखेड़ी तथा गोविंद मीणा निवासी निचलापुरा जेसीबी लेकर पहुंचे और प्लॉट की खाली जगह पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे।

फरियादी के अनुसार जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने अभद्र गालियां दीं और लोहे के एंगल से हमला करने के लिए दौड़ पड़े। मौके पर मौजूद उनके भाई सागर सिंह परमार, चौकीदार बद्रीप्रसाद मीणा तथा अजय उर्फ बंटी देशमुख ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने जेसीबी से निर्माण कार्य के लिए रखी मुरम को फैला दिया, जिससे करीब 8 से 10 हजार रुपये का नुकसान हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया।

**एबीवीपी के 78वें स्थापना दिवस पर**

# 267 छात्र-छात्राओं ने 3 किमी मैराथन दौड़ में लिया हिस्सा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 78वें स्थापना दिवस और राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर रविवार सुबह शाजापुर में 3 किलोमीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। गांधी हॉल से शुरू हुई दौड़ में 267 छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

**प्रमुख मार्गों से निकली मैराथन**

मैराथन गांधी हॉल से शुरू होकर ट्रैफिक प्वाइंट, नई सड़क, आजाद चौक, छोटा चौक और सोमवारिया मार्ग से होती हुई पुनः गांधी हॉल पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

छात्र वर्ग में देवेंद्र सेन ने पहला, प्रदीप पटेल ने दूसरा और कुलदीप गुर्जर ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं छात्रा वर्ग में मेघा नायक प्रथम, कोमल राजावत द्वितीय और आरती मंडलोई तृतीय रहीं। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



### युवाओं को खेलों से जुड़ने का संदेश

कार्यक्रम में खेलो भारत के प्रांत संयोजक अमन कुमार सिंह और देवास विभाग संयोजक दक्ष यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। नगर अध्यक्ष अशोक सलोकिया ने स्वागत भाषण दिया। अमन कुमार सिंह ने युवाओं से मोबाइल की बजाय खेल मैदानों से जुड़ने का आह्वान किया। वहीं दक्ष यादव ने एबीवीपी के 78 वर्षों के इतिहास और राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में नगर मंत्री आयुष शर्मा ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ, सशक्त और चिंतनशील नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।


## जाहिर सूचना (PUBLIC NOTICE)

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है किः मेरे पक्षकार श्री दिलीप टटवारिया पिता स्वर्गीय श्री रूपकुमार टटवारिया, निवासीः 11/10, 11/11, वेद नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.), हाल मुकामः 13/07, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.)-452003 के विधिक निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना निम्नानुसार प्रकाशित की जा रही हैः

01. यह कि मेरे पक्षकार के पूर्ण स्वामित्व, आधिपत्य एवं स्वत्व का एक रहवासी भवन, जो कि भवन क्रमांक 11/10 एवं 11/11, वेद नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्य प्रदेश) में स्थित है (जिसे आगे 'उक्त भवन' कहा गया है), के विक्रय के संबंध में एक सौदा चिट्ठी दिनांक 16/04/2026 को क्रेताः नगजीराम परमार पिता नाथूलाल परमार, निवासीः पावापुरी धाम कॉलोनी, इन्दौर रोड, उज्जैन (म.प्र.) के पक्ष में निष्पादित की गई थी।

02. यह कि उक्त क्रेता (नगजीराम परमार) द्वारा सौदा चिट्ठी में वर्णित विधिक शर्तों व अनुबंध का घोर उल्लंघन किया गया तथा बार-बार कहे जाने के बावजूद तय समयावधि के भीतर अनुबंध की शेष राशि का भुगतान नहीं किया गया। अतः क्रेता द्वारा किए गए अनुबंध भंग के कारण, मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सौदा चिट्ठी दिनांक 16/04/2026 को पूर्ण रूप से निरस्त (Cancel) कर दिया गया है तथा अनुबंध की शर्तों के अनुसार क्रेता द्वारा दी गई बयाना राशि (Earnest Money) को जप्त व फारफीट (Forfeit)कर लिया गया है।

03. यह कि मेरे पक्षकार को प्रामाणिक सूत्रों से यह ज्ञात हुआ है कि क्रेता (नगजीराम परमार) उक्त निरस्त हो चुकी सौदा चिट्ठी दिनांक 16/04/2026 का दुरुपयोग कर, मेरे पक्षकार के उक्त भवन (11/10, 11/11, वेद नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन) को किसी अन्य विधिक इकाई या तृतीय पक्ष को अवैध रूप से अंतरित (Transfer) करने या उसका संव्यवहार करने हेतु बाजार में प्रयासरत है। मेरे पक्षकार द्वारा सौदा निरस्त किए जाने के बाद उक्त क्रेता को इस भवन के संबंध में किसी भी प्रकार का हस्तांतरण या संव्यवहार करने का कोई भी वैधानिक, मालिकाना या आधिपत्य संबंधी अधिकार शेष नहीं रह गया है।

04. अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से समस्त आम जनता, वित्तीय संस्थाओं, बैंकों, सोसायटियों एवं क्रेताओं को सचेत किया जाता है कि उक्त भवन के संबंध में उक्त व्यक्ति (नगजीराम परमार या उनके प्रतिनिधियों) से किसी भी प्रकार का क्रय, विक्रय, अंतरण, बंधक, सौदा या अन्य किसी भी प्रकार का संव्यवहार (Transaction) न करें।

05. यदि इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के उपरांत भी कोई व्यक्ति, समूह, बैंक या संस्था उक्त भवन के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार करता है, तो ऐसा समस्त संव्यवहार निरस्त सौदा चिट्ठी दिनांक 16/04/2026 के प्रकाश में शून्य व निष्प्रभावी (Void ab-initio) माना जावेगा। ऐसे किसी भी अवैध संव्यवहार के लिए मेरा पक्षकार किसी भी रूप में उत्तरदायी, जवाबदेह या बाध्य नहीं होगा और ऐसा करने वाले स्वयं अपने लाभ-हानि के जिम्मेदार होंगे।

मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सौदा चिट्ठीकर्ता (क्रेता) के विरुद्ध धोखाधड़ी व विधि विरुद्ध प्रयासों के लिए शीघ्र ही पुलिस प्रशासन में शिकायत दर्ज कराई जा रही है तथा सक्षम विधिक न्यायालय में उचित वाद (Civil & Criminal Suit) प्रस्तुत करने की विधिक कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

दिनांकः 13/07/2026 स्थानः उज्जैन (म.प्र.)

**शैलेष परमार एडवोकेट**
**हाईकोर्ट एडवोकेट एवं भारत सरकार द्वारा अधिकृत नोटरी**
**आफिस : MIG-F-2/9, जवाहर नगर, नानाखेड़ा उज्जैन (म.प्र.) मो. नं. 98934-43124**
**समय- सुबह 7.30 बजे से 9.30 बजे तक, शाम 7.30 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक**




**योगिनी एकादशी पर खाटू श्याम धाम में आस्था का सैलाब**

## श्रृंगार, छप्पन भोग और महाआरती हुई, गूंजते रहे श्याम नाम के जयघोष

**देवास।** देवास में अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम में योगिनी एकादशी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही बाबा श्याम के दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर परिसर 'हारे के सहारे, खाटू वाले श्याम हमारे' और 'जय श्री श्याम' के जयघोष से भक्तिमय बना रहा। योगिनी एकादशी के पावन अवसर पर बाबा खाटू श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया। फूलों से सजे दरबार में श्रद्धालुओं ने शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर बाबा को छप्पन व्यंजनों का भोग भी अर्पित किया गया। मंदिर में आयोजित ज्योत दर्शन और भोग आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ आरती में भाग लेकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम को आयोजित भजन संध्या में भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। श्याम भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और पूरा मंदिर परिसर श्याम नाम के जयघोष से गूंजता रहा। मंदिर के पुजारी श्याम शर्मा ने बताया कि महाआरती आयोजन का मुख्य आकर्षण रही। हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ बाबा श्याम की आरती कर आस्था का अद्भुत नजारा प्रस्तुत किया। दीपों की रोशनी, घंटियों की गूंज और जयघोष के बीच पूरा खाटू श्याम धाम भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

## स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण छात्राओं को बांटे कंपास बॉक्स

**आगर मालवा।** भारत विकास परिषद, शाखा आगर मालवा ने अपने 64वें स्थापना दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हॉस्टल में पौधरोपण किया। साथ ही वंचित वर्ग की 116 छात्राओं को निशुल्क कंपास बॉक्स वितरित किए। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक वंदे मातरम के साथ हुई, जिसमें छात्राओं और परिषद के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष डॉ. विवेक मालानी ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भारत विकास परिषद की 64 वर्षों की सेवा, संस्कार, सहयोग और समर्पण की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से शिक्षा, सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इसके बाद छात्राओं को कंपास बॉक्स वितरित किए गए और विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सामाजिक जिम्मेदारी है और ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं।

**जान से मारने की धमकी और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार**

## एक साल पहले भी बनाए थे संबंध दूसरी बार के लिए बना रहा था दबाव

**शाजापुर।** शाजापुर जिले की सुनेरा थाना पुलिस ने महिला संबंधी अपराध में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोपहर करीब 3 बजे इस कार्रवाई का खुलासा किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देश पर महिला संबंधी अपराधों के शीघ्र निराकरण के अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी अंकित मुकाती ने बताया कि पीड़िता ने 10 जुलाई 2026 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने उसे बुरी नीयत से पकड़ा, अश्लील हरकतें कीं और गलत काम करने का दबाव बनाया। विवेचना के दौरान पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व भी आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। जांच के बाद गठित पुलिस टीम ने आरोपी छोटू उर्फ वीरेंद्र सिंह, निवासी भिलवाड़िया को 24 घंटे के भीतर उसके गांव भिलवाड़िया से गिरफ्तार कर लिया।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सयुंक्त भवन स्वामी श्री रामकृष्ण जोशी पिता श्री कालूराम जोशी, श्रीमती सरला जोशी पति श्री रामकृष्ण जोशी निवासीगण महात्मा गांधी मार्ग नयापुरा तराना उज्जैन (म.प्र.) के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन जो कि नगर निगम सीमा उज्जैन में होकर जिसका भवन क्रमांक 3/1 का पश्चिम दिशा वाला भाग स्थित वर्धमान नगर कानीपुरा रोड कस्बा उज्जैन में होकर उक्त भवन जो कि दो मंजिल आरसीसी छत से निर्मित होकर फ्री होल्ड राईटस होकर मुख्य मार्ग से अन्दर की ओर आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का हैं। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 46.44 वर्गमीटर अर्थात 500 वर्गफीट होकर उक्त भवन जिसकी चतुर्सीमा पूर्व दिशा में मकान क्रमांक 03 का भाग, पश्चिम दिशा में मकान क्रमाक 04, उत्तर दिशा में सड़क कॉलोनी की, दक्षिण दिशा में खुली भूमि स्थित हैं। उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने की सौदा कर विक्रय अनुबंध तैयार किया गया है जिसमें बयाना राशि अदा कर दिया गया हैं, तथा शेष राशि अदा कर मूल भूखण्ड स्वामी से विक्रय पत्र का सम्पादन/पंजीयन किया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड सम्पति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भूखण्ड बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बाबत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधनकारक होगी। यह सूचित हो। इति दिनांक 12.07.2026

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड़**
**(सर्विस प्रोवाईडर) कार्यालय डी.एफ. 12 प्रथम मंजिल भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र देवास रोड उज्जैन**
**मोबा. 9074220501**

# एविल इंजेक्शन की बिक्री पर प्रशासन की सख्ती

## सात मेडिकल स्टोर और एक क्लीनिक की जांच



**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

नशीली दवाओं एवं उनके संभावित दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रविवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शुजालपुर में सात मेडिकल स्टोर एवं एक निजी क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान दो मेडिकल स्टोरों पर बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के दवा विक्रय पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया, जबकि एक मेडिकल स्टोर से कफ सिरप का नमूना जांच के लिए लिया गया।

कलेक्टर के निर्देश तथा उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं एसडीएम शुजालपुर के मार्गदर्शन में टीम ने सरस्वती मेडिकल स्टोर, एमबी मेडिकल स्टोर फ्रीगंज, आदर्श मेडिकल स्टोर, श्रीकृष्णा मेडिकल एजेंसी शुजालपुर मंडी, चंदेल मेडिकल स्टोर, आरसीआर मेडिकल स्टोर शुजालपुर सिटी तथा डॉ. ताहिर के क्लीनिक का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान चंदेल मेडिकल स्टोर, शुजालपुर सिटी से कफ सिरप का नमूना लेकर जांच के लिए राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जाएगा।

**एविल इंजेक्शन के रिकॉर्ड की हुई जांच**

निरीक्षण के दौरान एविल इंजेक्शन के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेखों की गहन जांच की गई। दो मेडिकल स्टोर सरस्वती मेडिकल स्टोर, एमबी मेडिकल स्टोर फ्रीगंज से दवाओं के खरीद-बिक्री संबंधी बिल मांगे गए। जांच में बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के दवा विक्रय किए जाने की स्थिति मिलने पर दोनों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियम 1945 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**मादक पदार्थों के साथ दुरुपयोग की आशंका**

सूत्रों के अनुसार एविल इंजेक्शन एक एलर्जीरोधी एंटीहिस्टामिन दवा है, लेकिन कुछ मामलों में इसका मादक पदार्थों या नशीले इंजेक्शनों के साथ मिलाकर नशे के लिए दुरुपयोग भी किया जाता है। इसी संभावना को देखते हुए प्रशासन द्वारा इसके क्रय-विक्रय पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। हालांकि, वैध चिकित्सकीय उपयोग के लिए यह एक स्वीकृत दवा है और डॉक्टर की सलाह पर इसका उपयोग सुरक्षित माना जाता है।

**डॉक्टर के पर्चे पर ही दवा बेचने के निर्देश**

सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिए गए कि शेड्यूल एच वन एवं शेड्यूल एच श्रेणी की दवाओं का विक्रय केवल पंजीकृत चिकित्सक के वैध प्रिस्क्रिप्शन पर ही किया जाए तथा सभी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं। निरीक्षण दल में नायब तहसीलदार घनश्याम लोहार, औषधि निरीक्षक प्रदीप अहिरवार, शुजालपुर सिटी थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पाठक, शुजालपुर मंडी थाना प्रभारी शिवकुमार यादव सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। अधिकारियों ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# दूसरी बाइक से बचने के प्रयास में दंपती दुर्घटनाग्रस्त

## डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

अवंतिपुर बड़ोदिया मार्ग पर अरंडिया जोड़ के समीप दूसरी बाइक से बचने के प्रयास में एक दंपती दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे में बाइक सवार महिला घायल हो गई, जिसे डायल 112 की टीम ने तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार दिलाया।

जानकारी के अनुसार फारूक खान अपनी पत्नी सुयामा के साथ बाइक से जा रहे थे। अरंडिया जोड़ के समीप सामने से आ रही दूसरी बाइक




से बचने के प्रयास में उनकी बाइक असंतुलित हो गई। हादसे में सुयामा बाइक से सड़क पर गिर गई, जिससे उनके कान एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं।

घटना की सूचना मिलते ही मौके से गुजर रही डायल 112 एफआरवी 01 की टीम ने तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। टीम ने घायल महिला को प्राथमिक मदद देने के बाद शुजालपुर अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। डायल 112 टीम में एसटीएफ सी मांगीलाल दांगी एवं पायलट श्याम शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया।

## जमीन बंटवारे के विवाद में माता-पिता से मारपीट

**शुजालपुर।** क्षेत्र के ग्राम गैरखेड़ी में पैतृक जमीन और मकान के बंटवारे को लेकर परिवार में विवाद इतना बढ़ गया कि बेटे और बहू पर अपने ही माता-पिता के साथ मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम गैरखेड़ी निवासी 50 वर्षीय सुभाग सिंह मेवाड़ा ने अपनी पत्नी फुलकुंवर बाई एवं साले दिनेश मेवाड़ा के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके दो पुत्र हैं, जिनमें बड़ा पुत्र सीताराम मेवाड़ा लंबे समय से घर और जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद करता आ रहा है। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 8 बजे सीताराम मेवाड़ा और उसकी पत्नी दिशा मेवाड़ा ने बंटवारे की बात को लेकर सुभाग सिंह और उनकी पत्नी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सीताराम ने अपने पिता के साथ थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की, जबकि बहू दिशा ने फुलकुंवर बाई के साथ मारपीट की, जिससे उनके सीने में चोट आई। घटना के दौरान फरियादी के बड़े भाई गोपाल मेवाड़ा ने बीच-बचाव किया। फरियादी का आरोप है कि जाते-जाते सीताराम और दिशा ने घर और जमीन का बंटवारा नहीं करने पर दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सर्वांगीण विकास ही लक्ष्य और ध्येय है

### भाजपा की जिला कार्यकारी बैठक आयोजित

**गुना।** देश के नागरिकों का सर्वांगीण विकास करना ही मुख्य लक्ष्य और ध्येय है भारतीय जनता पार्टी का, चाहे वो भाजपा द्वारा शासित राज्यों की सरकारों द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की या फिर केंद्र सरकार की नीतियों की बात हो।



विकसित भारत 2047 का लक्ष्य माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और 140 करोड़ देशवासियों की सामूहिक सहभागिता से ही साकार होगा। जनभागीदारी, सुशासन, नवाचार और आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ हम सभी मिलकर एक सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत का निर्माण करेंगे। ये बात पार्टी के जिला प्रभारी राजेंद्र सिंह राजपूत ने गुना में आयोजित जिला कार्यकारी मासिक बैठक के दौरान उपस्थित जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए हमें बूथ एवं शक्ति केंद्र को मजबूत करना होगा तभी हम ज़्यादा से ज़्यादा लोगों के बीच पहुंचकर अपने विचार को मजबूती से स्थापित कर पाएंगे।

**कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए जिला संगठन की सरहाना की**-बैठक के दौरान जिला प्रभारी राजेंद्र राजपूत ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी द्वारा दिए जाने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए भाजपा जिला संगठन की सराहना करते हुए कहा कि गुना का नाम प्रदेश में टॉप पाँच जिलों में शुमार किया जाता है जो बेहद सराहनीय है। उन्होंने पिछले माह पार्टी द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रमों की मंडल स्तर पर समीक्षा करते हुए मंडल अध्यक्षों एवं प्रभारियों से संवाद किया।

# आंखों देखा हाल- पुलिस के कागजों और अभियानों के दावों से अलग दिखी धरातल की तस्वीर

**गुना।** धरनावदा थाना सहित जिलेभर के थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा समय-समय पर जुआ और सट्टा विरोधी अभियान चलाने तथा कार्रवाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन इसके उलट उस कार्यवाही और अभियानों का असर धरनावदा क्षेत्र में बिल्कुल दिखाई नही दिया। धरातल पर यहां की वास्तविक तस्वीर पुलिस प्रशासन के दावों के विपरीत देखी गई। यह क्षेत्र राजस्थान की सीमा से जुड़ा है और पारदी बाहुल्य होने के साथ-साथ विकास की दृष्टि से भी काफी पिछड़ा माना जाता है। इसलिए यह बात सही भी है कि इस तरह की गतिविधियों को नकारा नही जा सकता है। पूर्व में जो कार्यवाही हुई हैं और दावे किए गए हैं उस हिसाब से वर्तमान थाना प्रभारी के कार्यकाल में इस तरह की गतिविधियां चलना पुलिस को शर्मिंदा करती हैं। वह भी जब तब शासन ने राजस्थान से आने वाले नशीले मादक पदार्थों तथा अपराधों को रोकने के लिए धरनावदा जैसे गांव में थाना बना दिया गया हो। इसके बावजूद भी क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बात तो दूर है, परंतु पुलिस के होते हुए जुआ और सट्टे का कारोबार जारी है।

दरअसल हम आंखों देखी बात करें तो धरनावदा थाना क्षेत्र के कुछ स्थानों पर खुलेआम जुआ और सट्टे की गतिविधियां संचालित हो रही हैं, जिससे युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और सामाजिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। बड़ा सवाल ये है कि थाने के इर्द-गिर्द इस तरह की अवैध गतिविधियां पाई जाना क्या पुलिस नेटवर्क से बाहर हैं या फिर यूं कहें कि यह सब खेल थाना प्रभारी रूहित शर्मा के संरक्षण में चल रहा हैं। दूसरी मजे की बात ये है कि यहां के जनप्रतिनिधियों और गांव के जागरूक लोगों को इस बात की भनक नही है ऐसा हो नही सकता। हकीकत तो ये है कि पुलिस मौन पड़ी हुई है और स्थानीय आमजनों के अलावा वहां के जनप्रतिनिधि तथा जागरूक नागरिक किसी से बुराई या मौल लड़ाई नही लेना चाहते। कहते हैं कि आ बैल मोए मार वाली कहावत से दुनिया डरी हुई है जो जिसे जैसा करना है वह करे सब स्वतंत्र हैं। यह कहना गलत नही होगा कि पुलिस अगर ईमानदार है तो वह पूरी ईमानदारी से अपनी देशभक्ति निभाएगी यह सो टंच बात है कोई परिंदा भी पर नही मार सकता। फिलहाल ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व की पुलिस कार्यशैली और दावों के मुताबिक तत्कालीन थाना प्रभारी प्रभात कटारे की मेहनत पर पानी फिरता नजा आ रहा है।

**पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष कार्यवाही की मांग**-स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कागजों में अभियान और कार्रवाई दिखाई देती है, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति अलग नजर आती है। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि यदि ऐसे अवैध कारोबार वास्तव में संचालित हो रहे हैं, तो उनकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही, नियमित निगरानी बढ़ाकर कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि अभियान केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका असर धरातल पर भी दिखाई दे। सूत्रों का कहना है कि राजस्थान से गांजे की तस्करी सहित डोडाचूरा, अफीम और चरस जैसे नशीले मादक पदार्थ खपाए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर धरनावदा में जुआ सट्टा जैसे अवैध फड़ों से गांव का माहौल बिगड़ रहा है। और यहां की युवा पीढ़ी तथा बच्चे इस घातक लत में जकड़े हुए हैं।

**पुलिस से बेखौफ चल रहे जुआ-सट्टा के फड़**- पहली बार किसी काम से निकले मीडिया कर्मी धरनावदा थाना क्षेत्र में पहुंचे। इस दौरान उन्हें सरेआम जुआ खेलते और सट्टा पर्ची काटते लोग मिले। नजारा ऐसा था कि लोग बिंदास अपने काम को पुलिस से बेखौफ होकर अंजाम तक पहुंचाते रहे। वाकायदा डायरी में सट्टे के नम्बर नोट करता युवक तो दूसरा पर्ची से नम्बर नोट कराता रहा। उधर पास में ही जुआ फड़ पर मजमा लगा रहा। इससे गांव ही नही अपितु पुलिस की कार्यशैली पर भी प्रश्न चिन्ह लगता है। क्षेत्र की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने मीडियाकर्मियों ने धरनावदा थाना प्रभारी रूहिल शर्मा को फोन लगाया तो उन्होंने फोन उठाना उचित नही समझा। क्षेत्र की अवैध गतिविधियों को देख उनसे राह नही गया तो वे धरनावदा थाना भी पहुंचे। यहां से भी कोई हल नहीं निकला तो मीडियाकर्मी रूठियाई चौकी पर पहुंचे जहां से धरनावदा थाना चलता है। यहां भी थाना प्रभारी को कई फोन किए, लेकिन अभी तक कोई उत्तर नहीं मिला। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब मीडिया कर्मियों के कई फोन पहुंचने के बावजूद भी कि कॉल रिसीव नही हुआ।

## इग्लैंड दौरे के बाद भारत का कोचिंग स्टाफ बदलेगा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो टी-20 सीरीज हारने के बाद भारतीय टीम के सपोर्ट स्टाफ में बदलाव हो सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट और बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल टीम से बाहर हो सकते हैं। दोनों का मौजूदा कॉन्ट्रैक्ट इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद खत्म हो रहा है। लगातार खराब प्रदर्शन के बाद टीम और सपोर्ट स्टाफ का रिव्यू करेगा। टीम की खराब फील्डिंग भी बोर्ड की चिंता बढ़ा रही है। भारत ने आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर 10 से ज्यादा कैच छोड़े। ऐसे में फील्डिंग कोच टी. दिलीप को भी हटाया जा सकता है। पिछले साल उन्हें अभिषेक नायर के साथ टीम से बाहर किया गया था, लेकिन बाद में दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## वियतनाम में 15 भारतीयों की मौत के बाद बोट कैप्टन गिरफ्तार

**हनोई।** वियतनाम में शनिवार को भारतीय पर्यटकों से भरी स्पीडबोट पलटने से 15 भारतीयों की मौत के बाद स्पीडबोट कैप्टन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर केस दर्ज किया गया है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भारतीय टूरिस्ट 'लावा मोबाइल' के चैनल पार्टनर और कर्मचारी थे। सभी कंपनी के टॉप परफॉर्मिंग डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए आयोजित रिवॉर्ड ट्रिप पर वियतनाम गए थे। कई पीड़ित परिवारों ने बताया कि उन्हें हादसे की पहली जानकारी टीवी चैनलों या दोस्तों के फोन से मिली। इसके बाद भारतीय दूतावास और स्थानीय प्रशासन ने उनसे संपर्क किया। कई परिवार अब भी अपने परिजन के पार्थिव शरीर के भारत पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं।शुरुआती जांच में स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि मौसम अचानक खराब होने और ऊंची लहरों की वजह से यह हादसा हुआ। हालांकि, पूरे मामले की जांच जारी है।

## कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा का निधन

**कतर** कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी का रविवार सुबह 74 साल की उम्र में निधन हो गया। इसकी जानकारी कतर के सर्वोच्च सरकारी निकाय अमीरी दीवान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी।अमीरी दीवान ने अपने बयान में कहा कि शेख हमद ने रविवार सुबह अंतिम सांस ली। हालांकि, उनके निधन का कारण नहीं बताया गया है। शेख हमद बिन खलीफा अल थानी 1995 से 2013 तक कतर के अमीर रहे। उनके कार्यकाल में कतर ने आर्थिक और कूटनीतिक स्तर पर तेजी से विकास किया। वर्ष 2013 में उन्होंने सत्ता अपने बेटे शेख तमीम बिन हमद अल थानी को सौंप दी थी, जो वर्तमान में कतर के अमीर हैं।

## यूरोप की सिलिकॉन वैली बना विलनियस

**विलनियस** सुबह के करीब दस बजे हैं। लिथुआनिया की राजधानी विलनियस की साइबर सिटी में कांच की ऊंची इमारतों के बीच तेज कदमों से युवा प्रोफेशनल्स गुजर रहे हैं। एक तरफ नॉर्ड सिक्योरिटी जैसे दुनियाभर में मशहूर यूनिकॉर्न का दफ्तर है, तो कुछ ही कदम पर हॉस्टिंगर का। हॉस्टिंगर यानी एक ऐसा स्टार्टअप जिसके यूजर 150 से ज्यादा देशों में हैं। यहां फ्यूचर, एआई और स्टार्टअप जैसे शब्द हर बातचीत में सुनाई देते हैं।विलनियस को अब यूरोप की 'सिलिकॉन वैली' भी कहा जाने लगा है। यूरोप के इस छोटे से देश लिथुआनिया की आबादी मात्र 29 लाख के करीब है, लेकिन यहां हजारों स्टार्टअप काम कर रहे हैं। आकार और आबादी में भले ही यह देश छोटा है, लेकिन सोच बड़ी और ग्लोबल है।यूनिकॉर्न लिथुआनिया की सीईओ गिन्तारे वेरबिकाइते बताती हैं कि आज विलनियस यूरोप की सबसे तेजी से बढ़ती स्टार्टअप सिटी है। इस मामले में दुनिया में भी ये 13वें नंबर पर है। यहां कारोबार स्थानीय नहीं, वैश्विक सोच के साथ शुरू होता है।यहां के लोग कहते हैं कि जब हम कोई स्टार्टअप शुरू करते हैं तो उसे दुनिया की समस्याओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाते हैं, क्योंकि हम सिर्फ लिथुआनिया तक सीमित रहना नहीं चाहते हैं।

## भाजपा विधायक बोले मेरे जाने से थाना हिल जाता था

**शिवपुरी** ग्वालियर की विशेष एससी-एसटी कोर्ट ने पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी के बेटे दिनेश लोधी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। दिनेश लोधी करीब 3 साल मारपीट केस में फरार है। 2 लोगों को लाठी-डंडे और लोहे की सरिया से पीटा था। सिर फोड़ दिया था। कोर्ट में पेशी में भी शामिल नहीं हुआ। गिरफ्तारी वारंट के बाद विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने कहा- बेटे को बिना किसी देरी के कोर्ट में सरेंडर कर देना चाहिए। हमारा परिवार कोर्ट का पूरा सम्मान करता है। कानूनी प्रक्रिया का पालन करेगा। कोर्ट का फैसला सही है। प्रीतम लोधी ने कहा- मेरे खिलाफ भी कई मुकदमे चले, लेकिन उन्होंने हमेशा कोर्ट के आदेशों का पालन किया। बाद में कोर्ट ने उन्हें सभी मामलों में बरी कर दिया। करीब 35 साल पहले एक मजिस्ट्रेट ने उन्हें बरी करते समय कहा था कि वे गरीबों की सेवा करेंगे। एक दिन विधायक बनेंगे।

## ट्विशा शर्मा के स्किन टिश्यू जिम बेल्ट पर मिले

**भोपाल** भोपाल की एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत मामले में दिल्ली के मेडिकल बोर्ड ने अपनी अंतिम फॉरेंसिक रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी है। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में कथित तौर पर फांसी में इस्तेमाल हुई जिम बेल्ट पर स्किन टिश्यू मिलने और बेल्ट के निशानों का गर्दन पर मिले लिगेचर मार्क से मेल खाने की बात सामने आई है। हालांकि, रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है।सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के पांच सदस्यीय मेडिकल बोर्ड ने 11 पेज की अंतिम रिपोर्ट 10 जुलाई को सीलबंद लिफाफे में को सौंप दी।

## 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावियों का सम्मान

**शुजालपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई शुजालपुर द्वारा रविवार को सीएम राइज विद्यालय में शिखर मालिका प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नगर के कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तहसीलदार किरण धाकड़ रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एबीवीपी के जिला संयोजक वंशराज सिंह जादौन मौजूद रहे। कार्यक्रम की भूमिका एवं स्वागत उद्बोधन नगर अध्यक्ष मुकेश मेवाड़ा ने दिया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के मेधावी विद्यार्थी ही विकसित और सशक्त भारत की नींव हैं। साथ ही विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए एबीवीपी द्वारा आयोजित इस तरह के सम्मान समारोहों की सराहना भी की। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में नगर मंत्री अजय गुर्जर ने आभार व्यक्त करते हुए अतिथियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे आयोजन का वातावरण उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रभावना से ओतप्रोत रहा।

## नवागत जिला शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा जिले में पदस्थ नवागत जिला शिक्षा अधिकारी दीपा कीर का स्वागत एवं पूर्व प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र सिंह सिप्रे का सम्मान किया गया। इस दौरान कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न विषयों एवं समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया कि स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं उनके समाधान को लेकर नवागत जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष विभिन्न बिंदु रखे गए। उन्होंने आशा जताई कि कर्मचारियों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण होगा। कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव सोनी, जिलाध्यक्ष जॉय शर्मा, मोहन किचोलिया, बनवारी बैरागी, गौरव शर्मा, दिनेश मंडलोई, दिलीप जायसवाल, ब्रजमोहन भसनेरिया, राजेश पाटीदार, घनश्याम माहेश्वरी, ओमप्रकाश राजपूत, मुकेश अस्तय, गजराजसिंह चन्द्रवंशी, अरुण शर्मा, संजय देशमुख, संजय सोनी, लोकेश राठौर, विष्णु राय, धनपाल चन्द्रवंशी, उदयसिंह परमार, मुकेश परिहार, इकलेश चन्द्रवंशी, नकुल मालवीय, पंकज मालवीय, महेश बामनिया, महेश परमार, कमल राठौर, शिवनारायण कराड़ा सहित राज्य कर्मचारी संघ के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## 13 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनर्स ने सौंपा ज्ञापन

**शुजालपुर।** प्रमुख पेंशन संगठन की तहसील शाखा शुजालपुर ने रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार के शुजालपुर स्थित कार्यालय में सौंपा। मंत्री की और से उनके निज सचिव दीपक परमार ने ज्ञापन प्राप्त किया। संगठन के तहसील अध्यक्ष ललित बिडवाले ने बताया कि ज्ञापन में पेंशनर्स की विभिन्न लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई है। इस दौरान सरकार से पेंशनर्स के हित में आवश्यक निर्णय लेने का आग्रह भी किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख पेंशन संगठन के जिला उपाध्यक्ष यादव सिंह परमार, चंद्रशेखर भार्गव, प्रदीप व्यास, जनक जोशी, ओमप्रकाश सक्सेना, करण सिंह परमार, दीनबंधु कश्यप, महेश बारबर, बद्री प्रसाद मीणा, मनोहर परमार, रमेशचंद परमार, भागीरथ सिसोदिया, घनश्याम शर्मा, रमेश सिंह परमार, कैलाश नारायण पटवारी, बसंतीलाल राठौर, नाजीमुद्दीन कुरैशी, कमरुद्दीन कुरैशी, प्रेम सिंह परमार, बापूलाल बागड़ा सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## सेवाभावी संस्थाओं ने किया पौधरोपण

**शुजालपुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर की विभिन्न सामाजिक एवं सेवाभावी संस्थाओं ने रविवार को श्री शांतिवन परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि प्रकृति, पेड़-पौधों और हरियाली का संरक्षण ही स्वस्थ, समृद्ध और संतुलित जीवन का आधार है। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनकी देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ हरियाली से खुशहाली और एक पेड़ मां के नाम अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। श्री शांतिवन उत्थान समिति द्वारा पिछले एक माह से संचालित अभियान का उद्देश्य केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नगर की सामाजिकए धार्मिक एवं सेवाभावी संस्थाओं को शांतिवन परिसर के विकास और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना भी रहा।

## वीर दुर्गादास जयंती की बनाई रूपरेखा

**गुना।** राठौर धर्मशाला पुरानी छावनी पर रविवार राठौर समाज की मीटिंग रखी गई थी। जिसका उद्देश्य आगामी, 13 अगस्त 26 को राष्ट्रीय वीर दुर्गादास जयंती विशाल रूप देने के उद्देश्य से श्रीराम राठौर धर्मशाला पर मीटिंग रखी गई।

जिसकी अध्यक्षता राठौर समाज के अध्यक्ष मुकेश राठौर होटल साई सागर ने की। उक्त बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें राठौर समाज के लोगों ने अपने विचार रखें और आगामी रूपरेखा तय की गई।

न्यूज-कॉलम

## पर्यावरण संस्थान द्वारा 51 पोंधे रोपित

**नीमच।** वृक्ष लगाना कर्म हमारा इन्हें बचाना धर्म हमारा इसी उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच द्वारा वषार्काल प्रारंभ होते ही धरती मां की गोद में हरियाली की चादर बिछाने में जुट गई है, पोधा रोपण अभियान के तहत संस्था सदस्यों ने शुकं वार दिनांक 10 जुलाई 2026 को प्रातः 7 से 11 बजे तक हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में नीम, पीपल, आंवला, करंज, कटहल, जामुन, शीशम, कचनार, सीताफल आदि प्रजातियों के फलदार छायादार फुलदार ओषधि युक्त 51 पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने का संकल्प भी व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने कहा कि पेड पोंधे प्राणी जगत के स्वस्थ जीवन जीने के लिए ( काबोर्डाइ आक्साइड ) जहर पीकर हमें शुद्ध वायु अमृतमय आक्सीजन प्रदान करते है, आज इस धरा पर हम जीवित हैं तो ये पेड़ पौधों की ही देन है।

## लाडली बहना योजना से अंतिमबाला के परिवार की आर्थिक संबल

**नीमच।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्ति करण के साथ-साथ उनके परिवार की खुशहाली का भी आधार बन रही है। योजना के तहत प्राप्त होने वाली नियमित आर्थिक सहायता से महिलाएं अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ बच्चों की शिक्षा और परिवार के दैनिक खर्चों में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इसी क्रम में नीमच नगर के वार्ड क्रमांक-1 की निवासी श्रीमती अंतिमबाला कुमावत भी योजना से लाभान्वित हो रही हैं। उन्हें मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1500 रुपये की राशि प्राप्त हो रही है। अंतिमबाला बताती हैं कि योजना से मिलने वाली इस राशि का उपयोग वे अपने बच्चों की ट्यूशन फीस, पढ़ाई-लिखाई एवं अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं पर करती हैं।

# रतलाम में शराब दुकान पर विवाद के बाद जानलेवा हमला

## युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला, हालत गंभीर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शुक्रवार रात रतलाम में हुए एक मामले के बाद हिंदु संगठनों में गुस्सा देखा जा रहा है। स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक शराब कलाली पर शुक्रवार रात को मामूली कहासुनी में एक युवक को चाकू घोंपकर गंभीर घायल कर दिया गया। शराब पीने के दौरान गाली-गलौज को लेकर हुए विवाद के बाद 8 से 10 बदमाशों ने पुलिस की मौजूदगी में ही जानलेवा हमला कर दिया। हमले में अंकित (निवासी भोई मोहल्ला) नामक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे पेट और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव व्याप्त है और समाजजनों व हिंदू संगठनों ने थाने पहुंचकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

घटनाक्रम जो सामने आया है उसके अनुसार शुक्रवार रात को अंकित का आरोपी के साथ शराब की कलाली पर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ता देख आरोपी ने फोन कर तुरंत मौके पर 8 से 10 बाहरी बदमाशों को बुला लिया। इस बीच, घायल अंकित के चचेरे भाई और घटना के प्रत्यक्षदर्शी पवन कहार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की डायल 112 को फोन कर घटना स्थल पर बुलाया। तभी मौके पर पुलिस बल की मौजूदगी में ही एक महिला बुर्का पहनकर आई और उसने अचानक अंकित की आँखों में लाल मिर्च पाउडर झोंक दिया। मिर्च के असर से जब तक कोई कुछ समझ पाता, तब तक मिर्च के कुछ कण वहां मौजूद पुलिसकर्मी की आँखों में भी चले गए। इसी का फायदा उठाकर मुख्य आरोपी और उसके साथियों ने अंकित के पेट और सीने पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले कर दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा।

**अस्पताल में हुआ जटिल ऑपरेशन, -**

घटना के तुरंत बाद पुलिस की डायल 100 गाड़ी से गंभीर रूप से घायल अंकित को रतलाम मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों की टीम ने तुरंत उसका बेहद जटिल ऑपरेशन किया। बताया जा रहा है कि अंकित को पेट और सीने में गहरे घाव होने के कारण करीब 40 टांके आए हैं और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

**छूटी हुई बाइक 'सद्दाम' नामक की-**

शनिवार और रविवार को इस घटना को लेकर समाज जनों और हिंदू संगठन के कार्यकताओं में भारी आक्रोश देखा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने स्टेशन रोड थाने का घेराव किया और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। पीड़ित परिवार (माता पुष्पाबाई पति सेखन्दजी भोई) द्वारा थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार, घटना स्थल पर आरोपियों की एक सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (पंजीयन में छूट गई थी, जो जांच करने पर हाट रोड राजेंद्र नगर निवासी 'सद्दाम' नाम के व्यक्ति की होना सामने आई है। आरोप है कि बुर्का पहनकर हमला करने वाली महिला उसी की पत्नी थी।

**जल्द होगी आरोपियों की गिरफ्तारी: सीएसपी**

इधर, नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया का कहना है कि बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटना स्थल और उसके आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि सभी आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही सभी नामजद और अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

न्यूज कालम



## सांदीपनि विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

**मंदसौर।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनचेतना जगाने और मातृशक्ति को सम्मान देने के उद्देश्य से देशव्यापी एक पेड़ माँ के नाम 3.0 योजना के अंतर्गत स्थानीय सांदीपनि विद्यालय (महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल) मंदसौर में एक गरिमामयी पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पर्यावरण हितैषी कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजेश रत्नावत के मार्गदर्शन में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लेकर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस अवसर पर हामिद खान जेदी, आरती शर्मा, रचना आर्य, रेणुका आचार्य, जयंत तारे, सुरेश बोराना, अर्चना अठवाल, जया सोनी और अलका रत्नावत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने न केवल उत्साह के साथ पौधे लगाए, बल्कि भविष्य में धरती को हरा-भरा रखने और प्रकृति की रक्षा करने का पावन संकल्प भी लिया। प्रभारी प्राचार्य राजेश रत्नावत ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना न केवल हमारी प्रकृति को समृद्ध और सुंदर बनाएगी, बल्कि नई पीढ़ी के बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और अपनी माता के प्रति सम्मान की गहरी भावना को भी विकसित करेगी। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित शिक्षकों, कर्मचारियों और बच्चों ने रोपे गए पौधों की नियमित रूप से देखरेख करने और उन्हें जीवित रखने की सामूहिक शपथ ली।

# जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मल्हारगढ़ ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन विस्तार पर मंथन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मल्हारगढ़



जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में मल्हारगढ़ ब्लॉक के पिपलिया मंडी, मल्हारगढ़, नारायणगढ़ नगर पंचायत एवं हरसोल मंडल में संगठनात्मक बैठकों का आयोजन किया गया। इस दौरान नगरों की वार्ड कमेटियों एवं ग्राम पंचायतों की पंचायत कमेटियों का सत्यापन किया गया तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने एवं निकाय व पंचायत चुनाव कि तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित संगठन और कार्यकर्ता हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को एकजुट होकर पार्टी की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाना होगा। आगामी नगर निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए अभी से पूरी ताकत के साथ संगठन को सक्रिय करना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से किसान, गरीब, मजदूर, युवा, महिलाएं और छोटे व्यापारी सभी परेशान हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी आवाज बनें और उनकी समस्याओं को मजबूती से उठाएं।

जिला संगठन महासचिव अजय लोढ़ा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की आधारशिला है। वार्ड एवं पंचायत स्तर पर सक्रिय और जवाबदेह टीम तैयार कर कांग्रेस को हर बूथ पर मजबूत बनाया जाएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करे और संगठन के विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाए।

मल्हारगढ़ विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी परशुराम सिसोदिया ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के सुख-दुःख का साथी है। हमें गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर जनता की समस्याओं को सुनना, उनके लिए संघर्ष करना और कांग्रेस की जनहितकारी सोच को जन-जन तक पहुंचाना है।

# अ.भा. पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने किया सेवानिवृत्त वायु सैनिक वैभव खिमेसरा का भव्य स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मंदसौर द्वारा भारतीय वायु सेना में 20 वर्ष की गौरवपूर्ण सेवा पूरी कर लौटे सैनिक वैभव खिमेसरा का नगर आगमन पर भारत माता चौराहा पर माला पहनाकर और श्रीफल भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया।

इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने वायु सेना की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि आज के आधुनिक युद्ध मिसाइल, रॉकेट और हवाई फाइटरों के माध्यम से लड़े जा रहे हैं, जिसमें वायु सेना दुश्मन के इलाके में बमबारी कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वहीं समाजसेवी विनय दुबेला ने कहा कि मंदसौर लगातार अपने वीरों का स्वागत कर रहा है और वैभव खिमेसरा के माध्यम से आज के युवाओं को वायु सैनिक के अनुभवों से लाभान्वित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक युवा वायु सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित हो सकें। नगरवासियों और विभिन्न समाजसेवी संगठनों के आतिथ्य में शुरू हुई यह स्वागत यात्रा भारत माता चौराहा, गांधी चौराहा और सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहा होते हुए सैनिक के निवास स्थान पाटिल कॉलोनी पहुंची, जहां भव्य आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके पश्चात मंदसौर नगरपालिका सभागृह में पूर्व सैनिकों की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 26 जुलाई को मनाए जाने वाले कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। कार्यक्रम में श्रवण कुमार त्रिपाठी, रतन सिंह शक्तावत, आर एस जांगिड़, दशरथ सिंह चौहान, मोहनलाल पांपोडिया, लोकेंद्र सिंह चंद्रावत, रमेश चंद शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## ढाई लाख से अधिक महिलाओं के खातों में आई लाडली बहना योजना की किश्त

**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश की करोड़ों महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सम्मान के लिये मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 38 वीं किश्त जारी की गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माह जून की मासिक आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर मंदसौर जिले की 2 लाख 60 हजार से अधिक लाडली बहनों को 39 करोड रुपए से अधिक की सहायता राशि से लाभान्वित किया गया  जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया मुख्यमंत्री के उद्बोधन को उपस्थित जनों ने सुना। जिला कार्यक्रम अधिकार सुश्री अंकिता पंडया  ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा जिले की कुल 2 लाख 60 हजार 365 लाड़ली बहनों को 39.05 करोड़ रुपये की सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई ।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दो मजदूरों को मारी टक्कर

**नीमच।** शहर में रविवार को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दो मजदूरों को टक्कर मार दी। हादसा विधायक परिहार के बंगले के सामने स्थित एसपी कार्यालय के पास हुआ। दुर्घटना में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दोनों बाइक सवार मजदूर घायल हो गए। गनीमत रही कि हादसे में कोई गंभीर जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 44 जेडएफ 0757 तेज गति से आ रही थी, जिसने बाइक सवार मजदूरों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद करते हुए पुलिस को सूचना दी। घायल अल्फेस मंसूरी ने बताया कि वह अपने साथी के साथ काम पर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना के बाद घायलों को ए उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने वाहन क्रमांक के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बूथ सशक्तिकरण और डिजिटल प्रशिक्षण भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता

## जिला कामकाजी बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर




भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर की मासिक कामकाजी बैठक सीतामऊ में संपन्न हुई, जिसमें संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कहा कि भाजपा आज अपने कार्यकर्ताओं के परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनी है। संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर पर निहित है, इसलिए यदि आज हम संगठनात्मक कार्यों में पूरी निष्ठा से पसीना बहाएंगे, तो आगामी चुनावों में हमें किसी प्रकार का अनावश्यक संघर्ष नहीं करना पड़ेगा।

जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा ने कहा कि संगठन की मजबूती केवल बैठकों से नहीं बल्कि निरंतर प्रशिक्षण और समीक्षा से आती है। उन्होंने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर बूथ समिति के प्रत्येक सदस्य का प्रशिक्षण और प्रमाण-पत्र समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया ताकि मंदसौर जिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सके।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने पिछले माह मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर आयोजित बैठकों की सफलता की जानकारी दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हुए ऐतिहासिक कार्यक्रमों की सराहना की। इस महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार सहित जिले भर के मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी और पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे, जिनका संचालन जिला महामंत्री शिवराजसिंह घटावदा ने किया और आभार जिला उपाध्यक्ष रेखा मांदलिया ने माना।

# पेंशनर महासंघ की वार्षिक साधारण सभा में उठी जीवित प्रमाण पत्र नियम समाप्त करने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ मंदसौर की 34वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन जनपद पंचायत सभागार में दो सत्रों में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभा के प्रथम सत्र की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक रामावत ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति गिरीराजदास सक्सेना और विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री दिलीप मेहता उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान संगठन का वार्षिक प्रतिवेदन जिला सचिव चन्द्रकान्त शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया और कोषाध्यक्ष कोमल वाणवार ने वर्ष 2025-26 का आय-व्यय व आगामी वर्ष का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मंदसौर के पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया ने संगठन के संस्थापक स्वर्गीय दौलतराम पटेल के योगदान को याद करते हुए पेंशनर्स के हितों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बैंकों में पेंशन जारी रखने के लिए प्रतिवर्ष दिए जाने वाले जीवित होने के प्रमाण पत्र के नियम पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि इस जटिल नियम को पूरी तरह समाप्त किया जाना चाहिए और इसके लिए संगठन को पुरजोर मांग उठानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने म.प्र. शासन की धारा 49-6 की समाप्ति के लिए भी प्रदेश के मंत्रियों को नियमित रूप से ज्ञापन सौंपने की बात कही ताकि पेंशनर्स की इस पुरानी समस्या का शीघ्र निराकरण हो सके।

इस साधारण सभा में मंदसौर नगर की 17 मोहल्ला इकाइयों सहित पिपलिया, मल्हारगढ़, बूढ़ा, सीतामऊ और शामगढ़ जैसी क्षेत्रीय इकाइयों के सैकड़ों प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जहाँ अंत में दिवंगत पेंशनर बंधुओं को भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

## भाजपा मे मीडिया प्रभारी व सहप्रभारी की नियुक्ति



अरूण त्रिपाठी



निलेश बाफना



नीरज बरमेचा

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने जिला मीडिया प्रभारी एवं सहप्रभारी की नियुक्ति की है। जिला मीडिया प्रभारी के रूप मे अरूण त्रिपाठी तथा जिला सहमीडिया प्रभारी के रूप मे निलेश बाफना एवं नीरज बरमेचा को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेंमत खंडेलवाल, प्रदेश  मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला प्रभारी विवेक जोशी की सहमति से की गई है।

# मोक्ष चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया जिले का गौरव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



रतलाम के होनहार पहलवान मोक्ष चतुर्वेदी ने हरियाणा के रोहतक में 10, 11 एवं 12 जुलाई को आयोजित अंडर-2 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 125 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर रतलाम एवं मध्यप्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। मोक्ष चतुर्वेदी ने प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी और शानदार प्रदर्शन के दम पर कांस्य पदक अपने नाम किया। मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष श्री नारायण यादव एवं भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं वरिष्ठ पहलवान श्री बलवंत भाटी ने मोक्ष चतुर्वेदी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। खेलो इंडिया रेसलिंग सेंटर की मुख्य कुश्ती प्रशिक्षक छाया शर्मा ने बताया कि मोक्ष चतुर्वेदी नेहरू स्टेडियम स्थित खेलो इंडिया रेसलिंग सेंटर, रतलाम के खिलाड़ी हैं तथा वर्तमान में भोपाल स्थित कुश्ती अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मोक्ष चतुर्वेदी की इस उल्लेखनीय सफलता पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री चैतन्य कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, महापौर श्री प्रहलाद पटेल, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री मनोहर पोरवाल उपस्थित थे।

## होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर से 200 से अधिक मरीज हुए लाभान्वित



**मंदसौर।** दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप के तत्वावधान में रविवार,को द्वितीय सेवा प्रकल्प के रूप में एक दिवसीय निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। तलेरा विहार मंदिर के पास आयम्बिल शाला में आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के करीब 200 से अधिक नागरिकों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस आयोजन के मुख्य लाभार्थी अमृतकुमार और संजय कुमार पोरवाल रहे, शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन (गोटावाले), श्वेताम्बर जैन मंदिरमार्गीय समाज के अध्यक्ष निर्मल मच्छी रक्षक और दशपुर बीसा पोरवाल स्थानक समाज के अध्यक्ष अजीत थम्बा वाले उपस्थित रहे। शिविर में डॉ. बी. एल. पाटीदार, डॉ. राजमल पाटीदार, डॉ. लोकेन्द्र पाटीदार, डॉ. सी. पी. पाटीदार और डॉ. लोकेश पाटीदार की अनुभवी टीम ने अपनी निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम के दौरान सोशल ग्रुप के वर्तमान मार्गदर्शक मण्डल के अशोक उकावत, संयोजक प्रमोद (भावगढ़ वाले), अध्यक्ष रितेश भगत, उपाध्यक्ष संजय जैन विक्रम, कोषाध्यक्ष पीयूष जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रवक्ता विकास कोठारी ने किया और अंत में आभार सचिव शुभम पोरवाल ने माना।

## कनघट्टी का आउटसोर्स कर्मचारी गम्भीर घायल

**पिपलीया मंडी।** तहसील के गांव कनघट्टी में शनिवार की शाम 5 बजे ग्रिड पर मेंटेनेंस कार्य कर रहे आउटसोर्स कर्मचारी गोपाल पिता ओंकारलाल (25) कुमावत बुरी तरह झुलस गए,जिसे आनन फानन में कम्पनी के कर्मचारी मन्दसौर निजी चिकित्सालय ले गये।जहां उपचार के बाद रविवार को परिजन घायल गोपाल को अच्छे इलाज के लिए अहमदाबाद ले गये। घटना की सूचना मिलने पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा भी रविवार को प्रातः 9 बजे मन्दसौर पहुंचे व गम्भीर घायल गोपाल से घटना की विस्तृत जानकारी ली।

# नीमच पुलिस ने ट्रेवल्स की यात्री बस से डोडा चूरा किया जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिला पुलिस मुख्यालय के सम ऐप नीमच पुलिस ने एक ट्रेवल्स की यात्री बस जप्त करने में सफलता प्राप्त की है द्य बी.आर. टेवल्स की बस क्र ए आर 1 वय 9595 से 6 सफेद रंग के कट्टो मे भरा 105 किलोग्राम अवैध मादक प्रदार्थ अफीम डोडाचूरा व बस जप्त, 1 आरोपी गिरफ्तार, थाना नीमच सिटी पुलिस को मिली बड़ी सफलता।

प्रदेश सरकार व पुलिस मुख्यालय डीजीपी म.प्र. के द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी एवं नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रदेश व्यापी विशेष अभियान के तहत व श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती हेमलता अग्रवाल एवं नपुअ महोदया सुश्री किरण चैहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच सिटी निरी. विजय सागरिया के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम थाना नीमच सिटी द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर अवैध डोडाचुरा का परिवहन करते एक बस वाहन को रोककर 1 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है

घटना का विवरण पुलिस थाना नीमच सिटी द्वारा दिनांक 11 जुलाई को फोरलेन जेतपुरा फंटे से चैथखेडा फंटे के बीच फार्म फिल्स ढाबे के पास पुलिया चैयखेडा नीमच थाना नीमच सिटी से मुखबिर सुचना पर कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी की जाकर एक बी.आर. टेवल्स की बस को मय पंचानो व फोर्स की मदद से रोककर उसकी तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे वाले वाहन बस की डिक्की में छिपाकर रखे 6 सफेद रंग के क?ट्टो मे भरा कुल 105 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम का डोडाचूरा आरोपी बंशीलाल पिता बुधाराम विश्नोई उम्र 38 साल निवासी ग्राम झरिया पुलिस थाना मतोडा जिला फलोदी हाल मुकाम कुडी थाना पंचपद्रा जिला बालोतरा राजस्थान से विधिवत समक्ष पंचान जप्त किया गया तथा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

मौके पर की गई कार्यवाही पूर्ण कर, थाना नीमच सिटी पर अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया व गिरफ्तार आरोपीयो से अवैध मादक पदार्थ सीपीएस डोडाचूरा के स्त्रोतो के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

नाम आरोपी बंशीलाल पिता बुधाराम विश्नोई उम्र 38 साल निवासी ग्राम झरिया पुलिस थाना मतोडा जिला फलोदी हा. मुय कुडी थाना पंचपद्रा जिला बालोतरा राजस्थानजप्त मश्रुकाः 1 एक विवो कंपनी का मोबाईल कीमती 10 हजार रुपये हैं। 2 कुल 105 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम का डोडाचूरा किमती 15 लाख 75 हजार जिसमे एक बस एमआर ट्रेवल्स वाहन की कीमत 50 लाख रुपये कुल मिला मनुका कीमती 65 लाख 85 हजार रुपये है।।



## विश्व हिन्दू परिषद मातृ शक्ति ने सेवा सप्ताह में एक दिन में लगाए 151 पौधे

**नागदा।** विश्व हिन्दू परिषद मातृ शक्ति द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत एक ही दिन में 151 पौधे लगाने का संकल्प सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। विश्व हिन्दू परिषद प्रत्येक वर्ष जुलाई माह को सेवा सप्ताह के रूप में मनाता है। इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण एवं स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से संगठन के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर सेवा संकल्प निभाया। यह अभियान मातृ शक्ति प्रांत संयोजिका आरती जायसवाल एवं जिला संयोजिका रेनू चौधरी के मार्गदर्शन में नागदा, खाचरौद एवं उन्हेल प्रखंडों में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान मातृ शक्ति एवं विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका रानी व्यास, नागदा प्रखंड संयोजिका संध्या खेरवार, सीमा चौहान, कांता शर्मा, रंजना लोधी, कला जायसवाल, नमिषा जी, विहिप जिला अध्यक्ष ओजेस सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र आंजना, जिला मंत्री जितेंद्र पांचाल, जिला संयोजक महेश आंजना, प्रखंड मंत्री कृपाल सिंह तंवर, सुरक्षा प्रमुख नरेंद्र माली, प्रखंड संयोजक आकाश राव, मोहित पोरवाल, बाबूलाल शर्मा, महेश पांचाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुग्ध उत्पादन दोगुना करने दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण आज से



**सारंगपुर।** कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के उद्देश्य से संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का प्रथम एवं द्वितीय चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। अब इस अभियान का तृतीय चरण 13 जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए सारंगपुर पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अमित शाक्या ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी 2 से 4 पशु रखने वाले पशुपालकों से सीधे संपर्क करेंगे। उन्हें पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य, नस्ल सुधार, टीकाकरण तथा पशुओं में टैगिंग के महत्व की जानकारी दी जाएगी, जिससे पशुपालन से होने वाली आय में वृद्धि हो सके। अभियान के सफल संचालन के लिए विकासखंड राजगढ एवं सारंगपुर का संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित किया जा चुका है। प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व सिविल सर्जन डॉ. सोनाली ठाकुर द्वारा किया गया, जिसमें सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी, गौसेवक एवं मैत्री कार्यकताओं ने भाग लिया।

## सेवा सप्ताह के तहत देवनारायण मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता व पौधारोपण अभियान



**सुसनेर।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत दूसरे दिन एक पन्या स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि सेवा सप्ताह का उद्देश्य केवल धार्मिक स्थलों की स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण करना भी है। मंदिर परिसर की साफ-सफाई के साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें प्रखंड संयोजक अनुराग कानूडिया, प्रखंड उपाध्यक्ष शिवम जी शर्मा, प्रखंड सह मंत्री मनीष राठौर, सह मंत्री बंटी रजक, गोरक्षा प्रमुख सुरेश मीणा, बजरंग दल गोरक्षा प्रमुख राहुल गहलोत, विद्यार्थी प्रमुख रवि दय्या, खंड अध्यक्ष जयेश जैन, खंड मंत्री आयुष शुक्ला, खंड मंत्री चैतन बैरागी, व देवेंद्र शर्मा, रक्षित जैन, रवि टेलर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर सेंट मार्टिन स्कूल में हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**बड़नगर** । विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को सेंट मार्टिन स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आरसी. यादव थे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पोस्टर के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के असंतुलन एवं बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभाव को दर्शाया। साथ ही निबंध प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर बढ़ती जनसंख्या पर अपने विचार लिखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. यादव का स्कूल संचालक फादर जॉर्ज एवं प्रिंसिपल जेनेट जॉर्ज द्वारा स्वागत किया। अतिथि उद्बोधन में डॉ. यादव ने बढ़ती जनसंख्या के प्रभाव एवं उसके समाधान के प्रति जागरूकता फैलाने के बारे में बताया। बच्चों को संबोधित करते हुए स्कूल संचालक फादर जॉर्ज एवं शिक्षक जितेंद्र वर्मा ने बच्चो को बढ़ती जनसंख्या के कारण हो रही समस्या बेरोजगारी, गरीबी एवं शिक्षा की कमी के बारे मे बताया। जानकारी स्कूल मेनेजर नवीन कुमार भगोरिया ने दी।

### 23 अगस्त को निकलेगी नगर की 18वीं पारंपरिक चुनरी यात्रा

# वृद्धि योग में माँ चंबल को दिया निमंत्रण देकर दिव्य कलश से उत्तम वर्षा, समृद्धि और खुशहाली की कामना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और जनकल्याण का प्रतीक नगर की 18वीं पारंपरिक चुनरी यात्रा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 23 अगस्त 2026, पवित्रा एकादशी पर भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर सामाजिक समरसता मंच एवं चुनरी यात्रा आयोजन समिति की बैठक महिदपुर रोड स्थित पंकज नामदेव के प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।



बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यात्रा की तैयारियों के प्रथम चरण के रूप में 12 जुलाई, को प्रातः 11 बजे पुराना बस स्टैंड से आयोजन समिति के सदस्य दिव्य कलश लेकर माँ चंबल के पावन तट पर पहुँचे। यहां विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर माँ चंबल को चुनरी यात्रा का निमंत्रण अर्पित किया। साथ ही उत्तम वर्षा, क्षेत्र की समृद्धि, किसानों की खुशहाली, उत्कृष्ट कृषि उत्पादन, आर्थिक उन्नति तथा वर्षभर पर्याप्त जलापूर्ति की मंगलकामना की।

आयोजन समिति ने बताया कि 18वें वर्ष में प्रवेश कर रही चुनरी यात्रा के अवसर पर 23 अगस्त को पवित्रा एकादशी पर भगवान शिव का वर्षा के अमृत जल से दुग्धाभिषेक एवं जलाभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात नगर में विशाल चल समारोह चुनरी यात्रा के साथ चंबल तट पहुंचकर मां चंबल का 11 लीटर दुग्ध से अभिषेक कर उन्हें श्रद्धापूर्वक 251 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रहने की संभावना है। शीघ्र ही अगली कड़ी में सभी नगरवासी, सामाजिक संगठन, महिला संगठन, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन को आयोजन की सफलता एवं सहभागिता के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

**बैठक में ये रहे उपस्थित**

बैठक में सामाजिक समरसता मंच के संरक्षक गिरधारी सिंह शेखावत, राजेंद्र कांठेड़, गुलजारीलाल त्रिवेदी, पंकज नामदेव, गोपाल सलूजा, हरचरण सिंह चावला, भरत पाटीदार, कमलेश शुक्ला, अशोक शर्मा, गिरधारी चौधरी, निलेश मेहता एवं चेतन नामदेव सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। जानकारी निलेश मेहता ने दी।



## 16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की यात्रा, तैयारियां शुरू

**महिदपुर।** श्री प्राचीन जगदीश मंदिर भगत सिंह चौक से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की भव्य यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा 16 जुलाई दोपहर 1.00 बजे मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। यात्रा में डीजे, बैंड, ढोल-धमाके और भजन मंडलियां शामिल रहेंगी, जिससे पूरे नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिलेगा। भगवान जगन्नाथ की यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। श्री प्राचीन जगदीश मंदिर सेवा समिति महिदपुर ने सभी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यात्रा में शामिल होने और धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## हत्या के प्रयास के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों, स्थायी वारंटियों एवं वसूली वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीओपी नरसिंहगढ़ प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में थाना बोडा पुलिस ने हत्या के प्रयास के गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। फरियादी भागीरथ पिता धनसिंह भिलाला 64 वर्ष निवासी ग्राम आंकखेड़ी कला थाना बोडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव के ही छगनलाल पिता देवसिंह रुहेला ने पुरानी रंजिश के चलते उसे जान से मारने की नीयत से तलवार से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु विशेष पुलिस टीम गठित की। पुलिस टीम ने लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश देकर एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखते हुए तकनीकी एवं पारंपरिक पुलिसिंग का प्रभावी उपयोग किया। परिणामस्वरूप आरोपी छगनलाल पिता देवसिंह रुहेला निवासी ग्राम आंकखेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

### विश्व जनसंख्या दिवस

# बढ़ती आबादी पर नियंत्रण के लिए निकली जनजागृति रैली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल के निर्देशन एवं प्रमुख विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजेंद्र अजनार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा को एक विशाल जन जागृति रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनता को बढ़ती जनसंख्या के प्रति जागरूक करना और परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी देना था।



रैली का शुभारंभ डॉ. विजय मालवीय एवं डॉ. गुलाम नबी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह रैली फार्मासिस्ट कन्हैया लाल वर्फा के संचालन में नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली को संबोधित करते हुए डॉ. सुयश श्रीवास्तव ने कहा, आज हमारा देश जनसंख्या के मामले में विश्व के सभी देशों को पीछे छोड़ चुका है। हमारे पास दुनिया की जमीन का सिर्फ 2.4 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि आबादी विश्व की 17.5 प्रतिशत है। इस असंतुलन के कारण हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जनसंख्या स्थिरीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए अपील की कि लड़की की शादी की उम्र कम से कम 19 वर्ष करें। साथ ही उन्होंने बताया कि बच्चों में सुरक्षित अंतराल रखने के लिए शासकीय अस्पतालों में कॉपर टी, खाने वाली गोली और अंतरा इंजेक्शन जैसे कई साधन निशुल्क उपलब्ध हैं। रैली को प्रभारी बी.ई.ई. दिनेश कुमार पंचोली ने भी संबोधित किया।

इस जागरूकता अभियान में जगदीशचंद्र परमार (सैक्टर सुपरवाइजर, लोहाना), समस्त आशा सुपरवाइजर, क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता और आउटसोर्स कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल को स्थानीय नागरिकों ने काफी सराहा।

## शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर में उत्साहपूर्वक मनाया ग्रीन डे

**त्रिवेणी पौधों का रोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प**

**सारंगपुर।** स्थानीय शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति जागरूकता बढाने के उद्देश्य से भव्य ग्रीन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में वृहद स्तर पर पौधारोपण कर नई पीढी को पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की प्राचार्या डॉ. दिव्या अतुल जोशी ने कहा कि ग्रीन डे का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और प्रकृति के प्रति अपने लगाव को प्रदर्शित करना है। उन्होंने हरे रंग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हरा रंग समृद्धि और जीवन का जीवंत प्रतीक है। यह विशेष दिन हमें अधिक से अधिक पेड लगाने, एकल-उपयोग प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करने और आने वाली पीढियों के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित व हरी-भरी पृथ्वी को अक्षुण्ण रखने की याद दिलाता है। इस आयोजन में पर्यावरण शिक्षक मंच के संचालक मनीष सोनी ने विशेष रूप से भागीदारी की। पर्यावरण को बढावा देने के संकल्प के साथ उन्होंने विद्यालय परिसर में 9 पवित्र त्रिवेणी नीम, पीपल और बरगद के पौधे रोपे। श्री सोनी ने न केवल पौधारोपण किया, बल्कि विद्यालय परिवार को इन पौधों को सुरक्षित रखकर पूर्ण वृक्ष बनाने का दृढ संकल्प भी दिलवाया। इसके साथ ही उन्होंने स्कूली बच्चों को भी पौधे वितरित किए और उन्हें जिम्मेदारी सौंपी कि जब तक ये पौधे बडे वृक्ष नहीं बन जाते, तब तक वे इनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा करेंगे।

## भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी जयदीप पटेल का स्वागत



**तनोडिया।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी जयदीप पटेल का जिला उपाध्यक्ष डॉ. राहुल जैन के निवास पर आए। और वरिष्ठ कार्यकर्ता से डीजिटल और संगठन के बारे चर्चा की गई और आगे संगठन मजबूत केसे मजबूत हो। उनसे राय ली गई। साथ श्री पटेल का स्वागत किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता राधावल्लभ जैन, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान, बाबूसिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा, मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनीष सोनी, विजेन्द्र सिंह राठौर, बूथ अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**राम मंदिर ट्रस्ट की पारदर्शिता को लेकर**

## कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**ब्यावरा-राजगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावरा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने पंचायत स्तर पर ज्ञापन सौंपा ग्राम पंचायत मोया, चाठा, भाटपुरा, खानपुरा, निवानीया, तलावली, पीपलबे, लोधीपुरा, माल्याहेडी, नारियाबे के कांग्रेस पदाधिकारियों ने माननीय राष्ट्रपति के नाम पंचायत सचिवों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन, आय-व्यय एवं श्रद्धालुओं द्वारा दी गई दान राशि के उपयोग में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों देशवासियों की आस्था के केंद्र हैं, इसलिए मंदिर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली भी पूर्णतः पारदर्शी एवं जवाबदेह होना आवश्यक है। ज्ञापन में मांग की गई कि ट्रस्ट के वित्तीय लेन-देन, आय-व्यय एवं दान राशि के उपयोग की किसी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एजेंसी अथवा उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए।

### ग्राम कांकड़दा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में

# टीएसीसी लिमिटेड के सहयोग से छात्रों की सुविधा के लिए किया शौचालय निर्मित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौरासा

जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम कांकड़दा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में टीएसीसी लिमिटेड के सहयोग से विद्यार्थियों की सुविधा के लिए निर्मित शौचालय एवं वर्षा जल संचयन प्रणाली का विद्यालय को विधिवत हस्तांतरण किया गया। इस पहल से विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध होगा, वहीं विद्यालय की छत से एकत्रित होने वाले वर्षा जल का संरक्षण भी किया जा सकेगा। इस अवसर पर टीएसीसी लिमिटेड के सस्टेनेबिलिटी तथा ईएसजी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी संजय गैरोला, डॉ. सतीश सैनी,एवं जयवर्धन सिंह राठौड़,अमरजीतसिंह के आतिथ्य में लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राजकिरण इंटरप्राइजेज से नितिन बारोडे एव उदय



राज ठाकुर उपस्थित थे। टीएसीसी ने विद्यालय परिवार को नव निर्मित सुविधाओं का औपचारिक रूप से हस्तांतरण किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की ओर से टीएसीसी लिमिटेड के प्रति प्रधानाध्यापक श्रीमती प्रियंका चौधरी ने आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन पत्र भेंट किया। साथ ही कहा कि यह सहयोग शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, जल संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। विद्यालय ने आशा व्यक्त की,कि भविष्य में भी संस्था का सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा। इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, शिक्षक सलीम हुसैन,जनशिक्षक दिनेशपुरी गोस्वामी सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए टीएसीसी लिमिटेड के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की।

## पंडित मनोज कुमार शर्मा बने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष

**सारंगपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा मध्य प्रदेश अध्यक्ष पं. मुकेश तिवारी एवं प्रदेश प्रभारी पं. माया इंदु तिवारी की सहमति से अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा



में पं. मनोज कुमार शर्मा को राजगढ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर पं. मनोज कुमार शर्मा को समाजजनों और शुभचिंतकों द्वारा बधाइयाँ और शुभकामनाएं दी गई हैं। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने शर्मा ने कहा कि वह संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निभाएंगे। उन्होंने समाज के विकास, एकता और संगठन को नई दिशा व ऊर्जा देने का संकल्प लिया है। श्रीशर्मा ने कहा कि महासभा के प्रदेश नेतृत्व ने जो मुझ पर विश्वास जताया है है उसी कार्यशैली से संगठन को मजबूती और समाज हित में उन्नाति के नए मार्ग प्रशस्त करने के लिए कार्य करेंगे।

# पंवार की पुस्तक का मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल ने किया विमोचन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद

किसान उत्पादक कंपनियों के गठन, संचालन, वैधानिक अनुपालन एवं शासन की विभिन्न योजनाओं पर आधारित विस्तृत एवं व्यवहारिक मार्गदर्शिका किसान उत्पादक कंपनी (दिशा-निर्देश एवं अनुपालन) का भव्य विमोचन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं कर्नाटक के राज्यपाल डॉ. थावरचंद गहलोत के करकमलों से सम्पन्न हुआ। यह पुस्तक खाचरोद (जिला उज्जैन) के युवा कंपनी सचिव सीएस अमन एस. पंवार द्वारा लिखी गई है।



यह पुस्तक किसान उत्पादक कंपनियों के गठन से लेकर उनके पंजीकरण, प्रबंधन, वैधानिक अनुपालन, शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली वित्तीय सहायता, अनुदान, कृषि विकास योजनाओं तथा व्यावहारिक संचालन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विषयों का सरल एवं व्यवस्थित मार्गदर्शन प्रदान करती है। लेखक का उद्देश्य किसानों, एफपीओ के पदाधिकारियों, कृषि उद्यमियों, कंपनी सचिवों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, अधिवक्ताओं तथा कृषि एवं सहकारिता क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों के लिए एक ऐसी संदर्भ पुस्तक उपलब्ध कराना है, जो जटिल विधिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सहज भाषा में समझा सके।

इस गरिमामय समारोह में अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष महत्व प्रदान किया।

इस अवसर पर सीएस अमन एस. पंवार ने कहा कि किसान उत्पादक कंपनियों पर लिखी गई इस पुस्तक का देश के शीर्ष नेतृत्व के करकमलों से विमोचन होना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान एवं अविस्मरणीय उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि देश के किसानों, किसान उत्पादक संगठनों एवं कृषि आधारित उद्यमिता के प्रति उनके वर्षों के समर्पित प्रयासों का सम्मान है।

अंत में सीएस अमन एस. पंवार ने सभी विशिष्ट अतिथियों, मार्गदर्शकों, शुभचिंतकों, परिवारजनों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक देशभर में किसान उत्पादक कंपनियों के प्रभावी संचालन, कृषि उद्यमिता के विस्तार तथा किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण में एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्ध होगी।

## कार और मोटरसाइकल भिडंत में बाइक सवार की मौत

**इंगोरिया।** बदनावर-उज्जैन फोरलेन मार्ग पर इंगोरिया त्रिकाल रेस्टोरेंट के सामने शनिवार दोपहर 12. 30 बजे कार और मोटरसाइकल की भिड़ंत से मोटरसाइकल चालक एक 27 वर्ष का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर घायल को एक सौ आठ एंबुलेंस से उज्जैन इलाज हेतु भेजा है। पुलिस ने मृतक की पहचान कमल पिता हेमराज निवासी बलेडी के रूप में की है। परिजनों ने बताया कि वह बलेडी से दोपहर में ग्राम मतांगना काम पर जा रहा था । नेशनल हाइवे पर उसकी बाइक की मंदसौर से उज्जैन तरफ जा रही कार एम पी -14 सी सी/ 1152 से टक्कर हो गई। गंभीर हालत में उसे उज्जैन के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने बताया कि इलाज के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई है।



## नीता अंबानी देश की सबसे पावरफुल महिला

### फॉर्च्यून इंडिया की लिस्ट में नंबर 1 पर; टॉप-10 में ईशा अंबानी भी शामिल



एजेंसी ▸▸ मुंबई

रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी फॉर्च्यून इंडिया की सबसे पावरफुल टॉप-100 महिलाओं की लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया हैं। यह सम्मान उन्हें लीडरशिप और समाज सेवा के लिए मिला है।

उनकी लीडरशिप में फाउंडेशन ने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में काम करते हुए 2.9 करोड़ बच्चों समेत देश के 10 करोड़ से ज्यादा लोगों की जिंदगी बदली है। इवेंट में नीता अंबानी ने कहा, 'लीडरशिप को करुणा, समावेश और सशक्तिकरण से परिभाषित किया जाना चाहिए। मेरे लिए सच्ची पावर दूसरों को सशक्त बनाना है। भारत को दया, सहानुभूति और सभी जीवों के प्रति सम्मान पर आधारित 'सॉफ्ट पावर' की ज्यादा जरूरत है।' नीता अंबानी ने इस बात पर भी जोर दिया कि लड़कियों को सशक्त बनाने से अंततः देश मजबूत होगा। फॉर्च्यून इंडिया की लिस्ट में नीता अंबानी के बाद रोशनी नाडार मल्होत्रा दूसरे नंबर पर रहीं, जबकि रेड्डी सिस्टर्स- शोभना कामिनेनी, संगीता रेड्डी, प्रीथा रेड्डी और सुनीता रेड्डी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं।

टॉप 15 की लिस्ट में सावित्री जिंदल, प्रीति अडानी, किरण मजूमदार-शॉ, ईशा अंबानी, प्रिया नायर, बेला बजरिया और लीना नायर शामिल रहीं। खास बात ये है कि इस लिस्ट में उनकी बेटी ईशा अंबानी 7वें नंबर पर रहीं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मोस्ट पावरफुल वुमन्स की लिस्ट में 18वें नंबर पर रहीं। उन्होंने महिला नेतृत्व वाले उद्यमों के लिए अधिक इंस्टीट्यूशनल सपोर्ट की मांग की और कहा, ह्यभारत के विकास का अगला चरण इस बात पर निर्भर करता है कि महिलाएं जॉब क्रिएटर बनें।

# बिजनेस शहरों में कॉफी क्रेज, 1200+ कैफे बेंगलुरु में कॉफी स्टार्टअप्स की नई रेस... सेलेब्स कर रहे निवेश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में अब लोग सिर्फ कॉफी नहीं, बेहतर कॉफी की तलाश कर रहे हैं। स्पेशलिटी कॉफी यानी चुनिंदा बीन्स से बनी प्रीमियम कॉफी, जिसकी पहचान उसके स्वाद, गुणवत्ता और बनाने के तरीके से होती है।

इसी बदलती पसंद की वजह से पिछले 10 वर्षों में यह बाजार करीब 11,000 करोड़ तक पहुंच गया है। 2016 के बाद 100 से ज्यादा नए स्पेशलिटी कॉफी ब्रांड शुरू हुए हैं। स्पेशलिटी कॉफी की सबसे बड़ी ताकत मिलेनियल और जेन-जी हैं। यही वर्ग नई चीजें आजमाने, प्रीमियम उत्पादों पर खर्च करने और कैफे को सोशल स्पेस की तरह इस्तेमाल करने में सबसे आगे है। इसी वजह से अब कई सेलेब्रिटीज भी इस बिज नेस में उतर रहे हैं।




विराट कोहली रेज कॉफी में निवेशक और ब्रांड एंबेसडर हैं। ब्रांड को तेजी से बढ़ाने में मदद कर रहे हैं।

### दक्षिण भारत से उत्तर की ओर बढ़ रहा बाजार

बेंगलुरु – 1200 से अधिक कैफे, देश में सबसे ज्यादा यह देश का कॉफी हब है। यहां 1200 से ज्यादा कैफे मौजूद हैं, यानी हर 11 हजार लोगों पर एक कैफे, जो भारत में सबसे अधिक है।

चेन्नई – प्रति व्यक्ति कॉफी की खपत में सबसे आगे यहां प्रति व्यक्ति सालाना करीब 2.4 किलोग्राम कॉफी की खपत होती है, जो देश में सबसे अधिक है। यह देश की फिल्टर कॉफी कैपिटल भी है।

दिल्ली – भविष्य का सबसे तेज बढ़ता कॉफी बाजार बन रहा

यहां कॉफी बाजार 22 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ रहा है, जो बड़े शहरों में सबसे अधिक है। यह भविष्य का सबसे तेज बढ़ता बाजार है।

### बड़ी कॉफी कंपनियों की नजर अब भारत पर

2000 के दशक में कैफे कॉफी डे, स्टारबक्स व कॉस्टा कॉफी ने भारतीयों को कैफे जाने की आदत डाली। अब नई पीढ़ी के ब्रांड्स ने स्पेशलिटी कॉफी को लोकप्रिय बनाया है।

पिछले 10 वर्षों में कम से कम 6 बड़े विदेशी कॉफी ब्रांड भारत आए हैं। कनाडा का टिम हॉर्टन्स (2022) और ग्रीस का कॉफी आइलैंड (2025) इनमें प्रमुख ब्रांड हैं।

**सुझाव मांगे; 70% तक घट सकती हैं कीमतें**

# बिना डेटा वाले मोबाइल रिचार्ज प्लान सस्ते हो सकते हैं, ट्राई ने ड्राफ्ट पेश किया

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बिना डेटा वाले मोबाइल रीचार्ज प्लान सस्ते हो सकते हैं। दूरसंचार नियामक प्राधिकरण इस पर काम कर रहा है। ळफ्अकने दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण विनियम, 2026 का नया मसौदा जारी किया है। इसका मुख्य उद्देश्य है- डेटा नहीं चाहिए, तो उसका पैसा क्यों दें? ट्राई ने इस पर सभी पक्षों से सुझाव मांगे हैं, फिर इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

अभी कंपनियां सीमित समय के लिए ही केवल कॉल- पैक देती हैं। इससे कई ग्राहकों को मजबूरी में डेटा वाला महंगा प्लान लेना पड़ता है। अब ट्राई ने प्रस्ताव दिया है कि कंपनियां जितने दिनों की वैधता जैसे 7, 28, 56 या 84 दिन का डेटा वाला प्लान लाती हैं, उतनी ही अवधि का ह्यकेवल कॉल व एसएमएस वाला प्लान भी लाना होगा।

चूंकि मोबाइल प्लान्स में 50-70% खर्च डेटा का होता है, इसलिए नया नियम लागू होने पर सिर्फ कॉल-रटर वाले प्लान की कीमत आधी से भी कम हो सकती है। उदाहरण के लिए, 300 रुपए का प्लान 100 से 150 रुपए में मिल सकता है। फीचर फोन यूजर्स व बुजुर्गों को, जो डेटा इस्तेमाल नहीं करते। जो दूसरी सिम सिर्फ कॉल के लिए रखते हैं। इसके अलावा जिनके घरों में वाईफाई है। उनके लिए भी ये फायदेमंद रहेगा।

### कंपनियों को नए नियम लागू करने के लिए समय मिलेगा

अंतिम कीमत टेलीकॉम कंपनियां तय करेंगी। नियम बनने के बाद कंपनियों को लागू करने के लिए समय दिया जाएगा। इससे दूरसंचार कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे यूजर्स के लिए सस्ते ऑप्शन मिलेंगे। इस ड्राफ्ट से साफ हो गया है कि ग्राहकों को सही रिचार्ज ऑप्शन नहीं मिल रहे थे, इसलिए सरकार और रेगुलेटर को बीच में आना पड़ा।

# सबसे ताकतवर पासपोर्ट वाले देशों के नागरिक चुका रहे सबसे ज्यादा 57% तक टैक्स

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया में बिना वीसा ज्यादा देशों की यात्रा करने की आजादी भी एक बड़ी कीमत के साथ आती है। ह्यग्लोबल पासपोर्ट इंडेक्स 2026ह्ल बताता है कि दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट रखने वाले देशों के नागरिक सबसे ज्यादा टैक्स भी चुकाते हैं।

रैंकिंग में पहले स्थान पर रहे स्वीडन के साथ फिनलैंड और डेनमार्क जैसे देशों में प्रभावी टैक्स 56-57% तक पहुंच जाता है। इसी टैक्स से वहां मुफ्त शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधाओं का खर्च उठाया जाता है। इंडेक्स में शीर्ष 10 में से 9 स्थान यूरोपीय देशों के पास हैं। स्वीडन पहले, स्विट्जरलैंड दूसरे और फिनलैंड तीसरे स्थान पर हैं। टॉप-10 में शामिल एकमात्र गैर-यूरोपीय देश सिंगापुर है। यानी दुनिया में सबसे ज्यादा यात्रा की आजादी देने वाले पासपोर्ट पर यूरोप का दबदबा है, लेकिन इसके साथ सबसे भारी टैक्स बोझ भी जुड़ा है।

हालांकि पूरे यूरोप की तस्वीर एक जैसी नहीं है। स्विट्जरलैंड और नॉर्वे ऐसे अपवाद हैं, जहां बेहतर जीवन स्तर और मजबूत शासन के साथ अपेक्षाकृत कम प्रभावी टैक्स दरें हैं।




**दावा- इंग्लैंड दौरे के बाद भारत का कोचिंग स्टाफ बदलेगा**

# गंभीर के दो भरोसेमंद कोच हट सकते हैं, फील्डिंग कोच दिलीप पर भी दबाव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो टी-20 सीरीज हारने के बाद भारतीय टीम के सपोर्ट स्टाफ में बदलाव हो सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट और बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल टीम से बाहर हो सकते हैं। दोनों का मौजूदा कॉन्ट्रैक्ट इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद खत्म हो रहा है।

लगातार खराब प्रदर्शन के बाद इउउकटीम और सपोर्ट स्टाफ का रिव्यू करेगा। टीम की खराब फील्डिंग भी बोर्ड की चिंता बढ़ा रही है। भारत ने आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर 10 से ज्यादा कैच छोड़े। ऐसे में फील्डिंग कोच टी. दिलीप को भी हटाया जा सकता है। पिछले साल उन्हें अभिषेक नायर के साथ टीम से बाहर किया गया था, लेकिन बाद में दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई थी।



**बालाजी को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी**- अगर रेयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्कल सपोर्ट स्टाफ से बाहर होते हैं, तो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के नए फास्ट बॉलिंग कोच लक्ष्मीपति बालाजी को श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम के साथ भेजा जा सकता है। भारत अगस्त की शुरूआत में श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा। वहीं, जुलाई के आखिर में जिम्बाब्वे दौरे पर होने वाली टी-20 सीरीज में वीवीएस लक्ष्मण उङ्मए के कोचिंग स्टाफ के साथ टीम इंडिया की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## इंग्लैंड फुटबॉल वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जूड बेलिंगहैम के दो गोल की बदौलत इंग्लैंड ने फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उसने रविवार के पहले मुकाबले में नॉर्वे को एक्स्ट्रा टाइम में 2-1 से हराया। इंग्लैंड 2018 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप के अंतिम-4 में पहुंचा है। मियामी स्टेडियम में खेला गया मुकाबला तय समय तक 1-1 की बराबरी पर रहा। उसके बाद रियल मैड्रिड के स्टार मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम ने टीम के दोनों गोल किए। विजयी गोल एक्स्ट्रा टाइम के तीसरे मिनट में हराया।

## लिंडा नोस्कोवा बनीं विंबलडन चैंपियन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चेक रिपब्लिक की 21 साल की टेनिस खिलाड़ी लिंडा नोस्कोवा ने विंबलडन 2026 का विमेंस सिंगल्स खिताब अपने नाम कर लिया है। ऑल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट पर खेले गए फाइनल मुकाबले में नौवीं सीड नोस्कोवा ने अपनी ही हमवतन और पेरिस ओलिंपिक की डबल्स पार्टनर कैरोलीना मुहोवा को शिकस्त दी। विंबलडन के इतिहास में यह पहली बार था जब दो चेक खिलाड़ियों के बीच फाइनल मैच खेला गया। इस जीत के साथ ही नोस्कोवा को करीब 38.5 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिली और वे अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 7वीं रैंकिंग पर पहुंच जाएंगी। लिंडा नोस्कोवा पिछले चार सालों में विंबलडन महिला सिंगल्स का खिताब जीतने वाली तीसरी चेक खिलाड़ी बन गई हैं।

# भारत सीरीज हारा, बटलर और ब्रूक की रिकॉर्ड साझेदारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंग्लैंड ने पांचवे टी-20 मैच में भारत को 56 रन से हरा दिया। टीम इंडिया पहली बार किसी सीरीज या टूर्नामेंट में 4 मैच हारी है। इंग्लिश टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 257 रन बनाए। यह भारत के खिलाफ किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर भी है।




साउथैम्पटन में मुकाबला आधे घंटे से देरी से शुरू हुआ। दरअसल भारतीय टीम ट्रैफिक में फंस गई थी। इस वजह से 7 बजे शुरू होने वाला मैच 7:30 बजे स्टार्ट हुआ। इंग्लैंड ने टी-20 में भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम ने 3 विकेट पर 257 रन बनाए। इससे पहले भी यह रिकॉर्ड इंग्लैंड के ही नाम था। टीम ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में वानखेड़े स्टेडियम में 246/7 का स्कोर बनाया था। हालांकि यह मैच भारत ने जीता था। भारत को किसी टी-20 सीरीज या टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा हार मिली। टीम 4 मैच हार गई। इससे पहले भारत किसी भी सीरीज या टूर्नामेंट में 3 से ज्यादा मैच नहीं हारा था। हैरी ब्रूक ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 229 रन बनाए। वे भारत के खिलाफ किसी बाइलेट्रल सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने 2022 में भारत के खिलाफ 3 मैचों में 184 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने साउथैम्पटन में 17 छक्के लगाए।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन फोन: 7869850570 9827832632

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**आवश्यकता है**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क 9827820470

**आवश्यकता है**
टाइपिस्ट की आवश्यकता है समय रात्रि 7:30 से 10:30 तक वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क करें एडवोकेट विजय पटेल मीणा समाज धर्मशाला काजीपुरा अंकपत मार्ग उज्जैन मोबाइल- 9301322699

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार (समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह ।
सीधे आनर से संपर्क करें । 9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री 8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698 Head Master Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर के चार थाना क्षेत्रों में सिलसिलेवार लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने एक के बाद एक चार से अधिक लोगों को निशाना बनाया था। वारदातें सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बाद पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी। डीसीपी जोन-2 अमन राठौर की टीम ने कनाड़िया, लसूडिया, आजाद नगर सहित एक अन्य थाना क्षेत्र में हुई सीरियल लूट की घटनाओं का खुलासा करते हुए अजय और सन्नी टूटेजा को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने करीब पांच दिन पहले अलग-अलग स्थानों पर महिलाओं से मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम दिया था। घटनाओं के बाद दोनों फरार हो गए थे। कनाड़िया और लसूडिया थाना पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों ने अपने शौक पूरे करने और नशे की लत के चलते लगातार वारदातें की थीं। लूटे गए मोबाइल बेचने के लिए वे ग्राहक की तलाश कर रहे थे।

### मामूली विवाद के बाद पत्थर से सर पर हमलाकर बेटे ने पिता की हत्या कर दी

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले के जोबट थाना क्षेत्र के ग्राम कंदा में रविवार को मामूली विवाद खूनी वारदात में बदल गया। बेटे ने गुस्से में अपने ही पिता के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम कंदा के मसानिया फलिया निवासी राईसिंग मसानिया (60) और उनके बेटे वेस्ता मसानिया (38) के बीच रविवार को किसी बात को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने पर बेटे ने पास पड़ा पत्थर उठाकर पिता के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से पिता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही जोबट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोबट भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों के बयान दर्ज कर रही है।

### रसोइयों की कुकिंग प्रतियोगिता में 30 समूहों ने दिखाई पाक-कला, विजेता को मिले 5 हजार

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के पेटलावद स्थित सांदीपनि स्कूल में शनिवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत रसोइया सह-सहायकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण और कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के 15 संकुलों से आए 30 स्व-सहायता समूहों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजनों की आकर्षक प्रस्तुति देना था, जिसकी थीम विकसित भारत-2047 और स्वास्थ्य पर केंद्रित रखी गई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष रमेश सोलंकी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हेमंत भट्ट, नायब तहसीलदार अंकिता भिड़े और जिला एमडीएम प्रभारी दीपिका रावत सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। बीआरसी रेखा गिरि स्वामी ने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में समूहों द्वारा तैयार व्यंजनों का मूल्यांकन उनकी गुणवत्ता, पोषण मूल्य, स्वच्छता, स्वाद और प्रस्तुतीकरण के आधार पर निर्णायकों द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्व-सहायता समूहों को प्रमाण-पत्र और नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

### शिवगंगा पौधा वितरण अभियान, 6 हजार परिवारों को देंगे 90 हजार फलदार वृक्ष

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के धरमपुरी में शिवगंगा समग्र ग्राम विकास परिषद द्वारा पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने क्षेत्र में पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में हुए बदलावों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कभी पानी की भारी किल्लत झेलने वाला यह इलाका आज शिवगंगा के प्रयासों और सामुदायिक सहभागिता से हरा-भरा और समृद्ध हो रहा है। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में 'हलमा' परंपरा के माध्यम से किए गए जल संरक्षण और कंटूर निर्माण (खेतों की मेढ़बंदी) जैसे कार्यों को सराहा। उन्होंने बताया कि शिवगंगा के इन सफल जमीनी मॉडलों को देखने के लिए देश के प्रतिष्ठित आईआईटी और मेडिकल संस्थानों के विशेषज्ञ भी झाबुआ आ रहे हैं। इस वर्ष के लक्ष्य को लेकर संस्था ने बताया कि 8 जुलाई से 30 जुलाई तक जिले में 6 हजार परिवारों को 90 हजार पौधे वितरित करने का अभियान चलाया जा रहा है।

### शराब ठेकेदार के घर देर रात पथराव, 10 से 15 हमलावरों ने गाड़ियों पर बरसाए पत्थर

**धार।** कैलाश नगर में शराब ठेकेदार विकास ठाकुर के घर पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 2.30 बजे पथराव की घटना हुई। पिकअप वाहन में सवार होकर आए 10 से 15 अज्ञात बदमाशों ने मकान और बाहर खड़ी गाड़ियों पर ताबड़तोड़ पत्थर बरसाए। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पथराव में मकान की बाउंड्री गैलरी के कांच टूट गए। वहीं बाहर खड़ी फॉर्च्यूनर और महिंद्रा बोलेरो भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। विकास ठाकुर का आरोप है कि यह हमला पुरानी रंजिश का नतीजा है। उनके अनुसार, 7 और 8 जुलाई की दरमियानी रात सरदारपुर स्थित उनकी शराब दुकान पर भी तोड़फोड़, कर्मचारियों से मारपीट और लूटपाट हुई थी। उस मामले में शिकायत दर्ज होने के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था, लेकिन उसके कुछ समय बाद ही उनके घर पर हमला कर दिया गया।

### 51 हजार पौधे बांटते हुए निकाली तुलसी यात्रा, लोगों ने बरसाए फूल

**धार।** धार शहर में शनिवार को प्रकृति संरक्षण और सनातन संस्कृति के संवर्धन के उद्देश्य से एक तुलसी यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के माध्यम से 51 हजार तुलसी के पौधे वितरित किए गए। इसमें संत-महात्माओं, विभिन्न समाजों और हजारों लोगों ने भाग लिया। यात्रा की शुरूआत धारेश्वर मंदिर में विशेष पूजन और अभिषेक के साथ हुई। महामंडलेश्वर नरसिंहदासजी महाराज, महंत श्यामदासजी महाराज, महंत कृष्णदासजी महाराज, महंत जीवनदासजी महाराज सहित 12 से अधिक संत-महात्माओं के सानिध्य में यात्रा ने नगर भ्रमण किया। भजनों और अखंड रामधुन संकीर्तन के बीच निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और समाजसेवी शामिल हुए। यात्रा के संयोजक एवं संकल्पकर्ता नवनीत जैन ने बताया कि अभियान के तहत 51 हजार तुलसी के पौधों का वितरण किया जा रहा है। शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटी-छोटी तुलसी यात्राओं और आयोजनों के माध्यम से लोगों तक पौधे पहुंचाए जा रहे हैं।

### खरीदारी के बहाने ले जाकर शादी से बचने के लिए प्रेमी ने प्रेमिका का गला घोंटा

**धार।** धार के तुर्क बगड़ी बायपास स्थित नाले में 10 जुलाई को मिले 45 वर्षीय मंजूबाई के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया है कि महिला की हत्या उसके प्रेमी ने की थी। पुलिस के मुताबिक, मंजूबाई आरोपी पर शादी का दबाव बना रही थीं। इससे बचने के लिए आरोपी उन्हें कटलरी का सामान खरीदने के बहाने इंदौर ले गया। वहां गला घोंटकर हत्या कर दी और पहचान छिपाने के इरादे से शव धार के तुर्क बगड़ी बायपास स्थित कृषि फार्म के पास पानी से भरे गड्ढे में फेंक दिया। पुलिस ने हत्या के आरोप में सोडपुर निवासी रमेश उर्फ दुबलिया को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, मंजूबाई अपने पति की मौत के बाद इंदौर के धरमपुरी निवासी पप्पू असरेट के साथ किराए के मकान में रह रही थीं। इसी दौरान उनकी पहचान रमेश उर्फ दुबलिया से हुई और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। पुलिस जांच में सामने आया है कि मंजूबाई लगातार आरोपी पर शादी करने का दबाव बना रही थीं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी रमेश मंजूबाई को रानीपुरा, इंदौर से कटलरी का सामान खरीदने का कहकर अपने साथ ले गया। रास्ते में उसने उनकी गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को धार के तुर्क बगड़ी बायपास स्थित कृषि फार्म के पास सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में फेंक दिया था।

---

इंदौर में सामने आए हाई-प्रोफाइल ड्रग्स तस्करी मामले में क्राइम ब्रांच की एंट्री, जांच अब और तेज होती जा रही, एक महिला को भी भेजा नोटिस

# गुजरात कनेक्शन की जांच तेज, नाना पटवारी से दोबारा पूछताछ की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में सामने आए हाई-प्रोफाइल ड्रग्स तस्करी मामले की जांच अब और तेज होती जा रही है। दो दिन पहले कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई कुलभूषण उर्फ नाना पटवारी से लंबी पूछताछ हुई थी। अब इस मामले में इंदौर क्राइम ब्रांच भी सक्रिय हो गई है।

पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त जांच में ड्रग्स नेटवर्क के तार गुजरात से जुड़े होने के संकेत मिले हैं, जिसके बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। सूत्रों के अनुसार शुरूआती जांच में ड्रग्स की सप्लाई चेन और वित्तीय लेन-देन का संबंध गुजरात से जुड़ा पाया गया है। इसके आधार पर क्राइम ब्रांच ने इंदौर और गुजरात के कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें पूछताछ के लिए तलब करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जांच एजेंसियां कुलभूषण उर्फ नाना पटवारी से दोबारा पूछताछ की तैयारी कर रही हैं। इस बार उनके संपर्क में रही एक महिला को भी नोटिस जारी कर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है। अधिकारियों को उम्मीद है कि दोनों के बयानों से ड्रग्स नेटवर्क के संचालन और उससे जुड़े लोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।



#### तस्करों के खुलासे के बाद बढ़ी जांच

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में 10.1 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए आरोपी इरफान उर्फ गोलू चंदेरी और रॉनी भाई ने पूछताछ के दौरान नाना पटवारी का नाम लिया था। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर आरोपियों के आमने-सामने बैठाकर कई घंटे तक पूछताछ की थी। प्रारंभिक बयान और तथ्यों के सत्यापन के बाद उन्हें घर जाने की अनुमति दी गई, लेकिन जांच लगातार जारी है।

#### सप्लाई चेन और फंडिंग पर फोकस

- क्राइम ब्रांच अब इस पूरे ड्रग्स नेटवर्क के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की पड़ताल कर रही है। जांच का मुख्य फोकस यह पता लगाना है कि मादक पदार्थों की खेप कहां से आ रही थी, इसके पीछे कौन लोग हैं और इसका वित्तीय नेटवर्क कैसे संचालित हो रहा था।
- अधिकारियों का कहना है कि ड्रग्स तस्करी से जुड़े पूरे सिंडिकेट का पदार्फाश करने के लिए हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। यदि जांच में नए तथ्य सामने आते हैं तो मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# छात्र आंदोलन में शामिल होने इंदौर आ सकते हैं कॉकरोच जनता पार्टी के अभिजीत दीपके

### नीट पेपर लीक और 23 सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में नीट पेपर लीक और 23 सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रों का अनिश्चितकालीन धरना लगातार 11वें दिन भी जारी है। आंदोलन को और तेज करते हुए छात्रों ने 14 जुलाई को महाआंदोलन का ऐलान किया है।

नीट पेपर लीक मामले समेत 23 सूत्रीय मांगों को लेकर इंदौर में छात्रों का अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी है। अब आंदोलन को और व्यापक बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। छात्रों ने 14 जुलाई को बड़े महाआंदोलन का ऐलान किया है। इसके लिए जमीनी स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। छात्रों के आंदोलन को अब कॉकरोच जनता पार्टी का भी समर्थन मिला है। पार्टी के प्रमुख अभिजीत दीपके ने टंट्या भील चौराहे पर




धरने पर बैठे छात्रों से वीडियो कॉल के जरिए बातचीत की। इस दौरान उन्होंने छात्रों का हौसला बढ़ाया और 14 जुलाई को प्रस्तावित महाआंदोलन में स्वयं शामिल होने की संभावना जताई। टंट्या भील चौराहे पर चल रहे इस धरने को 11 दिन से अधिक हो चुके हैं। इसके बावजूद छात्रों का उत्साह कम नहीं हुआ है। हर दिन नए छात्र आंदोलन से जुड़ रहे हैं, जबकि कई छात्र पहले दिन से ही धरना स्थल पर डटे हुए हैं। आंदोलन को अब प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

## 12 साल पुराने पिंटू हत्याकांड में दो को उम्रकैद की सजा

### मुख्य आरोपी ने पिस्टल से मारी थी गोली तीन आरोपी सबूतों के अभाव में बरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बाणगंगा थाना क्षेत्र में 2013 में हुए देवेंद्र उर्फ पिंटू हत्याकांड में करीब 12 साल बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया। अपर सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार शर्मा ने मुख्य आरोपी जितेंद्र उर्फ जेडी और सचिन कुशवाह उर्फ कबाड़ी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

वहीं, सबूतों के अभाव में बबलू ठाकुर उर्फ प्रेम, चंदन उइके और गोलू उर्फ आनंद को बरी कर दिया गया। कोर्ट ने माना कि जितेंद्र उर्फ जेडी ने अवैध पिस्टल से देवेंद्र उर्फ पिंटू की गोली मारकर हत्या की थी। जांच के दौरान बरामद पिस्टल और घटनास्थल से मिली गोली की फोरेंसिक जांच में भी पुष्टि हुई कि हत्या इसी हथियार से की गई थी। कोर्ट ने यह भी माना कि सचिन कुशवाह वारदात के समय जितेंद्र के साथ था और हत्या की साजिश में शामिल था। कोर्ट ने जितेंद्र उर्फ जेडी को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही आर्म्स एक्ट की धाराओं 25 और 27 के तहत भी अलग-अलग सजा दी गई। सचिन कुशवाह को हत्या की साजिश और हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। दोनों पर जुमार्ना भी लगाया गया है। फैसले में कोर्ट ने कहा कि हत्या गंभीर अपराध है, लेकिन यमामला ह 'विरलतम से विरल' श्रेणी में नहीं आता। इसलिए मृत्युदंड के बजाय आजीवन कारावास की सजा उचित है। देवेंद्र उर्फ पिंटू की वर्ष 2013 में बाणगंगा थाना क्षेत्र में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## सीनियर नेशनल डाइविंग में इंदौर की पलक ने 3 स्वर्ण सहित 4 पदक जीते

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महू

गोताखोरी टीवी पर देखने में जितना रोमांचक लगता है, हकीकत में उतना ही जोखिम भरा है। चौथे माले की ऊंचाई (10 मीटर हाई बोर्ड) से जब खिलाड़ी कूदता है, तो शरीर का संतुलन जरा सा भी बिगड़ने पर पानी की मार किसी पत्थर की तरह लगती है।

इंदौर की स्टार डाइवर पलक शर्मा ने इस डर और चोटों को मात देकर तमिलनाडु में आयोजित सीनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया। उन्होंने रेलवे का प्रतिनिधित्व करते हुए एक ही नेशनल स्पर्धा में रिकॉर्ड 4 पदक (3 स्वर्ण और 1 रजत) अपने नाम किए।

सीनियर नेशनल के इतिहास में एक साथ 4 मेडल जीतने वाली वे इंदौर की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। पलक के इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय रेलवे ने टीम स्पर्धा में भी पहला स्थान हासिल किया।

पलक ने बताया, डाइविंग बहुत रिस्की है। 6 महीने पहले ही प्रैक्टिस के दौरान मेरा कंधा चोटिल हो गया था, जिससे उबरने में दो महीने लगे। सिंक्रो स्पर्धा में भी ऋतु के साथ पदक अपने नाम किए तमिलनाडु में खेली गई इस स्पर्धा में पलक ने 10 मीटर हाई बोर्ड (व्यक्तिगत) में 169.65 अंक हासिल कर पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 1 मीटर स्प्रिंग बोर्ड स्पर्धा में भी शानदार प्रदर्शन किया और 157.40 अंकों के साथ रजत पदक (सिल्वर) अपने नाम किया। पलक ने ऋतु की जोड़ी के साथ सिंक्रो स्पधाओं में भी अपना दबदबा बनाया। दोनों ने दो और स्वर्ण पदक जीते।

# इंदौर में एएसआई के बेटे ने किया सुसाइड

### महिला से प्रताड़ित ठेकेदार ने लगाई फांसी, अलग-अलग मामलों में तीन लोगों ने की आत्महत्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

छत्रीपुरा इलाके की पुलिस लाइन में रहने वाले एक एएसआई के बेटे ने जहर खाकर जान दे दी। रविवार को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर भिंड रवाना हो गए।



छत्रीपुरा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक आदित्य (18) पिता ब्रजेश कुमार है। वह स्कूल की पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने बताया कि आदित्य ने 10 जुलाई की दोपहर जहर खा लिया था। तबीयत बिगड़ने पर सबसे पहले उसकी मां ने उसे देखा और बाद में पिता को इसकी जानकारी दी। इसके बाद आदित्य को यूनिक अस्पताल ले जाया गया, जहां शनिवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आदित्य के पिता पुलिस लाइन में एएसआई के पद पर पदस्थ हैं। परिवार में माता-पिता के अलावा उसका एक छोटा भाई भी है। परिवार मूल रूप से भिंड का रहने वाला है।

**महिला बना रही थी शादी का दबाव-** कनाड़िया पुलिस के मुताबिक भूरी टेकरी आईडीए बिल्डिंग निवासी 36 वर्षीय भीम सिंह चौहान, पिता नानकराम चौहान, ड्रेनेज लाइन डालने का ठेका लेते थे। रविवार सुबह उनकी पत्नी ने उन्हें कमरे में फंदे पर लटका देखा और नीचे रहने वाले छोटे भाई अरुण को सूचना दी। इसके बाद परिजन शव को नीचे उतारकर एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। अरुण ने पुलिस को बताया परिवार पिछले तीन साल से यहां रह रहा है। सामने रहने वाली एक महिला से भीम सिंह की बातचीत थी। वह लगातार शादी करने और साथ रहने का दबाव बना रही थी। भीम सिंह पहले से शादीशुदा थे और उनके तीन बच्चे हैं। पिता भी भाई के परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि महिला भी एक बच्चे की मां है। भीम सिंह के इनकार के बावजूद वह लगातार दबाव बना रही थी, जिससे वह पिछले करीब 10 दिनों से तनाव में थे। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

**सिलावटपुरा में युवक ने लगाई फांसी-** छत्रीपुरा थाना क्षेत्र के सिलावटपुरा निवासी 25 वर्षीय प्रियांशु राठौर, पिता वीरेंद्र राठौर, ने शनिवार रात घर में फांसी लगा ली। पुलिस के मुताबिक देर रात मां ने आवाज लगाई, लेकिन काफी देर तक कोई जवाब नहीं मिला। कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे पर लटका मिला। प्रियांशु कपड़ों की दुकान पर काम करता था। परिवार में माता-पिता और एक भाई हैं। बड़े पिता का परिवार भी साथ रहता है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## राजवाड़ा से गूंजा हरियाली का संकल्प, लोगों ने किया वादा एक पेड़ मां के नाम लगाने का

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एक पेड़ में के नाम अभियान को इंदौरवासियों का काफी समर्थन मिल रहा है। शनिवार को राजवाड़ा पर आयोजित विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम में काफी संख्या में नागरिकों ने हस्ताक्षर कर अपनी मां के नाम एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों ने भाग लिया। लोगों ने न केवल हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया, बल्कि निःशुल्क पोहा और चाय का आनंद लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाया। अभियान के दौरान एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा मामा स्वयं लोगों के बीच पहुंचे। उन्होंने नागरिकों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया और अपने खुद पोहा परोसा। साथ ही सभी से अपनी मां के नाम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल का संकल्प लेने का आग्रह किया। मंत्री विजयवर्गीय ने भी कार्यक्रम का उत्साहवर्धन किया और लोगों को अपने हाथों से पोहे दिए। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 21 घंटे तक लगातार चलने वाला संगीतमय जन-जागरूकता अभियान रहा। इस दौरान मनीष शर्मा और राजू शर्मा ने प्रेरणादायक गीत ह्यएक अलख जगाउंगा, अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाऊंगा प्रस्तुत कर नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

## युवती ने लगाया दोस्त पर छेड़छाड़ का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हीरानगर थाना पुलिस के मुताबिक, फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली युवती ने अपने दोस्त अवनीश यादव के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया है। युवती ने बताया कि वह पिछले चार साल से इंदौर में रह रही है। करीब एक साल पहले एक निजी कॉल सेंटर में इंटरव्यू के दौरान उसकी अवनीश से पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों की इंस्टाग्राम पर बातचीत होने लगी।

युवती के अनुसार, 9 जून को अवनीश ने व्हाट्सएप पर उसका पता पूछा। सामान्य बातचीत के चलते उसने पता बता दिया। कुछ देर बाद अवनीश उसके कमरे पर पहुंच गया। जब वह किचन में चाय बना रही थी, तब आरोपी पीछे से आया और गलत तरीके से छूने लगा। विरोध करने पर उसने आरोपी को धक्का देकर कमरे से बाहर निकाल दिया।

पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद वह मानसिक रूप से परेशान हो गई और तबीयत खराब होने पर अपने घर चली गई। इंदौर लौटने के बाद उसने शनिवार को हीरानगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**स्कूल जाते समय महिला का रास्ता रोका-** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक शादीशुदा महिला ने अंकित पुत्र अशोक साहनी निवासी नंदबाग के खिलाफ छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसके इलाके में रहता है और काफी समय से उसका पीछा कर बात करने का दबाव बना रहा था।


सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
एं.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com